# मत्री ग्रामीण विकास विभाग की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं पर हुई समीक्षा बैठक

● धर्मेन्द्र सिंह

श्रवण कुमार मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की अद्यतन कार्य प्रगति एवं उपलब्धि पर समीक्षात्मक बैठक जिला परिषद सभागार में आहूत की गई। बैठक में सर्वप्रथम डीएम तुषार सिंगला द्वारा मंत्री को पौधा अर्पण कर उनका स्वागत किया गया। उप विकास आयुक्त, स्पर्श गुप्ता के द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं उपलब्धि से मंत्री को अवगत कराया गया। मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आधार सीडिंग, प्रधानमंत्री आवास योजना में भुगतान, शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण, वृक्षारोपण, अमृत सरोवर, जल जीवन हरियाली अभियान, कचरा प्रबंधन, ओडीएफ, प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट गोवर्धन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस, मुख्यमंत्री ग्राम आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्राम आवास सहायता योजना, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता योजना, जीविका,सतत जीविकोपार्जन योजना की प्रगति एवं उपलब्धि की विस्तृत समीक्षा किया गया। जिलांतर्गत प्रगति संतोषजनक पाया गया। जल जीवन हरियाली की समीक्षा के क्रम में माननीय मंत्री द्वारा सार्वजनिक कुआं का जीर्णोद्धार, सोख्ता का निर्माण कराया गया है, उसकी स्थलीय जांच करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया।



एलएसबीए के तहत शौचालय एवं आवास निर्माण के भुगतान की समीक्षा के दौरान संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिस लाभुक का शौचालय एवं आवास निर्माण पूर्ण हुआ है और भुगतान नहीं हुआ है, उसका भुगतान निर्धारित समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें। संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि हाउस होल्डर का सर्वे करें। व्यक्तिगत तथा सामुदायिक शौचालय निर्माण की जांच करें और जहां जरूरत है वहां निर्माण करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिस लाभुकों को प्रथम एवं द्वितीय तथा तृतीय किस्त भुगतान राशि का गैपिंग है उसे निर्धारित समय के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में माननीय मंत्री ने कहा है कि ऐसी संभावना हो सकती है कि लाभुको द्वारा शौचालय निर्माण की राशि लेकर शौचालय नहीं बनवाया हो, इसकी जांच करें और कार्रवाई की जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि जिनके घरों में शौचालय नहीं है, उनको प्राथमिकता देकर शौचालय निर्माण करवाएं। लाभुको के घर जाकर जांच करें और दोहरे भुगतान प्राप्त करने वाले लाभुक को चिन्हित करें। इंदिरा आवास के लाभुको, जिनका आवास अबतक पूर्ण नहीं है, इनकी इच्छा अनुसार उनको बैंक लोन दिलवाकर आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री ग्राम आवास योजना एवं आवास सहायता योजना, मुख्यमंत्री आवास स्थल क्रय सहायता योजना के लंबित कार्यों को निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान जीविका डीपीएम द्वारा बताया गया कि जिला में स्वयं सहायता समूह की संख्या 18391है। इसमें 18131 के पास बचत खाता है।

सतत् जीविकोपार्जन योजना की समीक्षा के क्रम में डीपीएम जीविका द्वारा बताया गया कि चयनित परिवारों की संख्या 2402 है। उसमे 2135 लाभान्वित परिवार है। देसी शराब के उत्पादन

किशनगंज बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार की आगमण पर जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक मुजाहिद आलम की अध्यक्षता में शनिवार को भव्य बैठक आयोजित की गई। जदयू कार्यालय स्थानीय इंसान स्कूल रोड में जिला कमेटी के सभी सदस्य सभी जिला अध्यक्ष सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष उपस्थित थे। जिनमें बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बिहार सरकार नौशाद आलम, पूर्व विधान पार्षद सह प्रमंडलीय संगठन प्रभारी पूर्णिया भूमि पाल राय पूर्व विधायक सह प्रदेश महासचिव सबाजफर संगठन प्रभारी किशनगंज-सह-प्रदेश महासचिव, पूर्व जिलाध्यक्ष अररिया नौशाद आलम, नूरुद्दीन खान, अमरेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रोफेसर बुलंद अख्तर हाशमी, फिरोज अंजुम, रियाज अहमद, एहतेशाम अंजुम, आरिफ आलम, डा. नजीरुल इस्लाम, निजामुद्दीन, बलराम दास, डा. नूर आलम, बंटी सिन्हा, शाहिद आलम, दानिश इकबाल, सुफियान आलम, मुजफ्फर आलम, नुरुल इस्लाम, सुखी टुडू, मुमताज, हरिहर पासवान, कश्मीरी बेगम, फातमा बेगम, जियाउर रहमान, अनिसुर रहमान, सगीर खान सहित अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक मुजाहिद आलम कर रहे हैं। मंच संचालन प्रहलाद सरकार जो प्रमंडलीय संगठन प्रभारी भागलपुर हैं कर रहे थे। इसके अलावे सैकड़ौ कार्यकर्ता और समर्थक और कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे।

एवं बिक्री में पारंपरिक रूप से जुड़े अत्यंत निर्धन परिवारों की कुल संख्या 2160 है, जिसका सत्यापन करते हुए सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत योग्य परिवार 217 को वित्तीय सहायता दिया गया है। जीविका के कार्यों की समीक्षा में मंत्री ने निराशा व्यक्त करते हुए सुधार की आवश्यकता बतलाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जीविका का उत्पाद बढ़ाएं और इनके बिक्री हेतु कार्य योजना पर आगे बढ़ें। सदर अस्पताल में संचालित दीदी की रसोई में जीविका का ही उत्पाद के प्रयोग पर बल दिया। जीविका को हस्तांतरित 4 तालाब में मत्स्य पालन तथा इसकी बिक्री प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। मछली बिक्री के लिए उचित बाजार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी जिंदा मछली उपलब्ध हो सके। इसके लिए सरकार द्वारा वाहन की सुविधा दी जाएगी। उक्त तालाबों का संचालन जीविका दीदियों के स्तर से ही होगा। मंत्री ने निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था को कि मत्स्य उत्पादको को सालो भर बाजार मिले। मत्स्य पालन, बिक्री में जीविका दीदी सक्रिय भूमिका में रहें। आधार सीडिंग की समीक्षा के दौरान मंत्री द्वारा संबंधित पदाधिकारी को आधार सीडिंग का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सतत् जीविकोपार्जन योजना से अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को जोड़ने तथा जीविका को और आगे बढ़ाने का निर्देश डीपीएम जीविका को दिया गया। एलएसबीए अंतर्गत स्वच्छता के कार्यों पर भी माननीय मंत्री ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि स्वच्छता कार्य में ढिलाई बरतने पर कर्मियो के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सामुदायिक शौचालय को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड और मनरेगा कार्यों की समीक्षा में माननीय मंत्री ने खेल मैदान निर्माण करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मजदूरों के द्वारा काम मांगने पर उन्हें अवश्य काम दें परन्तु जो लोग काम पर नहीं आ रहें हैं उनके बारे में भी पता करें कि क्या कारण है कि वे अनुपस्थित हैं। कार्यो को गहन समीक्षा की गई। मंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग को गरीबों के लिए बताया और पदाधिकारियों को लोगो से अच्छे व्यवहार करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कई उदाहरण देकर रूट लेवल पर जाकर कार्य करने पर जोर दिया। बैठक के अंत में डीएम तुषार सिंगला के द्वारा जिला के मुख्य उत्पाद को जुट के थैले में माननीय मंत्री को भेंट किया गया। थैले में जीविका उत्पादित मसाला,अनानास, किशनगंज की चाय इत्यादि को डाला गया था। माननीय मंत्री द्वारा उत्पाद की पैकिंग की सराहना की गई। बैठक में डीएम, डीडीसी, डायरेक्टर डीआरडीए, डीपीआरओ, डीईओ, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी पीओ मनरेगा , डीपीएम जीविका, जिला समन्वयक, जिला सलाहकार, प्रखंड समन्वयक एल. एस. बी. ए., कार्यपालक अभियंता विद्युत एवं संबंधित अन्य पदाधिकारिगण उपस्थित थे।●

# हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए समय पर इलाज जरूरी

● **धर्मेन्द्र सिंह**

सूबे में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विकास और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सरकार कृत संकल्पित है। जिले में लोगों को बेहतर और समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर जहां प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह सजग और कटिबद्ध है। जिसे सार्थक रूप देने के लिए सात निश्चय योजना की पहल पर जिले के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का पूरी तरह नि:शुल्क इलाज कराया जा रहा है। इसी कड़ी में हृदय संबंधी रोग से ग्रसित जिले के 14 बच्चों को इलाज के लिये पटना भेजा गया है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित बाल हृदय योजना के तहत इन बच्चों का नि:शुल्क इलाज होना है। जिले में हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिये इंदिरा गांधी इंस्टीच्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी पटना में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जायेगा। बच्चों के इलाज से लेकर बच्चे व अभिभावकों के आने जाने सहित तमाम खर्च सरकार द्वारा वहन की जाएगी। सदर अस्पताल से एम्बुलेंस से भेजने के क्रम में सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. अनवर आलम आदि उपस्थित थे। डा. अनवर हुसैन ने बताया, हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के स्थाई निजात के लिए समय पर इलाज शुरू कराना जरूरी है। अन्यथा, परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, उन्होंने बताया, जिन बच्चों के होठ कटे हैं, उसका 03 सप्ताह से 03 माह के अंदर, जिसके तालु में छेद (सुराग) है, उसका 06 से 18 माह एवं जिसका पैर टेढ़े-मेढ़े हैं, उसका 02 सप्ताह से 02 माह के अंदर शत-प्रतिशत सफल इलाज संभव है। इसलिए, जो उक्त बीमारी से पीड़ित बच्चे हैं, उसके अभिभावक अपने बच्चों का आरबीएसके टीम के सहयोग से समय पर मुफ्त इलाज शुरू करा सकते हैं। वहीं, उन्होंने बताया, जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित बच्चे को सांस लेने में परेशानी होती है। हमेशा सर्दी-खांसी रहती है। चेहरे, हाथ, होंठ नीला पड़ने लगते हैं। जिसके कारण गंभीर होने पर बच्चों के दिल में छेद हो जाती है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक डा. शर्मा ने बताया कि योजना के तहत 0 से 18 साल के बच्चों में होने वाले कुल 44 रोगों के नि:शुल्क इलाज का प्रावधान है। इसमें चर्मरोग, दांत व आंख संबंधी रोग, टीबी, एनीमिया, हृदय संबंधी रोग, श्वसन संबंधी रोग, जन्मजात विकलांगता, बच्चे के कटे होंठ व तालू संबंधी रोग शामिल हैं। बीमार बच्चों को चिह्नित करने के लिये आरबीएसके टीम द्वारा जरूरी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। सिविल सर्जन डा. कौशल किशोर ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विभिन्न रोग से ग्रसित 0 से 18 साल के बच्चों के लिये इलाज की व्यवस्था है। इसमें बाल हृदय योजना भी शामिल है। इस योजना के तहत हृदय में छेद सहित विभिन्न तरह के हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के नि:शुल्क इलाज का इंतजाम है। रोगग्रस्त बच्चों का पहले विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जरूरी जांच की जाती है। फिर जरूरी पड़ने पर उन्हें बेहतर चिकित्सा संस्थान भेजा जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में आने वाला खर्च सरकार वहन करती है। आम लोगों को सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिये।●



# श्रमिक माता-पिता के साथ रह रहे बच्चो की समुचित व्यवस्था लागू हो : चक्रपाणि

● धर्मेन्द्र सिंह

किशनगंज जिले के परिसदन हॉल में बाल श्रम उन्मूलन विमुक्त एवं पुनर्वास विषय पर समीक्षात्मक बैठक में बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग अध्यक्ष डा. चक्रपाणि हिमांशु ने श्रम अधीक्षक, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी एवं अन्य विभाग पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक बालक के शिक्षा मौलिक अधिकार हैं, इसलिए शिक्षा विभाग 6 से 14 वर्ष के आयु के सभी बच्चों को विद्यालय जाने के लिए प्रारंभिक शिक्षा मुक्त है। शिक्षा से खुलता है तरक्की का दरवाजा! बाल श्रम उन्मूलन से गुजरता है विकास का रास्ता! बाल श्रम करना संज्ञा अपराध है। बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र बच्चे कार्य लेना दंडनीय अपराध है 14 से 18 वर्ष के किशोर से खतरनाक नियोजन जैसे ईट भट्ठा खानों इत्यादि  जगह पर काम लेना दंडनीय अपराध है। बाल श्रम करवाते पकड़े गए तो कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो 20000 से 50000 तक जुर्माना या 6 से 2 साल तक का कारावास होगा। सरकारी कर्मियों के यहां पकड़े गए तो विभागीय कार्यवाही किया जाएगा। बाल श्रम शब्द समाज के लिए कलंक है, बाल श्रम गरीबी आर्थिक स्तर पर पिछड़ा रहना एवं शिक्षा का परिणाम है। बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य वंचित करता है। विमुक्त बाल श्रमिकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। बाल श्रमिक आयोग के प्रभावी प्रवर्तन द्वारा खतरनाक कार्यों में लगे बाल श्रमिकों को नियुक्त करना। बाल श्रमिकों की पहचान के लिए सर्वेक्षण करना, विमुक्त बाल श्रमिकों को विशेष विद्यालय में नामांकन करा कर औपचारिक या अनौपचारिक शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना। अन्य राज्यों से विमुक्त बाल श्रमिकों की घर सुनिश्चित किया जाता है। विमुक्त बाल श्रमिकों के माता-पिता इंदिरा आवास, राशन कार्ड, निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा देने की बात राज्य सरकारी योजना 2017 में की गई है, परवरिश योजना का लाभ दिलाया जाता है। श्रमिकों को श्रम संसाधन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराकर सरकार द्वारा मिलने वाली सभी योजनाओं को लागू किया जाए क्योंकि जब तक श्रमिकों की स्थिति अच्छी नहीं बाल श्रम पर रोक नहीं लगेगा न्यूनतम 5 वर्ष की सदस्यता पूर्ण होने पर 7 वर्ष की आयु के पश्चात 1000 प्रतिमाह पेंशन देय होगा बशर्ते की अन्य सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत पेंशन



का लाभ न मिला हो दुर्घटना , टीवी, लकवा आदि में अस्थाई विकलांगता की स्थिति में निशक्त की स्थिति में एक मुश्त 75000 एवं आंशिक निशक्त की स्थिति में एक मुश्त 50000 देय होगा दाह संस्कार हेतु आर्थिक सहायता 5000 देय होगा और असमय मृत्यु में 2 लाख रुपए, दुर्घटना मृत्यु में चार लाख रुपए दिया जाता है मृत्यु आपदा के समय होती है या आपदा प्रबंधन के द्वारा अनुदान दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में बोर्ड द्वारा 10 लख रुपए देती है पेंशनधारी की मृत्यु के पश्चात पेंशनधारी को प्राप्त राशि का 50% परिवार वालों को दिया जाता है पितृत्व में 6000 दिया जाता है वार्षिक वस्त्र सहायता योजना में 2500 दिया जाता है प्रधानमंत्री श्रम योगी मानयन योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, कल्याणकारी योजना, मातृत्व लाभ, शिक्षा के लिए सहायता, आईआईटी, आईआईएम, आदि जैसी सरकारी उत्कृष्ट संस्थानों में दाखिल होने पर पूरा ट्यूशन फीस सरकार समक्ष कोर्स के लिए सरकारी संस्थानों में दाखिल होने पर एक मुश्त 20000 दिया जाता है सरकारी पॉलिटेक्निक, नर्सिंग डिप्लोमा कोर्स के अध्ययन के लिए एक मुश्त 10000 दिए जाते हैं सरकारी आईटीआई या समकक्ष के लिए एक मुश्त 5000 दिए जाते हैं न्यूनतम एक वर्ष की सदस्यता के पश्चात संबंधित निर्माण कामगारों के पुत्र-पुत्रियां को बिहार राज्य के अधीन किसी भी बोर्ड द्वारा संचालित दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने पर 25000, 70% से 79.99% अंक प्राप्त करने पर घ15000 तथा 60% से 69. 99% अंक प्राप्त करने पर 10000 दिया जाता है विभाग के लिए वित्तीय सहायता निबंधित पुरुष महिला कामगार को 3 वर्ष तक अनिवार्य रूप से सदस्य रहने पर 50000 की राशि दिया जाता है निबंधित निर्माण कामगार को कौशल उन्नयन के लिए अधिकतम घ15000 दिया जाता है साइकिल क्रय योजना के उपरांत अधिकतम 3500 दिए जाते हैं भवन मरम्मत की अनुदान योजना में 3 वर्ष की सहायता पूरी होने पर 20000 दिए जाते हैं वार्षिक चिकित्सा सहायता सभी निबंधित पात्र निर्माण श्रमिकों को प्राप्त होगा जिसके तहत  प्रति वर्ष 3000 एकमुश्त राशि लाभार्थी के खाते में स्थानांतरित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि ईट भट्टों पर काम कर रहे बाल श्रमिकों पर रोक लगाया जाए। दूसरे राज्य जिलों से आए हुए माता-पिता के साथ बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था ईट भट्टे मालिक द्वारा कराया जाए या ना तो स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र या विद्यालय भेजा जाए एट भत्ते 5 से 6 माह तक श्रमिक कार्यरत रहते हैं, इसलिए श्रमिक के साथ-साथ रह रहे हैं। उनके बच्चे के लिए शुद्ध पानी रहने की अच्छी व्यवस्था, खेलने की व्यवस्था, दवाई एवं शिक्षा के साथ, सुरक्षा की समुचित व्यवस्था किया जाए। बाल श्रम रोकने के लिए लगातार धावा दल गठित कर दुकान, प्रतिष्ठान, ईट भट्ठा, घर में छापेमारी अभियान चलाया जाए जब तक श्रमिकों

की स्थिति अच्छी नहीं तो बाल श्रम पर रोक नहीं लगाया जा सकता है। इसके लिए श्रम संसाधन विभाग की लाभकारी योजना जो जन्म से मृत्यु तक लाभ देती है उससे जोड़ा जाए। बच्चों का स्थान विद्यालय में है, खेलकूद के मैदान में है, ना कि किसी होटल, ढाबा, गैराज, फैक्ट्री आदि मे वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में धावा दल के द्वारा 27 बाल श्रमिक विभिन्न प्रखंडों से अलग-अलग विमुक्त किए गए जब तक श्रमिकों की स्थिति अच्छी नहीं तो बाल श्रम पर रोक नहीं लगाया जा सकता इसके लिए श्रम संसाधन विभाग की लाभकारी योजना जो जन्म से मृत्यु तक लाभ देती है उससे जोड़ा जाए श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन में तेजी लाया जाय। बाल श्रम उन्मूलन विमुक्ति एवं पुनर्वास हेतु सेमिनार, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, प्रशिक्षण, रैली, नाटक के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम तेजी से चलाया जाए। बाल श्रम केवल कानून से खत्म नहीं होगी इसके लिए जनप्रतिनिधियों, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवी स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संगठनों तथा सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे बाल श्रमिक रूपी कलंक को दूर कर बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने का संकल्प ले ताकि बिहार देश में प्रथम बाल श्रम मुक्त गौरवशाली राज्य बन सके। बैठक में श्रम अधीक्षक जगन्नाथ पासवान, वरीय उप समाहर्ता रंजीत कुमार, सुनीता कुमारी, सिविल सर्जन डा. कौशल कुमार, कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, रवि शंकर तिवारी, राकेश कुमार सिंह, पंकज कुमार झा, शशि शर्मा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी दिल नवाज रागीव, अनिल शर्मा, संतोष झा एवं राजकुमार शामिल थे।●

# उपलब्धियों भरा रहा स्वास्थ्य विभाग का वर्ष 2023

● धर्मेन्द्र सिंह

स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से क्षेत्र में वर्ष 2023 उपलब्धियां भरा रहा है। जिसमें जिलेवासियों को फील्ड अस्पताल सहित कई सौगातें स्वास्थ्य क्षेत्र में मिली हैं। मिशन 60 के तहत अस्पतालों में कई मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया गया। वहीं सदर अस्पताल में एमसीएच, पैथोलॉजिकल जांच, पीकू वार्ड सहित कई सुविधाओं में बढ़ोतरी की गई। सदर अस्पताल में मरीजों को सातों दिन चौबीस घंटे बेहतर चिकित्सकीय सेवा सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य प्रबंधन ने मिशन मोड में कार्य किया। सरकार द्वारा सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण के लिए 60 दिनों का समय दिया गया है। जिसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर से की गई। जिसमें सदर अस्पताल का गैप एनालिसिस करते हुए सुदृढ़ीकरण का निर्देश दिया था। इसके तहत अस्पताल के लेबर रूम, इमरजेंसी, ओपीडी, एनआरसी, एसएनसीयू में मूलभूत सुविधा सहित मरीजों को मिलने वाली बेहतर चिकित्सा सुविधा को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिशन 60 डे के तहत कार्य किया गया। जिसमें अस्पताल आने वाले मरीजों को पैथोलॉजिकल जांच, दवा, डिजिटल एक्स-रे, हर्बल पार्क की स्थापना, साफ सफाई, पीने की पानी की व्यवस्था, लाइटिंग व्यवस्था, सभी वार्डों में रात्रिकालीन सेवा में भी स्टाफ नर्स एवं चिकित्सकों का रोस्टर बनाकर मरीजों को 24 घंटे सुविधा उपलब्ध कराने एवं वार्डों में रात्रि कालीन सेवा के तहत एमबीबीएस चिकित्सकों की तैनाती सहित ओपीडी, एसएनसीयू सहित इमरजेंसी एवं अन्य भवनों का रंग रोगन किया गया। इमरजेंसी के आगे बागवानी भी की गई। सदर अस्पताल में 40 नया थ्री - सीटर स्टील चेयर लगाया गया। इसके साथ ही सदर अस्पताल में हर्बल गार्डन एवं ष्मे आई हेल्प यूष् काउंटर की स्थापना की गई। ओपीडी में बेहतर प्रकाश की व्यवस्था, दवा वितरण केंद्र में तथा दीदी की रसोई के बगल में पीने की पानी के लिए 04 जगहों लीटर कमर्शियल ड्रिंकिंग वॉटर लगाया गया। अस्पताल में सातों दिन 24 घंटे की तर्ज पर आपातकालीन सेवा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित सभी सेवाएं, सर्जरी शुरू की गयी। इसके अलावा एसएनसीयू, डायलिसिस, रेफरल एवं एंबुलेंस, डायग्नोस्टिक जैसे एक्स-रे, सीटी स्कैन, आरटीपीसीआर समेत अन्य जांच की सुविधाएं, काउंसिलिंग तथा नियत समय पर दवाइयों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया गया। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. अनवर हुसैन ने बताया कि अस्पताल प्रशासन के अथक प्रयास से आवश्यक केमिकल व्यवस्था कर आवश्यक पैथोलॉजी जांच भी शुरू कर दी गयी है। अब तक अस्पताल में जांच सुविधा नहीं होने से मरीजों को प्राइवेट पैथोलॉजिकल जांच पर निर्भर रहना पड़ रहा था। जिससे मरीजों को काफी आर्थिक दोहन हो रहा था। एक ही छत के नीचे चिकित्सकीय परामर्श के साथ-साथ दवा और जांच भी उपलब्ध करायी गयी। अस्पताल में शुगर, किडनी, लिवर, हार्ट सहित अन्य गंभीर बीमारियों की जांच शुरू होने से सदर अस्पताल के पैथोलॉजी जांच घर में शुगर, किडनी, लीवर, हार्ट, हेपेटाइटिस बी व सी, टायफाइड सहित अन्य आवश्यक जांच उपलब्ध हैं । सदर अस्पताल में गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों एवं किशोरों के बेहतर इलाज के लिए 42 बेड के पीकू वार्ड का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सदर अस्पताल का ऊपरी तल उपलब्ध कराया गया है। पीकू वार्ड के निर्माण में 10 बेड आईसीयू से जोड़े जाएंगे और 10 बेड सामान्य होंगे। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पीकू (पीडियाट्रिक इन्टेंसिव केयर यूनिट) वार्ड में 29 दिन के बच्चों से लेकर 12 वर्ष के गंभीर किशोरों के इलाज की सभी चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पीकू वार्ड बनने के बाद गंभीर बीमार बच्चों एवं किशोरों को इलाज के लिए जिले से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आईसीयू की तर्ज पर वार्ड का निर्माण होने के बाद सदर अस्पताल से बच्चों को रेफर करने की समस्या भी नहीं होगी। सिविल सर्जन डा. कौशल किशोर ने बताया कि कोविड जैसे आपदा से निपटने के लिए सदर अस्पताल स्थित एनआरसी के निकट 50 कोविड फील्ड अस्पताल बनाया गया है। अस्पताल की आधारभूत संरचना में कंटेनर इंस्टॉल कर आधुनिक सुविधाओं से लैस वातानुकूलित और ऑक्सीजन सहित सुविधाओं से तैयार किया गया है। इस अस्पताल में कोविड मरीजों के अलावा अन्य मरीजों को भर्ती करके उनका इलाज किया जाएगा। हॉस्पिटल को आधुनिक तरीके से वातानुकूलित बनाया गया है। वॉशरूम और अन्य तमाम सुविधाएं और सफाई व्यवस्था का उचित प्रबंध किया गया है।●



# स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए जिम्मेदारी से करें काम : सिविल सर्जन

● धर्मेन्द्र सिंह

नियमित टीकाकरण को छोड़ने से नवजात के जीवन पर जानलेवा प्रभाव पड़ सकता है। शिशुओं के जीवन और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी और कम लागत का तरीका है। विश्व में आधे से अधिक बच्चे खतरें की परिस्थिति और स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक टीका प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर शनिवार को एएनएम् स्कूल के सभागार में सिविल सर्जन डा. कौशल किशोर की अध्यक्षता में त्रेमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा लक्ष्य को पूरा करते हुए टीकाकरण में तेजी लाने का निर्देश सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को दी गई। डा. कौशल किशोर ने बताया की जिले में स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के गुणात्मक सुधार को लेकर जिलाधिकारी तुषार सिंगला के द्वारा दिए गये मार्गदर्शन में विशेष रणनीति पर अमल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डीएम के निर्देशनुसार जिले के सभी स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में एएनएम की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य संबंधी मामलों की समीक्षात्मक बैठक में एएनएम, आशा , प्रखंड सामुदायिक समन्वयक को कई दिशा निर्देश दिए गये। उन्होंने बताया जिले में सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए हम हमेशा प्रयासरत हैं। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन मामले में प्रखंडवार उपलब्धियों की गहन समीक्षा की। इस क्रम में मिशन इंद्रधनुष, जिले में डेंगू संबंधी मामलों की अद्यतन स्थिति, टेलीकंस्लटेशन, स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी सेवाओं का संचालन, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, सुरक्षित प्रसव, टीबी मुक्त भारत अभियान सहित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। बैठक में सिविल सर्जन, डीआईओ, सीडीओ, एसएमसी यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंन्धक सहित अन्य मौजूद हुए। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के दिशा निर्देश पर संचालित इस विशेष अभियान को खासतौर पर उपयोगी बताते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. देवेंद्र कुमार ने कहा कि इससे जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ता के मनोबल में वृद्धि होगी। कोरोना संकट के दौर में जो स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हुआ है इसे फिर से मजबूती दी जा सकेगी। साथ ही उच्चस्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों के दबाव




को कम करने में भी यह बेहद उपयोगी साबित होगी। इससे इन स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना आसान होगा। बैठक में सभी स्वास्थ्य अधिकारियो को निर्देश दिया कि प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के चिकित्सा पदाधिकारियों, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी सेविकाओं को टीकाकरण के बाद उसका फॉलोअप निरंतर रूप से करना सुनिश्चित करें। जिसके लिए आरोग्य दिवस के दिन गर्भवती महिलाएं एवं धातृ माताओं के अलावा अभिभावकों को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी देने की आवश्यकता है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी एवं आईपीडी की सभी तरह की सुविधाएं मिल रही। शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए मां के गर्भ से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। बच्चों को खसरा, टिटनेस, डिप्थीरिया, पोलियो, क्षय रोग, काली खांसी, जेई, हेपेटाइटिस बी जैसी गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए बच्चों एक दर्जन से अधिक टीके लगा कर उन्हे प्रतिरक्षित किया जाता है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. देवेंद्र कुमार ने बताया कि बच्चों को पूर्ण टीकाकरण उन्हें स्वस्थ और नई जिंदगी प्रदान करता है, इसलिए बच्चों को नियमित टीकाकरण करवाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण को बेहतर बनाने के साथ-साथ टीकाकरण में गति लाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहे हैं और इसी को लेकर टीकाकरण से संबंधित सभी स्वास्थ्य कर्मियों का क्षमता वर्धन किया जा रहा है। समय-समय पर क्षमता वर्धन करके टीकाकरण अभियान में गति लाई जाती है। साथ ही विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश को भी स्वास्थ्य कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं ताकि टीकाकरण के दौरान होने वाली गलतियां एवं कमियों को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा की नियमित टीकाकरण की शुरुआत मां के गर्भ से ही शुरू हो जाती है और 16 वर्ष तक समय समय आर विभिन्न रोगों के टीके दिए जाते है। उन्होंने लोगों से अपील किया की जिनके बच्चे नियमित टीकाकरण से वंचित हुए हो या अभी तक नही लगाया है वे लोग अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जा कर अपने बच्चे का टीकाकरण जरूर करवा ले। स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए सिविल सर्जन ने मातृ-शिशु मृत्यु दर के मामलों पर की रिपोर्टिंग को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मृत्यु संबंधी कारणों की उचित पड़ताल करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी इसके निदान को लेकर प्रभावी कदम उठायें। पूर्ण टीकाकरण मामले में विभिन्न प्रखंडों के कमतर प्रदर्शन पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने इसमें सुधार का निर्देश दिया। बीमार बच्चों के इलाज के लिये एसएनसीयू के प्रदर्शन पर उन्होंने संतोष जाहिर किया। वहीं अति कुपोषित बच्चों के समुचित इलाज के एनआरसी में भर्ती कराने पर उन्होंने जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को इसके प्रति जागरूक करने की जरूरत है। ●

# जदयू जिलाध्यक्ष को किया गया सम्मानित

● धर्मेंद्र सिंह

बिहार में पिछले दिनों विभिन्न आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका संगठनों के आह्वान पर सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकाएं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई थी। विभागीय निर्देश के आलोक में विभिन्न जिलों में पदस्थापित डीपीओ आईसीडीएस ने कुल 18200 आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को चयनमुक्त कर दिया गया था। इसी कड़ी में किशनगंज जिले में 183 सेविकाओं एवं 153 सहायिकाओं को डीपीओ आईसीडीएस किशनगंज ने चयन मुक्त कर दिया था। इस संबंध में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का एक शिष्टमंडल जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम से मिलकर मांग पत्र सौंपा गया था और चयन मुक्ति आदेश को रद्द करने का आग्रह किया था। जिस पर जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस संबंध में जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने डीपीओ आईसीडीएस किशनगंज से कई बार बात की। यहां से न्याय नहीं मिलने पर जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने दो दो बार मंत्री समाज कल्याण विभाग मदन साहनी से बात कर मांग पत्र सौंपा था और बाद में उक्त मामले को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी भेंटकर आग्रह किया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर निर्देशक आईसीडीएस, पटना ने दिनांक 06-01-2024 को पत्र जारी कर सभी चयनमुक्त आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के चयनमुक्ति संबंधी पूर्व के आदेश को निरस्त कर दिया है। उक्त आदेश से पूरे आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने प्रसन्नता जाहिर कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट किया है। इस संबंध में एक शिष्टमंडल जदयू जिला कार्यालय किशनगंज पहुंच कर पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम को माला पहनाकर, बुके देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही मिठाई खिलाकर खुशी प्रकट किया है। जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि कारी मशकूर अहमद, डॉ. सईद अनवर, गुलाम मसरूर, नजीब मोहम्मद, इंतखाब नईमी, राजा, रियाज अहमद आदि मौजूद थे।●



# जदयू नगर कमेटी का हुआ विस्तार

● धर्मेंद्र सिंह




जदयू जिला कार्यालय में नगर अध्यक्ष डा. नूर आलम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कुल 21 नए पदाधिकारियों को नगर क्षेत्र से मनोनयन पत्र सौंपा गया। गौर करे कि पूर्व में 75 पदाधिकारियों को किशनगंज नगर से मनोनयन पत्र प्रदान किया गया था। पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष मुजाहिद आलम ने बताया की नगर क्षेत्र में अब तक 96 पार्टी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा जा चुका है और हजारों कार्यकर्ता किशनगंज नगर क्षेत्र से पार्टी से जुड़ चुके हैं। सभी नव मनोनीत किशनगंज नगर पार्टी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम, जदयू नगर अध्यक्ष डा. नूर आलम, वरिष्ठ जदयू नेता फिरोज आलम, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष आमिर मिन्हाज, जदयू जिला उपाध्यक्ष सह किशनगंज नगर संगठन प्रभारी अब्दुल बारिक उर्फ चांद, जदयू मीडिया प्रभारी कमाल अंजुम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने संबोधन में जदयू नगर अध्यक्ष डा. नूर आलम के कार्यकुशलता की जमकर प्रशंसा की और कहा कि इन्होंने बहुत ही कम समय में किशनगंज नगर में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक फौज खड़ी कर दी है। उन्होंने पिछले 18 सालों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा की और कार्यकर्ताओं से अपील की आप सभी नीतीश कुमार के कार्यों की जानकारी जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी एवं एआईएमआईएम पार्टी पर जमकर प्रहार किया कि ये लोग समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। लोगों के बीच धार्मिक उन्माद फैलाकर अपनी सियासी रोटी सेंकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा की ऐसे ताकतों से लोगों को सचेत करना है और हर हाल में आपसी भाईचारा बनाए रखना है। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि किशनगंज लोकसभा सीट से जदयू की मजबूत दावेदारी है। पार्टी पदाधिकारियों ने एक स्वर से शीर्ष नेतृत्व से जमीनी सर्वे करवाकर टिकट का फैसला करने का आग्रह किया। क्योंकि वर्तमान सांसद से जनता एवं कार्यकर्ता बहुत नाराज हैं।●



# विकासात्मक कार्यों में जन सहयोग की अपेक्षा : डीएम

● धर्मेन्द्र सिंह

जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने नववर्ष पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नया साल सभी के जीवन मे नई उमंग, प्रेम, भाईचारे एवम सद्भावना का वर्ष हो। उन्होंने कहा कि समस्त जिलेवासियों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। विधि-व्यवस्था के साथ-साथ सरकार की सभी जन कल्याकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ स्वच्छ प्रशासन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। जल-जीवन -हरियाली अभियान के साथ-साथ, नशामुक्ति, दहेज प्रथा एवं बाल विवाह उन्मूलन जैसे समाज सुधार अभियान में व्यापक जन सहभागिता को लेकर जिला प्रशासन दृढसंकल्पित है। सरकार के सात निश्चय योजना का शत-प्रतिशत कार्यान्वियन कराना प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर बेहतर माहौल बनाने एवं स्वास्थ्य सेवाओं में और भी अधिक सुधार हेतु लगातार प्रयास जारी रहेगा।



डीएम ने जनकल्याणकारी और विकासात्मक कार्यों में जन सहयोग की अपेक्षा करते हुए नव वर्ष 2024 की बधाई और शुभकामनाएं दी। जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारियों को भी जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने शुभकामनाएं दी और जिला के बेहतरी के लिए पूरी ऊर्जा और नवसंचार के साथ समर्पित होकर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त किया। पिछले दिनों नव वर्ष पर डीएम और एसपी के साथ जिला अतिथि गृह में जिला प्रशासन के पदाधिकारियों व उनके परिवार के साथ मिलन समारोह में सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मौके पर पदाधिकारियों ने भी डीएम और एसपी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कई पदाधिकारियों ने गायन और वादन कर कार्यक्रम को खुशनुमा बनाया। ●

# भारत-नेपाल सीमा का डीएम ने किया निरीक्षण

● धर्मेन्द्र सिंह

जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने गलगलिया स्थित भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएम के द्वारा कस्टम कार्यालय के लिए चिह्नित भूमि का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही भातगांव स्थित 41वीं बटालियन के एसएसबी कैंप का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने सीमा के भौगोलिक स्थिति का भी जायजा लिया। एसएसबी 41वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट सोनम वांग्याल ने जिलाधिकारी को भातगांव बॉर्डर में चल रहे गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने डीएम को बॉर्डर पर आवश्यक कार्य हेतु ध्यान आकृष्ट करवाते हुए एसएसबी कैंप में लगे हाई मास्ट लाइट जो खराब है उन्हें ठीक करके लगवाने का आग्रह किया एवं सड़क के दोनों ओर मेची नदी के ब्रिज तक लाइट नहीं होने से रात को दिक्कत का सामना करना पड़ता है की जानकारी दी। उन्होंने कहा की नेपाल के ब्रिज पर लाइट लगा है लेकिन इस ओर लाइट नही है। इन सभी बातों से अवगत करवाया। जिसपर जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वस्त कराया



की बहुत जल्द ही पुराने हाई मास्ट लाइट ठीक करवा दिया जायेगा। साथ ही नए हाई मास्ट लाइट और सड़क के दोनों किनारे लाइट लग जाएंगे। जिससे भारत-नेपाल सीमा से आवागमन कर रहे आम नागरिक एवं नेपाली नागरिको को रात के अंधेरे के समय में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर एडीएम अनुज कुमार, डीआरडीए निर्देशक विकास कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठाकुरगंज सुमित कुमार, अंचलाधिकारी ओमप्रकाश भगत सहित असिस्टेंट कमांडेंट भातगांव बीओपी सुमन वांग्याल मौजूद रहे। ●



# पूर्णिया रेंज आईजी ने किया पुलिस सभागार का उद्घाटन

● धर्मेन्द्र सिंह

पूर्णया रेंज के आईजी सुरेश प्रसाद चौधरी ने सदर थाना परिसर स्थित पुलिस सभागार सह पुलिस क्लब का उदघाटन किया। डीएम तुषार सिंगला व एसपी डा. इनाम उल हक मेगनु की मौजूदगी में पुलिस सभागार का उदघाटन किया गया। आईजी सुरेश प्रसाद चौधरी ने कहा कि एसपी डा. इनाम उल हक मेगनु के प्रयास से सीमित संसाधनों में एक बेहतर पुलिस क्लब बनाया गया है। आईजी ने कहा कि बिहार के सभी जिलों में इस प्रकार के क्लब होने चाहिए। डीएम तुषार सिंगला ने कहा कि नए पुलिस सभागार की उपयोगिता आगे दिखेगी। डीएम ने कहा कि ये भवन अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणीय होगी। बिहार में दूसरे जिलों में शायद इस प्रकार का भवन नहीं होगा। एसपी ने कहा कि प्रभाव ही पूजनीय होता है। आप जिस पद में रहे अपने प्रभाव को कम न करें। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब आप आम जनों के साथ न्याय करेंगे तभी आपका प्रभाव रहेगा। एसपी ने कहा कि सबों के प्रयास से यह भवन बना है। पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले में बिहार का सबसे बेहतर पुलिस सभागार बना है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी अपने



कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करते हैं और आगे भी करेंगे। उन्होंने कहा कि वे पुलिसकर्मियों को हर सम्भव सहयोग प्रदान करने के लिए हमेशा से आगे आते रहेंगे। मंच संचालन प्रशिक्षु डीएसपी अदिति सिन्हा कर रही थी। इस अवसर पर एसडीएम लतीफुर रहमान अंसारी, एसडीपीओ गौतम कुमार, मुख्यालय डीएसपी अजित प्रताप सिंह चौहान, प्रशिक्षु डीएसपी अभिनव परासर, अदिति सिन्हा, इंस्पेक्टर मोहन कुमार, सदर थानाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह, बहादुरगंज थानाध्यक्ष इकबाल अहमद खान, कोचाधामन थानाध्यक्ष रामलाल भारती, ठाकुरगंज थानाध्यक्ष एसके हिमांशु, नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान, पूर्व नप अध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप, कांग्रेस जिलाध्यक्ष इमाम अली चिंटू, राजद जिलाध्यक्ष कमरुल हुदा, राजद नेता उस्मान गनी, एमके रिजवी, वरीय जदयू नेता बुलंद अख्तर हाशमी, मिक्की साहा, भाजपा नेता मनोज मजूमदार, ज्योति कुमार सोनू, शाहिद रब्बानी, सजल साहा आदि मौजूद थे।●




# खेल भवन में संचालित होगा शतरंज गैर आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र

महानिर्देशक-सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार गैर आवासीय खेल प्रशिक्षण योजना के तहत जिले के खेल भवन-सह-व्यायामशाला में शतरंज खेल के गैर आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस केन्द्र के लिए प्रशिक्षक (अतिकुशल) का चयन किया जाना है। सभी किशनगंज जिले के स्थानीय/निकटवर्ती क्षेत्र के इच्छुक अभ्यर्थी से 10 जनवरी 2024 तक आवेदन जिला खेल कार्यालय, किशनगंज में आमंत्रित किए गए है। गौर करे कि प्रशिक्षक हेतु आवेदन करने वाले आवेदक की उम्र सीमा न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 45 वर्ष तक होनी चाहिए। आवेदक को न्यूनतम इन्टरमीडियट किसी भी संकाय से उत्तीर्ण एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जूनियर या सीनियर स्तर के खेल में सहभागिता होनी चाहिए। भारतीय खेल प्राधिकरण अंतर्गत राष्ट्रीय खेल संस्थान से छः सप्ताह सर्टिफिकेट कोर्स वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी। गैर आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र हेतु चयनित प्रशिक्षक को श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा अतिकुशल सरकारी दैनिक कर्मियों हेतु निर्धारित अद्यतन पारिश्रमिक राशि भुगतेय होगा। प्रशिक्षक संविदा व नियमित कार्य के आधार पर नियुक्ति का दावा करने के पात्र नहीं होंगे। **रिपोर्ट :-धर्मेन्द्र सिंह**

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में टी बोर्ड की बैठक संपन्न

● धर्मेन्द्र सिंह



चाय की खेती प्रसंस्करण एवं इससे जुड़े अन्य गतिविधियो का अनुश्रवण एवं संचालन हेतु बैठक जिलाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में निर्देशक डीआरडीए, जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निर्देशक उधान, अग्रणी जिला प्रबंधक, प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी पोठिया/ किशनगंज/ठाकुरगंज उपस्थित रहे। मुख्य रूप से चाय कृषकों को चाय की पत्ती का उचित मूल्य दिलाने पर विमर्श किया गया। चाय की खेती को बढ़ाने पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। चाय फैक्टरी के स्वामी तथा उत्पादको की मुख्य रूप से मांग निर्बाध विद्युत आपूर्ति की रही ताकि फेक्ट्री से सही ढंग से चाय उत्पादन हो सके। गुणवत्ता पूर्ण उत्पादन पर फोकस किया गया। बैठक में सहायक निर्देशक उद्यान के द्वारा बताया गया कि क्षेत्र विस्तार के तहत जिलांतर्गत चाय का नया प्लांटेशन हो रहा है। डीएम के द्वारा बैठक में उपस्थित टी बोर्ड के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि बिहार से टी बोर्ड में प्रतिनिधत्व को लिया जाए। समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि चाय की खेती करने वाले कृषक को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाय। साथ ही, इस बैठक के साथ चाय से संबद्ध जिला स्तरीय मूल्य निर्धारण समिति की बैठक हुई। चाय की दर का निर्धारण सही ढंग से करने का निर्णय हुआ। चाय का एफपीओ बनने पर जोर दिया गया। एफपीओ को फैक्ट्री से जोड़ने का काम करने का निर्देश दिया गया। ●

## अवैध खनन पर खनन विभाग का प्रहार



किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत सुखानी थाना क्षेत्र से खनन विभाग द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर किए गए छापेमारी के क्रम में बालू लदे एक ट्रक बीआर 37जीए 7013 को सुखानी थाना से जप्त कर सुखानी थाना के सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि नदी ही नहीं बल्कि ईट भट्टा के आसपास के क्षेत्र में भी बालू माफिया द्वारा अत्यधिक गहराई से खनन कर बालू निकाला जा रहा है। बालू माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि लगातार जिले में हो रही कार्रवाई के बाद भी अवैध खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं और अवैध खनन परिवहन और भंडारण कर रहे हैं। जिससे सरकारी राजस्व को प्रतिदिन लाखों रुपए की क्षति हो रही है। सूत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईट भट्ठा संचालित होते ही अवैध खनन, परिवहन और भंडारण तेजी से शुरू हो जाता है। मामले को लेकर खनन विभाग के खान निरीक्षक द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर सुखानी थाना में आवेदन दिया गया है जिसमें मो० कालू, पिता-सोनारदी, जमाल, पिता-सोनारदी, शमीम पिता-कासिम, सखाज, पिता-ओली एवं अकबर पिता-मनसूर अली को नामजद आरोपी बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के बाद थाना कांड संख्या 1/24 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बालू उत्खनन बंद का आदेश है अभी इसके बाद भी कई जगहों से बालू का उत्खनन कर परिवहन और भंडारण किया जा रहा है जो कि चिंता का विषय है। क्षेत्र खंडर में तब्दील होता दिख रहा है। **रिपोर्ट :- धर्मेन्द्र सिंह**

## अक्षत एवं निमंत्रण पत्रक का घर-घर में हुआ वितरण



रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के निमित अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं निमंत्रण पत्रक का घर-घर वितरण अभियान अंतर्गत बुधवार को चकला पंचायत के वार्ड नंबर 11 एव 12 में पूजित अक्षत एवं निमंत्रण -पत्रक का वितरण किया गया। श्रीराम जन्मभूमि अक्षत कलश अभियान समिति के जिला सह संयोजक माधवमनी त्रिपाठी ने

फुलवारी में प्रेसवार्ता में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रस्तावित 22 जनवरी को रामलला प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर पूजित अक्षत क्लश अभियान समिति के द्वारा विधिवत् प्रत्येक प्रखंड एवं पंचायत में वितरण किया जा रहा है। रामजन्म भूमि अक्षत कलश अभियान समिति के सह संयोजक संजय सिंह ने बताया कि जो लोग निमंत्रण के निमित रामलला प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव अयोध्या में शामिल नहीं हो सकते हैं। वे लोग रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को अपने अपने घर में दीप जलाकर उत्सव मनाएंगे। इस अवसर पर संजय कृष्ण, संतोष राज, लक्ष्मी नारायण शर्मा, मनीष, चन्द्रकिशोर राम आदि मौजूद थे। **रिपोर्ट :- धर्मेन्द्र सिंह**



# भोजपुर पुलिस को मिली कई बड़ी सफलता

☞ **आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले ही हथियार के साथ चार बदमाश गिरफ्तार।**

भोजपुर पुलिस ने अपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले ही चार बदमाशों को धर-दबोचा है। सभी बदमाशों को गजराजगंज ओपी क्षेत्र के पकड़ियावर गांव स्थित एक पॉल्टी फॉर्म से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा और दस जिंदा गोली बरामद किया है। हालांकि पुलिस को देख कई कांडों में वांछित एक कुख्यात भाग निकला। पकड़े गए बदमाश में नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी चौक निवासी सुनील कुमार का पुत्र शंशाक कुमार, मौलबाग मुहल्ला निवासी संजू कुमार का पुत्र मंजीत कुमार, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पकड़ियाबर सत्य नारायण सिंह के पुत्र आलोक राज और गड़हनी थाना क्षेत्र के राम डिहरा गांव निवासी रुप नारायण सिंह का पुत्र रामाशंकर शामिल है। फरार अपराधी की पहचान पकड़ियावर गांव के रहने वाले कुख्यात चंदन महतो के रूप में की गयी है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। ASP चंद्र प्रकाश ने बताया की बुधवार की शाम सूचना मिली कि गजराजगंज ओपी अंतर्गत पकड़ियाबर गांव में कुछ बदमाश हथियार के साथ जुटे हैं। किसी बड़ी लूट की योजना बनाने के लिए इक्कठे हुए है। इसके बाद एएसपी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में गजराजगंज ओपी प्रभारी हरी शर्मा एवं अन्य पुलिस बल शामिल थे। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए गांव के आस-पास घेराबंदी की गई। इसके बाद चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस को चकमा देकर एक बदमाश फरार हो गया। एएसपी ने बताया की फरार अपराधी की पहले से अपराधिक इतिहास रहा है। उसकी भी जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी। वही गिरफ्तार चारों बदमाशों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

☞ **पूर्व के विवाद में हत्या की चल रही थी साजिश, तभी पहुंच गई पुलिस, तीन गिफ्तार।**

भोजपुर जिले के नवादा थाना पुलिस ने हत्या का षड्यंत्र रचते तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीनों की गिरफ्तारी शहर के पकड़ी गैस एजेंसी रोड के समीप से हो सकी है। इसकी जानकारी भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने दी है। पकड़े गए बदमाश नवादा थाना क्षेत्र के महावीर टोला निवासी सुनील कुमार का पुत्र मंटू यादव उर्फ सागर कुमार, श्री टोला मुहल्ला निवासी स्व जितेंद्र पासवान का पुत्र नीतीश कुमार और नगर थाना क्षेत्र के गोला मुहल्ला निवासी लाली यादव का पुत्र अभय यादव उर्फ नंदू है। इनके पास एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, दो मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल बरामद किया गया है। इसमें तीन मोबाइल छीना गया है। पकड़े बदमाशों की अपराधिक इतिहास के बारे में पता लगा रही है। इधर, भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया की नवादा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली की पकड़ी गैस एजेंसी रोड स्थित मैदान के पास तीन के संख्या में बदमाश पूर्व के झगड़े को लेकर किसी को गोली मारकर हत्या करने की प्लानिंग कर रहे है। इसके बाद एएसपी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस दौरान टीम ने इलाकों में छापेमारी कर तीनों बदमाशों को धर दबोचा । तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा, एक गोली, दो बाइक एवं पांच मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस हथियार एवं गोली की लेन-देन के बिंदु पर भी जांच पड़ताल कर रही है। पहले का भी अपराधिक इतिहास के बारे में पता लगाया जा रहा है । साथ ही तीनों बदमाश किस व्यक्ति की हत्या के लिए साजिश रच रहे थे, इस बारे में भी पूछताछ कर रही है। टीम में दरोगा कमलेश कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस बल शामिल थे।



☞ **यूपी के ट्रक मालिक को चाकू घोंपकर लूटपाट करने वाले चार गिरफ्तार।**

कोईलवर के गीधा ओपी अन्तर्गत आरा-पटना हाइवे पर कायमनगर के समीप यूपी के ट्रक मालिक को चाकू घोंपकर लूटपाट करने के मामले का पुलिस ने राजफाश किया है। साथ ही कांड में संलिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह जानकारी मंगलवार को आरा सदर एएसपी चन्द्र प्रकाश ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गीधा ओपी के कायमनगर निवासी मो. सोहैल, विष्णु कुमार, बबलू कुमार व अविनाश कुमार (काल्पनिक) को गिरफ्तार किया गया है। छीने गए मोबाइल समेत कांड में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया गया है। पकड़े गए बदमाशों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। पूछताछ में संलिप्तता स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर 2023 को यूपी के बिजनौर जिले के कोतवाली थाना के फरीदपुर गांव निवासी ट्रक मालिक मो. अजहर चालक असलम के साथ पंजाब से ट्रक लेकर आ रहे थे। रास्ते में कायमनगर के समीप ट्रक खड़ा कर आराम कर रहे थे। इसी दौरान चार अपराधियों ने ट्रक मालिक को चाकू घोंपकर दस हजार रुपये व मोबाइल लूट लिए थे। इसको लेकर चालक मो. असलम के बयान पर

प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने टीम का गठन किया था।

☞ **देशी रायफल के साथ 01 अपराधी गिरफ्तार।**

कोईलवर थानान्तर्गत घटना कारित करने से पूर्व 01 देशी रायफल के साथ 01 अपराधकर्मी गिरफ्तार। समय करीब 07:30 बजे रात्रि में अद्योहस्ताक्षरी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोईलवर थाना क्षेत्र के ग्राम-महादेव सेमरिया में एक व्यक्ति अवैध हथियार रखे हुये हैं। जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। उक्त आसूचना का सत्यापन एवं अवैध आग्नेयास्त्र की बरामदगी तथा अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर आरा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कोईलवर थाना, पु०अ०नि० संजय कुमार सिंह एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा रेड /छापामारी कर 01 अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नामः-(1) धर्मेन्द्र राम, पे०-चंद्रिका राम, सा०-सेमरिया, थाना-कोईलवर, जिला-भोजपुर।बताया जा रहा है। तथा गठित टीम के द्वारा इनके घर की तलासी लिया गया तो इनके पास से 01 देशी रायफल बरामद किया गया। इस संबंध में कोईलवर थाना कांड सं0-03/24, दिनांक-03.01. 24, धारा-25(1-बी) ए 26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया हैं।

☞ **अवैध आग्नेयास्त्र एवं जिंदा कारतूस के साथ 04 अपराधकर्मी गिरफ्तार।**

गजराजगंज ओ०पी० अन्तर्गत घटना कारित करने से पूर्व अवैध आग्नेयास्त्र एवं जिंदा कारतूस के साथ 04 अपराधकर्मी गिरफ्तार। समय करीब 07:00 बजे संध्या में अद्योहस्ताक्षरी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गजराजगंज ओ०पी० अन्तर्गत ग्राम पकडियावर में अवैध हथियार तथा कारतूस के साथ कुछ अपराधकर्मी इकठ्ठा हुये हैं, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की



फिराक में हैं। उक्त आसूचना के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर आरा के नेतृत्व में ओ०पी० अध्यक्ष गजराजगंज ओ०पी०, स०अ०नि० शैलेश कुमार एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये उक्त आसूचना स्थल वाले स्थल पर रेड /छापामारी कर कुल-04 अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम इस प्रकार है।(प) रामाशंकर, पे०-रूपनारायण सिंह, सा०-रामडिहरा, थाना-गड़हनी, जिला-भोजपुर। (पप) शंशाक कुमार, पे०-सुनिल कुमार, सा०-पकड़ी चौक, थाना-आरा नवादा, जिला-भोजपुर। (पपप) आलोक राज, पे०-सत्यनारायण सिंह, सा०-पकड़ीयावर, थाना-उदवंतनगर, जिला-भोजपुर। (पअ) मंजीत कुमार, पे०-संजु कुमार, सा०-मौलाबाग, थाना-आरा नवादा, जिला-भोजपुर। तथा गिरफ्तार 04 अपराधकर्मी के शरीर का विधिवत् तलासी लिया गया तो उनके पास से 01 देशी कट्टा एवं 10 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में उदवंतनगर (गजराजगंज ओ०पी०) थाना कांड सं0-05/24, दिनांक 03.01.24, धारा-25 (1-बी) ए 26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया हैं।●

# छात्रा पर लाठी चलाने वाले थानाध्यक्ष पर हुई कार्रवाई

● **गुड्डू कुमार सिंह**

सीनेट की बैठक का विरोध जता रहे छात्र संगठन अभाविप से जुड़ी छात्राओं पर भी पुलिस ने लाठियां चलायी है। इसमें कई छात्राओं को चोट आई है। इधर, छात्राओं पर लाठी चार्ज के मामले को एसपी प्रमोद कुमार ने गंभीरता से लिया है। छात्रा पर लाठी चार्ज का वीडियो वायरल होने पर एसपी प्रमोद कुमार ने उदवंतनगर थानेदार अवधेश कुमार पर एक्शन लिया है। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने उदवंतनगर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन क्लोज कर दिया है। साथ ही निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई के लिए शाहाबाद डीआइजी नवीन चन्द्र के पास अनुशंसा भेजी गई है। आगे डीआइजी के स्तर से कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, वहां पर अभी किसी नए थानाध्यक्ष की तैनाती नहीं की गई है। एसपी ने बताया कि विधि व्यवस्था को लेकर यूनिवर्सिटी में पुलिस बल को तैनात किया गया था। छात्रों द्वारा गेट तोड़ दिया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा हल्के बल प्रयोग के क्रम में एक दो छात्रों को चोट आई। इसी बीच उदवंतनगर थाना प्रभारी एक वीडियो में छात्रा पर लाठी बरसाते दिखे थे। दरअसल, आरा में सीनेट के विरोध के दौरान पुलिस का हिटलर रवैया देखने को मिला। सीनेट के विरोध के दौरान छात्र और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की का माहौल बन गया। जिसके बाद



छात्रों की ओर से मोबिल फेंका गया। इसपर उदवंतनगर के थाना प्रभारी आग बबूला हो गए थे। वहीं जब पुलिस की ओर से छात्रों पर लाठी चार्ज किया गया तो पुलिस ने यह भी नहीं देखा वह छात्र है या छात्रा। पुलिस बिना देखे ही लाठियां भांजती रही। इसी बीच उदवंतनगर के थाना प्रभारी ने एक लड़की पर भी लाठियां बरसा दी। वो भी एक महिला सिपाही के रहते हुए। बता दें कि शनिवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग भवन में सीनेट की बैठक हो रही थी। सीनेट बैठक में बिहार के राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर भी शामिल होने पहुंचे थे। कई छात्र संगठन इस बैठक का विरोध कर रहे थे। छात्र संगठनों के कुछ नेता विवि के अंदर घुसना चाहते थे। इस दौरान पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी छात्रों ने जमकर हंगामा किया और बैठक का विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद छात्रों पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया। और दौड़ा-दौड़ाकर छात्रों को पुलिस ने पीटा। लाठी चार्ज में कुछ छात्रों को गंभीर चोट भी आई है। लाठीचार्ज के बाद छात्र भागने लगे और अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसमें लगभग एक दर्जन से ज्यादा छात्रों को चोट आई है। छात्र राजद के विवि अध्यक्ष सत्यजीत राज ने बताया कि वे लोग छात्राओं को कन्या उत्थान राशि देने, विवि का नोडल सेंटर स्थापित करने, स्नातक व स्नातकोत्तर के मूल प्रमाणपत्र को 12 दिनों के अंदर निर्गत करने की मांग कर रहे थे।●



# डबल मर्डर से मचा हड़कंप

● गुड्डू कुमार सिंह

सहार थाना क्षेत्र के गोडिहां गांव में शनिवार की देर शाम पयहारी जी महाराज के यज्ञ के दौरान चल रहे भंडारे में उपजे विवाद में हथियारबंद बदमाशों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। दो युवकों की हत्या से पूरा क्षेत्र दहल उठा है। घटना के बाद भारी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर पहूंचकर कैंप कर रही है। मृतकों में सहार थाना क्षेत्र के गोडीहां गांव निवासी देव कुमार महतो का 27 वर्षीय बेटे कृष्ण कुमार एवं दूसरा जनेश्वर यादव का 35 वर्षीय बेटे लल्लू यादव है। फिलहाल पूरे गांव में तनाव का माहौल है। घटना के मूल में भूमि विवाद को लेकर पूर्व से चला आ रहा विवाद बताया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार और पीरो डीएसपी राहुल सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि गांव में एक भंडारे के दौरान दो व्यक्ति खाना खा रहे थे। इसी दौरान आपसी विवाद के चलते आरोपी ने मृतकों पर फायरिंग पर कर दी। शनिवार की शाम गोली चलने के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की गोली लगने के बाद घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने देख मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची सहार थाना की पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई। मौके पर आला अधिकारी भी पहुंच गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पिरो एसडीपीओ राहुल और भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार घटना स्थल पर मौके का मुआयना किया।





मृतक कृष्ण कुमार के भाई मुन्ना कुमार ने बताया कि लालू यादव का उसके चाचा छोटक यादव से पूर्व से आसपी रंजिश चली आ रही है। शनिवार को उनके गांव में यज्ञ का भंडारा का आयोजन किया गया था। उसी भंडारे के बीच छोटक यादव और लालू यादव के बीच पुरानी रंजिश को लेकर नोकझोंक हुई। जिसके बाद छोटक यादव द्वारा भंडारे के दौरान ही फायरिंग कर दी गई। फायरिंग के बाद लोगों के बीच भगदड़ मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। इस बीच लालू यादव भी भागने के क्रम में उनके दरवाजे पर आ गया। तभी छोटक यादव भी वहां आ गया और कहने लगा कि तुम लोगो ने ही उसे घर में छुपाया है। जब उन्होंने कहा कि मैंने उसे घर में नहीं छुपाया है। तभी उसने पहले उसके भाई कृष्ण कुमार को खड़ा कर गोली मारी। इसके

बाद उसने लालू यादव को भी गोली मार दी। इधर, मृत युवक लल्लू के पिता जनेश्वर ने बताया कि पूर्व में दोनों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद बाद दोनों पक्षों के बीच केस भी हुआ था। हालांकि पंचायती कर मामले को खत्म कर दिया गया था । आज देर शाम लल्लू भंडारा में खाने गया था, तभी उक्त लोगों ने पकड़कर गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि बिहारी यादव और जनेश्वर यादव दोनों परिवारों के बीच पूर्व में घास काटने और पिकअप का भाड़ा नहीं देने को लेकर विवाद हो चुका है। जिसमें दोनों पक्ष के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई थी। इधर दो-तीन महीना से कोई विवाद नहीं था। एक छोटा भंडारा चल रहा था जिसमें खाने-पीने में छोटी बात को लेकर बिहारी यादव के भांजे बृजेश कुमार ने लल्लू यादव के ऊपर गोली चला दिया। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। इसी के प्रतिशोध में लल्लू यादव के चाचा छोटक यादव के द्वारा मुख्य अभियुक्त बृजेश को पीछा करने के क्रम में घटनास्थल से कुछ दूर पर अंधेरे में गोली चला दी। जिससे गलतफहमी में कृष्णा महतो को गोली लग गई और आरा अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिए। दोनों घटनाओं के अभियुक्तो का नाम तथा पता का सत्यापन कर लिया गया है। तीन अभियुक्त की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस घटना में शामिल अन्य मुख्य अभियुक्त सहित कुछ अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर छापामारी की जा रही है। छापामारी का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीरो कर रहे हैं। जल्द ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।●

# मोस्ट वांटेड अपराधियों पर इनाम घोषित

● **गुड्डू कुमार सिंह**

शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआइजी नवीन चन्द्र झा एवं भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने भोजपुर जिले में वांछित मोस्ट वांटेड आठ अपराधियों पर 25 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक का इनाम घोषित किया है। इसमें दो अपराधियों पर पचास-पचास हजार एवं छह वांछित अपराधियों पर 25-25 हजार रुपये इनाम की राशि घोषित की गई है। दस दिनों के अंदर दूसरी बार बड़ी इनाम की राशि घोषित हुई है। इससे पूर्व मुख्यालय ने भोजपुर के मोस्ट वांटेड दीपक पांडेय एवं मो. सलिम उर्फ मुन्ना मियां पर दो-दो लाख रुपये इनाम की राशि घोषित की थी। इधर, पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी को लेकर जो भी नागरिक पुलिस वांटेड अपराधियों के संबंध में सूचना देंगे एवं गिरफ्तारी में सहयोग प्रदान करेंगे वे पुरस्कार के हकदार होंगे। पुलिस के अनुसार उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी हिस्ट्रशीटर बुटन चौधरी पर हत्या, गोलीबारी एवं हत्या के प्रयास समेत 13 केस दर्ज है। इसके अलावा नारायणपुर थाना के नारायणपुर निवासी रोहित सिंह हत्या के प्रयास, फायरिंग एवं आर्म्स एक्ट के छह कांड दर्ज है। एसपी प्रमोद कुमार ने पचास-पचास हजार रुपये इनाम का प्रस्ताव घोषित करने के लिए शाहाबाद डीआइजी नवीन चन्द्र झा के पास प्रस्ताव भेजा था। जिस पर डीआइजी ने स्वीकृत का मुहर लगा दिया है। 28 अप्रैल 2023 को बेलाउर गांव में घटित पंचायत समिति सदस्य दीपक साह की हत्या में भी बुटन चौधरी का नाम आया था। इसके बाद से ही पुलिस को उसकी तलाश है। इसके अलावा एसपी प्रमोद कुमार यादव ने उदवंतनगर के डिहरी गांव निवासी नितिश कुमार, उदवंतनगर थाना के भगवतीपुर गांव निवासी विकास कुमार, गजराजगंज ओपी के कारी साथ गांव निवासी शुभम कुमार, चांदी थाना के सलेमपुर गांव निवासी सरोज कुमार उर्फ सनोज कुमार, तरारी के ओरसी गांव निवासी विजय कुमार एवं सिकरहटा थाना के रजमलडीह गांव निवासी राकेश कुमार पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। आरा सदर एसडीपीओ चन्द्र प्रकाश एवं पीरो डीएसपी राहुल सिंह ने इनाम घोषित करने का प्रस्ताव एसपी को भेजा था। शाहाबाद के डीआइजी ने एसपी के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है, जिसके बाद पुलिस ने वांछितों की तलाश तेज कर दी है। 19 दिसंबर को भोजपुर जिले के दो मोस्ट वांटेड अपराधियों पर पुलिस मुख्यालय ने दो-दो लाख रुपये इनाम घोषित किया था। तरारी के भकुरा निवासी दीपक पांडेय एवं आरा टाउन थाना के धरहरा निवासी मुन्ना मियां उर्फ सलीम मियां पर दो-दो लाख रुपये इनाम घोषित करने का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय, पटना को भेजा गया था। पुलिस मुख्यालय ने दोनों पर दो-दो लाख रुपये पुरस्कार राशि घोषित किया था। पूर्व में दोनों पर इनाम की राशि 50 हजार रुपये घोषित की गई थी। जिसे बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है।●



**वांछित अपराधी एवं उन पर रखी इनाम की राशि :-**

| | |
|---|---|
| बुटन चौधरी | 50,000 |
| रोहित सिंह | 50,000 |
| नितीश कुमार | 25,000 |
| विकास कुमार | 25,000 |
| शुभम कुमार | 25,000 |
| सरोज कुमार | 25,000 |
| विजय कुमार | 25,000 |
| राकेश कुमार | 25,000 |
| दीपक पांडेय | 2,00000 |
| मुन्ना मियां | 2,00000 |




# भाकपा माले पोसवां पंचायत का 7वाँ सम्मेलन हुआ आयोजित

● गुड्डू कुमार सिंह

पंचायत सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्घाटनकर्ता भाकपा माले पोलित बयूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य ने कहा कि एक भी बूथ माले के ब्रांच के बिना न रहें । बूथ पर 2024 में जनता अपना मत देकर संविधान ,देश और लोकतंत्र को बचाएंगे. देश को मोदी सरकार के तबाही ,लूट और नफरत से बचाएंगे। 2022 तक मोदी सरकार के सबको पक्का मकान देने का वायदा खोखला साबित हुआ है.पंचायत को जनसंघर्ष का मंच बनाएगी भाकपा माले की कमेटी। अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि बिलकिस बानो के बलात्कारियों और हत्यारों की योगी सरकार के रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के रिहाई का आदेश रद्द करना स्वागत योग्य है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से मोदी सरकार गरीब बच्चों को उच्चत्तर शिक्षा से बाहर करने की साजिश की है.इससे शिक्षा के निजीकरण और बाजारीकरण का बढ़ावा मिलेगा. शिक्षा के अवसर में समानता के संवैधानिक अधिकार से नई शिक्षा नीति पूरी तरह से वंचित कर देगी. बिहार के सभी प्रखंडों-अंचलों पर दलित-गरीबों का धावा बोल आंदोलन होगा और जमीन, मकान, पेंशन, फर्जी बिजली बिल की वापसी,मनरेगा मजदूरी में बढ़ोत्तरी आदि 5गारंटी आंदोलन को तेज किया जाएगा। भोजपुर के दलित-गरीबों को इस दौर में एकबार फिर नेतृत्वकारी भूमिका में खड़ा होना होगा। गांव गांव से संविधान-लोकतंत्र बचाने की आवाज बुलंद करनी होगी।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला सचिव जवाहर लाल सिंह ने कहा कि 24-30 जनवरी 2024 को श्री कर्पूरी ठाकुर जयंती से गांधीजी के शहादत दिवस तक भाकपा माले 'संविधान बचाओ - लोकतंत्र बचाओ' जनसंकल्प अभियान शुरू करेगी, जिसमे 24 जनवरी को - श्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती उनके गृह जिले समस्तीपुर से शुरू होगा,26 जनवरी - गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूरे राज्य में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाएगा । 1947 के भयानक मुस्लिम विरोधी दंगों के दौरान गांधी जी ने जहानाबाद के ग्रामीण इलाकों का दौरा किया था, उन इलाकों में पदयात्रा की जाएगी। 29 जनवरी को सिवान में 1942 के शहीद स्मारक (नरेंद्रपुर, जीरादेई) से गांधी के अनन्य सहयोगी आजादी आंदोलन के प्रखर नेता मौलाना मजहरूल हक के समाधि स्थल तक का पदयात्रा होगी उसके बाद 30 जनवरी को आरा में जनसंकल्प सभा आयोजित की जाएगी जिसमे भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉ. दीपंकर भट्टाचार्य करेंगे संबोधित, तमाम कार्यकर्ताओं और जनता से अपील है कि सभी पंचायतों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हों। सम्मेलन में भाकपा माले पोलित बयूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, भाकपा माले भोजपुर जिला सचिव जवाहर लाल सिंह,खेग्रामस के राज्य अध्यक्ष, माले केंद्रीय कमिटी सदस्य मनोज मंजिल, अगिआंव विधानसभा इंचार्ज रघुवर पासवान,आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम,जिला कमिटी सदस्य भोला यादव,दसई राम,विष्णु मोहन,जय कुमार यादव,उदय पाल,राज कुमार पाल,सरोज पाल,वकील शर्मा,राजदेव महतो,शिवजी पासवान,विरेन्द्र पासवान, मो.अलीशेर अली,युवा नेता अप्पू यादव सहित पंचायत के माले के सभी सदस्य और काफी संख्या में पार्टी के समर्थक और शुभचिंतक रहे मौजूद।●



# पुलिस ने छात्रों पर बरसायी लाठियाँ

● गुड्डू कुमार सिंह

आरा में पुलिस ने छात्रों को सड़क से लेकर खेत तक खदेड़कर लाठियां बरसाई हैं। कुछ छात्रों को खेत से खींचकर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। कई छात्रों को चोटे भी आई है। वीडियो में देखा गया है कि कुछ छात्राओं पर भी लाठी चार्ज किया गया है। आरा के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में शनिवार को सीनेट की बैठक के दौरान बाहर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी छात्रों ने जमकर हंगामा किया और बैठक का विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद छात्रों पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया और दौड़ा-दौड़ाकर छात्रों को पुलिस ने पीटा। आपको बता दें सीनेट बैठक में बिहार के राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर भी शामिल होने पहुंचे हैं। एबीवीपी के कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर वीसी से मिलना चाहते थे। जिसमें छात्र संघ का चुनाव समेत कई मांगें शामिल थी। छात्रों को रोकने के लिए गेट बंद कर दिया गया था। छात्रों ने यूनिवर्सिटी गेट पर जमकर विरोध किया। गुस्साए छात्रों ने यूनिवर्सिटी का गेट तोड़ दिया और अंदर घुसने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने लाठी भांजी और प्रदर्शन कर रहे छात्रों को इधर-उधर किया। वहीं, विरोध कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता का कहना है कि विवि प्रशासन की तरफ से छात्रों की आवाज दबाई जा रही है। लेकिन विरोध के आगे विश्वविद्यालय प्रशासन को झुकना पड़ेगा। छात्रों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। वहीं एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि छात्र अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। जिसके बाद छात्रों ने गेट को तोड़ दिया। उसके बाद छात्र और पुलिस में धक्का मुक्की हुई। लेकिन किसी भी छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज नहीं किया गया है। धक्का-मुक्की में चोटें आई हैं। जबकि वीडियो में साफ दिख रहा है कि छात्रों पर लाठियां चटकाई जा रही है। इतना ही नहीं छात्रा को पुरुष पुलिस कर्मी पीट रहे हैं, जबकि पास ही महिला पुलिसकर्मी खड़ी है।●

# ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकाण्ड में सीबीआई ने पेश की डायरी

● गुड्डू कुमार सिंह




ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ने सुनवाई के लिए एक फरवरी को नई तारीख दी है । इस मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआइ ने डायरी पेश नहीं की है। सीबीआई की तरफ से पूरक आरोप दाखिल किए जाने के बाद बुधवार को तारीख दी गई थी। केस में लोजपा रामविलास के संसदीय बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हुलास पांडे समेत आठ लोगों को आरोपित किया गया है। रणवीर सेवा के सुप्रीमो ब्रह्मेश्वर मुखिया की हत्या एक जून, 2012 को उस समय कर दी गई थी, जब वे सुबह में कतीरा स्थित घर से टहलने निकले थे। हथियारबंद अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। एक साल बाद 2013 में राज्य सरकार ने इस हत्याकांड की जांच सीबीआइ को सौंप दी थी। चार्जशीट में पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय, अभय पांडेय, नंद गोपाल पांडेय उर्फ फौजी, रीतेश कुमार उर्फ मोनू, अमितेश कुमार पांडेय, प्रिंस पांडेय, बालेश्वर पांडेय और मनोज पांडेय का नाम शामिल है । कानून के जानकारों के अनुसार डायरी समर्पित नहीं होने से यह पता नहीं चल पा रहा है कि किस आरोपित पर किस साक्ष्य के साथ आरोप-पत्र दायर किया गया है। अब डायरी पर ही सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।●

# बालूघाट पर बदमाशों ने अधेड़ को मारी गोली

● गुड्डू कुमार सिंह




सहार थाना क्षेत्र के करवासीन गांव स्थित बालू घाट पर मंगलवार को हथियारबंद बदमाशो ने एक किसान को दो गोली मार दी। जख्मी व्यक्ति सहार थाना क्षेत्र के अबगिल्ला गांव निवासी स्व. मंगर सिंह के 45 वर्षीय पुत्र मोहन सिंह हैं। एक गोली दाहिने हाथ में बांह पर लगी है जो आरपार हो गई है। जबकि दूसरी गोली पेट के बीचों बीच लगी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई हैं। वहीं मोहन सिंह ने बताया कि मंगलवार की दोपहर वह करवासीन गांव स्थित बालू घाट पर कुछ लोगों के साथ बैठे हुए थे। उसी दौरान उक्त व्यक्ति वहां आया और उन्हें दो गोली मार दी। और दो बार फायरिंग किया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा शहर के एक निजी अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने उक्त व्यक्ति से किसी भी विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। हालांकि बताया कि साजिश की तहत गोली मारी गई। रास्ते को लेकर विवाद हुआ था। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस की आरंभिक जांच में पता चला कि मोहन यादव नामक एक व्यक्ति को पेट में गोली लगी है। आगे पूछताछ में ज्ञात हुआ कि घाट पर ही पूजा पाठ हो रहा था। उसी में दो भाई जिनका रास्ता घाट पर जाता है। आपस में कुछ बहस कर रहे थे। उसी के क्रम में छीना झपटी में गोली चल जाने से मोहन यादव को पेट में गोली लग गई। घायल व्यक्ति का आरा में निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस प्रकरण में सभी व्यक्तियों का नाम ज्ञात है। घाट पर सभी लोगों का सत्यापन करते हुए जिस व्यक्ति के हाथ से गोली चली है उसकी गिरफ्तारी हेतु प्राथमीकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है। ●

# अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने की क्राइम मीटिंग

● गुड्डू कुमार सिंह



पीरो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में गुरूवार को एसडीपीओ राहुल कुमार ने अनुमंडल के सभी थाना अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीपीओ ने कहा किसानो का खेती का जोत व बोनो समय है इसको लेकर छोटे मोटे विवाद आने का संभावना रहता है इस तरह के विवाद पर विशेष ध्यान देने की बात कही। वही सभी थानाध्यक्षो से एसटीएसी मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन करने अपराधियों के गिरफ्तारी एवं इलाके में अपराध कम करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। एसडीपीओ ने आयोजित क्राइम मीटिंग में थानाध्यक्ष को बारी बारी से संबंधित थाना के लंवित मामले के निष्पादन का रिपोर्ट लिया।साथ ही उन्होंने कहा कि अपराध के नियंत्रण के लिए गस्ती तेज करें। इसके अलावा सभी थाना में लंबित मामले के निष्पादन को लेकर तेजी लाने की बात कही। साथ ही उन्होने कहा फरार वारंटी एवं इलाके में अपराध नियंत्रण को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। मीटीग में, पीरो इस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष नन्दकिशोर सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर दयानन्द प्रसाद, तरारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर, सिकरहटा थानाध्यक्ष पवन कुमार, ईमादपुर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, चरपोखरी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, अगीआँव बजार थानाध्यक्ष् अरविन्द कुमार ,हसनबजार ओपी अध्यक्ष मनोज कुमार, सहार थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार, समेत अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष मौजूद रहे।●

# विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

● गुड्डू कुमार सिंह

नगर कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक चौरसिया ने बताया की संतो के कर कमलो द्वारा कलश का पूजा अर्चना कर वार्ड एवं बस्तीयो के संयोजको को वितरण किया गया। कलश यात्रा को संघ कार्यालय, बाबू बाजार से निकाला गया और सिद्धनाथ मंदिर बिंद टोली मे सुरज बाबा द्वारा विधिवत् पूजा पाठ और प्रभू श्री की भव्य आरती करा कर कार्यक्रम का समापन किया। समापन के पश्चात कलश का वितरण वार्ड के संयोजको में किया गया! 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच रामभक्त हर घर जाएगें और अक्षत, राममंदिर का फोटो और निमंत्रण पत्र देंगे। इस कलश यात्रा मे उमडे भीड़ ने हमे बता दिया की पूरा शहर राममय हो चुका है द्यकलश यात्रा का शहर के कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। समारोह कि अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया ने किया, मंच संचालन रमेश मिश्रा । अक्षत कार्यक्रम को सफल बनाने कि लिए जिला संयोजक उपेन्द्र तिवारी भी मौजुदा रहे विभाग सह संयोजक




चंदन ओझा जी जिला सह संयोजक अमित पाण्डे, संघ के आलोक बेदिया जी दिपक जी, राज बिहारी जी,काली मोहन जी विद्यार्थी परिषद से छोटू सिंह भाजपा से विभु जैन हिंदू जागरण मंच से सोना लाल जी! सफल कार्यक्रम होने पर बजरंग दल के जिला सह संयोजक अमित पांडेय ने आरा नगर वासियों और रामभक्तो को बधाई और धन्यवाद दिया।●

# जगदीशपुर अनुमंडल के 20 पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

● गुड्डू कुमार सिंह

भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव के अनुशंसा पर जगदीशपुर डीएसपी राजीव चंद्र सिंह ने अनुमंडल के दस दारोगा, दो एएसआई, तीन जवान और पांच चौकीदार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इसमें जगदीशपुर थाना के कार्यरत दारोगा आशुतोष, पीएसआई सुधांशु कुमार और चौकीदार आजाद खां तो बिहिया थाना में कार्यरत दारोगा अनिल कुमार सिंह, वाहिद अली, चौकीदार सुरेन्द्र यादव, धनगाई थाना में कार्यरत दारोगा रविन्द्र राय, चौकीदार रविन्द्र कुमार सिंह को उनके बेहतर पुलिसिंग और थाना क्षेत्रों में बीते विभिन्न पवों पर शांतिपूर्ण समापन व सुव्यवस्थित विधि व्यवस्था कायम रखने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। डीएसपी ने बताया कि वर्ष 2023 में जगदीशपुर अनुमंडल में सम्मानित पदाधिकारी व जवान द्वारा थाना क्षेत्र सभी पर्व-त्योहार के दौरान लग्न निष्ठा व अपने कर्तव्यों को बेहतर तरीके से निर्वहन से पर्व और जूलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस कार्य से आम लोगों के बीच पुलिस की प्रशंसा की गई। डीएसपी राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि क्राइम कंट्रोल, आपसी समन्वय के साथ शांतिपूर्ण माहौल में



विभिन्न आयोजन व समापन करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर जगदीशपुर इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, बिहिया थानाध्यक्ष उदय भानु सिंह, तीयर थानाध्यक्ष आशीष कुमार साह और धनगाई थानाध्यक्ष नीतू प्रिया सहित कई थे।●

# कलम और वर्दी पर चढ़ी ईमानदारी की चर्बी

● बिन्ध्याचल सिंह

'समरथ का कुछ दोष ना गोसाई' उपयुक्त चौपाई आप चरितार्थ होते तब पायेगें जब अंचलाधिकारी, डुमरांव के कुल तीन पत्रांक का अवलोकन करेगें। प्रथम पत्र के आलोक में जानकारी देना चाहते है कि अंचल अधिकारी के पत्रांक- 572 दिनांक 19 मार्च 2021 को अनुमण्डल अधिकारी, डुमराँव को जॉच प्रतिवेदन दिया गया कि मौजा- कुम्भी थाना - 201 चक खाता- 18 चक खेसरा - 76 रकबा - 60 फीट राजस्व अभिलेख से सत्यापन किया एवं पाया कि चक खाता- 18 का रैयत जमुना सिंह, पिता - श्री रंग बहादुर सिंह वगैरह ग्राम - कठार है जबकि स्थानीय लोगो के अनुसार यहॉ कठार की कोई भी जमीन नही है । कार्यालय पत्रांक- 2053, दिनांक 14/09/2023 खेसरा - 331 और 332 रैयती जमीन है, परन्तु रैयत का नाम नही बताया गया है। तीसरा पत्र - 1755 दिनांक 09/08/ 2023 का आप अवलोकन करेगे तो पायेगे कि अंचलाधिकारी का तीनो पत्र गैर जिम्मेवारी को दर्शाता है। आपको बताते चले कि पत्रांक- 1755 का जबाव आपको भ्रष्ट कहने पर मजबुर कर सकता है । जानकारी के लिये बता दूँ कि परिवादी बैजनाथ सिंह ने खेसरा - 1326 और 1988 पर परिवाद दायर किये थे



विवादित जमीन

परन्तु अंचलाधिकारी, डुमरॉव अनुमंडलीय लोक निवारण पदाधिकारी को जबाव में दी है कि उक्त खेसरा माननीय उच्च न्यायालय, पटना के यहॉ सी डब्बलू जे सी नम्बर - 14570 / 2021 विचाराधीन है जबकि अपीलार्थी राजेश सिंह के द्वारा खेसरा - 331 और 332 पर अपील दायर किये है। जो माननीय न्यायालय में विचाराधीन है, न कि खेसरा - 1326 एवं 1988 । उपरोक्त पत्रो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अंचलाधिकारी वगैर किसी जॉच के जॉच प्रतिवेदन उच्च पदाधिकारी को सौपते है। आपको जानकार आश्चर्य होगा कि अमीन की मापी अंचल डुमराँव को प्राप्त है फिर भी किस्म धान कैसे अमीन ने अपनी जॉच में दे दिये। जबकि वर्तमान में दो मंजिला मकान बनकर तैयार है जिसमें जुता-चप्पल, दवाई, श्रृगार, मेडिकल, वस्त्रालय की दुकान है । धरातल और कागज की अन्तर आकाश - पताल की है। मौजा- कुम्भी में जमीन के विवाद का मुख्य कारण:- केवल सच प्रतिनिधि को प्राप्त प्रमाण के आलोक में: - रामसुन्दरी देवी वगैरह पति श्री जमुना सिंह क्रेता है जो 23/02/1967 ईस्वी में श्री कपिलदेव सिंह और श्री किशुनदेव सिंह पिता-जोमधारी सिंह जो विक्रेता है, से जमीन खरीद चुकी है जिसका मालगुजारी रसीद कटता आ रहा है। उक्त जमीन को रामसुन्दरी देवी के वंशज गनपत प्रसाद, वगैर पिता - स्वर्गीय जमुना प्रसाद के द्वारा शिवजी प्रसाद, लाल प्रसाद पिता - स्वर्गीय हरवंश प्रसाद को 13/09/1994 को बिकी कर चुके है। इसी सिलवार में गनपत प्रसाद द्वारा कुल 06/07 लोगो को जमीन बिकी कर चुके है। जिसमें आज तक केता का दखल व कब्ज है। केता - एक - सरयू सिंह दो - धनजी प्रसाद



राकेश कुमार सिंह



बैजनाथ सिंह



राजेश कुमार सिंह

तीन - शिवजी सिंह चार- वशिष्ट सिंह पाँच - विजय कुमार साहू छः- लक्ष्मण जी प्रसाद । विर्णित नामो का अपना मकान है जबकी इन सभी केताओ के चौहदी में कपिलदेव सिंह का नाम नही है फिर कपिलदेव सिंह का पुत्र श्री नागमणि सिंह वो घनश्याम सिंह वो मु० रेखा देवी ने शशिकान्त सिंह को दिनांक 23/01/2021 को जमीन कि बिकी कर दी गई और अंचलाधिकारी के द्वारा दाखिल खारिज भी कर दिया गया जो गहन जॉच का विषय है । इतना ही नही जब शशिकान्त सिंह के द्वारा उक्त जमीन पर निर्माण कार्य किया जा था तो बैद्यनाथ सिंह, राजेश सिंह वगैरह ने तत्कालीन थानाध्यक्ष श्री संतोष कुमार से कार्य रोकने की गुहार लगाते हुयें जाँच करने की माँग की तो तत्कालीन थानाध्यक्ष के द्वारा अवैध निर्माण का कार्य न रूकवाकर शिकायकर्ता को ही कैद कर लिये, और तबतक कैद रखे जबतक अवैध कार्य पूर्ण न हो गया । स्थानीय लोगो के अनुसार उपरोक्त जमीन पर निर्माण कार्य पुर्णत: अवैध है । स्थानीय लोगो के अनुसार शशिकान्त सिंह के द्वारा जिस जमीन का निबंधन कराया गया है वह जमीन बैद्यनाथ सिंह का 1967 ईस्वी में खरीद की गई है । परन्तु नागमणि सिंह पिता - कपिलदेव सिंह के द्वारा जमीन की विकी पूर्णत: अवैध है । उक्त जमीन पर निर्माण कार्य तत्कालीन थानाध्यक्ष की पूर्ण सहमति के अनुसार किया गया है, ऐसा आरोप श्री बैद्यनाथ सिंह वो राजेश सिंह वगैरह के द्वारा जा रहा है, जो जॉच का विषय है। आपको बताते चले कि श्री बैद्यनाथ सिंह वगैरह ने अपने रैयति जमीन में रास्ता छोडकर अपना मकान का निर्माण किये है। जिसका जिक नुआँव पंचायत के सरपंच श्री लाल बाबु सिंह अपने पत्रांक-587 दिनांक-09/01/2015 में कर चुके है। नगामणि सिह की नैतिकता की पतन होने के कारण अपने पिता की विक्री की जमीन का विकी किये जबकि नागमणि सिंह के पिता श्री कपिलदेव सिंह के द्वारा ही 1967 ईस्वी में बेच चुके है । नाम नही छपने के शर्त पर एक पडोसी ने प्रतिनिधि को जानकारी दी कि श्री बैद्यनाथ सिंह और रामसुन्दरी देवी के द्वारा 05-05 फीट चौडा और 60 फीट लम्बा रास्ता विगत 50-60 वर्षो पूर्व ही रास्ता छोड़ चुके है। जिसका अपनी दबंगई के बल पर नागमणि सिंह ने उक्त जमीन को गैर कानूनी तरीका से जमीन बेच दे दिये है । जो पूर्णत: अवैध हैं।●

# अल्फा इंटरनेशनल स्कूल एक नजर में

● **बिन्ध्याचल सिंह**


आज कम्प्युटर युग में जिसके पास शिक्षा नही है, उसके पास कुछ भी नही है । हमारे देश में केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकार, शिक्षा पर करोडो रू० खर्च करती है । शिक्षित ज लोग भी अपने बच्चो के उच्च व गुणवतापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिये भी लाखो रू० सलाना खर्च करते है। अभिभावको की सोच हमारे बच्चो की अच्छी ज्ञान प्राप्त हो इसके लिये प्राइवेट विद्यालय की ओर कदम बढाते रहते है । सुशासन की सरकार कहे जाने वाली राज्य सरकार 2005 से बिहार की सता पर काबिज है । परन्तु बिहार में सुशासन है या कुशासन ये तो बिहार की जनता भली-भाँति समझती है । त्रि-स्तरीय पंचायत के द्वारा नियुक्त शिक्षक के बारे में क्या कहना। जो विद्यालय में पढाने के नाम पर समय बिताने में लगे रहते है। अर्थात- दुसरे शब्द में:- शिक्षक केवल कागजी खाना - पुर्ति करते है, यही मुख्य कारण की आम व खास जनता प्राईवेट विद्यालय की ओर रूख करते आ रहे है । प्राईवेट विद्यालय की अगर भोजपुर जिला में बात किया जाय तो बिहियों में अल्फा इन्टरनेशनल स्कूल कटेयाँ रोड बिहियाँ है जहाँ उच्च गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ व्यवसायिक शिक्षा भी दिया जाता है द्य आपको बातते चले कि जहाँ कुछ शिक्षा माफिया प्राईवेट शिक्षा जगत



को बदनाम करते है, वही कुछ विद्यालय के निर्देशक अपनी शिक्षा रूपी दीपक जला रहे है। इसी क्रम में आपको अल्फा इन्टरनेशनल स्कूल बिहिया के बारे में संक्षिप्त जानकारी दे रहा हुँ । प्राकृत की गोद में बसा अल्फा इन्टरनेशनल स्कूल परिसर में रंग-बिरंग की फुल देखने को मिलते है। वही सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमो को लगभग पालन किया जाता है । इस विद्यालय में शिक्षण कार्यो में लगे सभी शिक्षक उच्च शिक्षा प्राप्त कर शिक्षण कार्य करते आ रहे है । विद्यालय में एक अनुपात पच्चीस के अनुपात में शिक्षक - छात्रो की संख्या है जो प्रखण्ड का दुसरा प्राइवेट विद्यालय है वही विद्यालय में न तो पुन: नामांकन की व्यवस्था है और न प्रत्येक वर्ष पुस्तक बदलने की । विद्यालय में न तो पुस्तक विकती है और स्कूल डेस । जबकि अधिकतर प्राइवेट विद्यालय में पुन: नामांकन की व्यवस्था है और सभी वर्गो के पुस्तक और सभी वर्ग के छात्र - छात्राओ को डेस उपलब्ध रहता है। मानो प्राइवेट विद्यालय स्टेशनरी व कपडा की दुकान है। जिससे निर्देशक को गाढ़ी कमाई होती है। जिससे ईमानदार व शिक्षा रूपी दीपक जलाने वाले निर्देशको की मानहानि होती रहती है । प्रिय पाठकगण आपलोगो को बताते चले कि अल्फा इन्टरनेशनल स्कूल वर्ष-2017 से कटेया रोड बिहिया में संचालित होती है। स्कूल में लगभग 900-950 छात्र - छात्रो के साथ स्कूल परिवार की संख्या 1000-1050 है। जबकि स्कूल के निर्देशक ई० गणेश यादव है । प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक सप्ताह में लगभग सभी वर्गो मे स्वयं कक्षाएँ संचालित करते है। जो उनकी व्यक्गित उदावारवादी व शिक्षा रूपी दीपक जलाने की सोच को दर्शाता है । उपरोक्त सभी जानकारी समाजसेवी व शिक्षाविदों के जानकारी के आलोक में सूचीबद्ध की गई है।●

## रामस्वरूप अग्रवाल की देन है

# रामेश्वरनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार




● बिन्ध्याचल सिंह

बक्सर शहर को मिनी काशी कहते है जिसका मुख्य कारण यह कि मॉ गंगा किले के पास दक्षिण से उतर की ओर प्रवाहित होती है । जिससे बक्सर को मुक्तिधाम के लिये भी उतम माना जाता है बक्सर मुक्तिधाम में बक्सर जिला के साथ भोजपुर, रोहतास, कैमुर जिला से भी लोग आते रहते है । बक्सर में सालोभर तीर्थ यात्रियो का आना-जाना लगा रहता है । बक्सर को विश्वामित्र की नगर भी कहा जाता है, जहाँ ताडका जैसे राक्षस का वध किया गया था। आपको बताते चले कि बक्सर में राम की पैडी और शीश महल अपने आप में अलग पहचान रखता है । बक्सर जिला में कुल 80 मंदिर है जो न्यास समिति के अन्तर्गत आती है। जिससे करोडो की सालाना आय होती परन्तु बडी मठिया रामरेखा घाट बक्सर मे प्रत्येक माह पॉच से सात लाख रू0 की आय केवल शहर के मंदिर और चुडी बाजार, किराये की दुकान से होती है जिसका कोई लेखा-जोखा नही है । रामरेखा घाट बडी मठिया में प्रबंधक के रूप में केदारनाथ यादव है जो वर्तमान समय में करोडपति है। इसकी जानकारी स्थायी लोगो ने मौखिक रूप में दी जो जॉच का विषय है । बक्सर के मंदिरो में एक रामेश्वर मंदिर रामरेखा घाट है जो अपने आप में एक आस्था का महत्वपूर्ण केन्द्र है । रामेश्वर मंदिर की सबसे बडी बिशेषता यह है कि मंदिर में स्थित घंटा की आवाज भक्तो की आत्मा की शांति प्रदान करता है । मुन्ना गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रामेश्वर मंदिर में लगा घंटा की वजह 175 किलाग्राम है जिसकी आवाज मात्र से भक्तगण की आत्मा अन्नदित हो जाती है। श्री गुप्ता आगे बताते है कि जब जमाना था, कि चोरो का आंतक कायम था, परन्तु 1996 से परम आदरणीय रामस्वरूप अग्रवाल की भक्तिमय प्रयास से 1996 से रामेश्वर मंदिर का जीर्णोद्वार किया गया और वर्तमान समय में मंदिर की सुरक्षा व


रामस्वरूप अग्रवाल

व्यवस्था उनकी द्वारा ही किया जा रहा है द्य आपको बताते चले कि रामस्वरूप अग्रवाल मुल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी है जिनका आगमन 1970 में बक्सर शहर के पीपी रोड में हुई। चुडी बाजार रामरेखा घाट, बक्सर से जानकारी हुई कि परम आदरणीय रामस्वरूप अग्रवाल एक महात्मा के साथ संत और एक कुशल नेतृत्वकर्ता समाजसेवी के साथ परमार्थी सोच रखने वाले व्यक्ति है जो जीविकोपार्जन के लिये पीपी रोड, बक्सर में चुडी के थोक विक्रेता है । आम व खास व्यक्तियो से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री अग्रवाल का बक्सर में आगमन 1970 ई0 में हुई और 1971 में सूर्य उपासना किये। 1975 में उन्होने हजरत दादा मजार का निर्माण कार्य कराये। सभी धर्मो और समुदायो को सम्मान करने वाले श्री अग्रवाल




1978 ई0 में इंदिरा गाँधी की तानाशाही के कारण 10 दिन के लिये जेल गये। 1980 ई0 में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष के रूप अपनी सेवा दी। जो पाँच साल का कार्यकाल था । 1980 से 1985 ईस्वी तक प्रदेश के डेली गेट के रूप में सेवा दी द्य1985 ईस्वी में अनुमण्डल में बीस सूत्री कार्यक्रम के सदस्य बने। 1986 ईस्वी में राज्यपाल द्वारा निमार्ण जेल खरीद कमिटी के सदस्य रहे । जबकि 1996 ईस्वी से रामेश्वर मंदिर रामरेखा घाट, बक्सर की जीर्णोद्वार करने में तन-मन-धन से अपनी बहुमुल्य समय दी। जो वर्तमान समय में अन्य मठ-मंदिरो में अहम स्थान रखता है । समाजसेवी अजय उपाध्याय ने केवल सच प्रतिनिधि को जानकारी उपलब्ध कराई कि श्री अग्रवाल की अथक प्रयास से रामेश्वर मंदिर रामरेखा घाट, बक्सर की जीर्णोद्वार किया जा रहा है जो 1996 ईस्वी से वर्तमान तक जारी है।●

# अवैध कब्जे में रामरेखा घाट का चुड़ी बाजार

● **बिन्ध्याचल सिंह**



अवैध कब्जा, अतिक्रमण, अवैध वसूली के बीच विश्वामित्र की नगर बक्सर अपनी सुरक्षा व लोगो की आस्था के बीच अपनी प्रतिष्ठता बचाने में सफल होता आ रहा है जिसका श्रेय पुलिस अधीक्षक, बक्सर को जिलेवासी सहित दूर-दराज आये हुये तीर्थयात्रियो के द्वारा रामरेखा घाट, बक्सर पर अक्सर सुनने को मिलती रहती है। जानकारी के लिये बात दूँ कि रामरेखा घाट के गेट से रामरेखा घाट तक लगभग 62 फीट की सडक है, परन्तु स्थानीय दुकान के द्वारा दोनो तरफ से अतिक्रमण कर चुके है जहाँ सडक के पश्चिम में दुकानदारो के द्वारा अतिक्रमण किया गया है वही पुरब तरफ काजल स्टोर द्वारा सडक




पर अवैध कब्जा किया है जिसका श्रेय बडी मठिया के महंत और बडी के फर्जी प्रबंधक कहलाने वाले केदार यादव की है । उपयुक्त की जानकारी एक स्थानीय दुकानदार जिला में कुल 80 मन्दिर है जो न्यास समिति के अन्तर्गत आता है उसमें बडी मठिया रामरेखा घाट, बक्सर है जिसकी मासिक किराया केवल चूडी बातार रामरेखा घाट, बक्सर से लगभग 1602000 / रू० किराये के रूप मिलता है जबकि आवासीय दुकान की किराया जोड दिया जाय तो लगभग 1872000 / रू० मासिक किराया आ रहा है। जिसका कोई भी लेखा-जोखा नही है । सबसे दिलचस्प बात यह है कि किसी भी मंदिर का बैक खाता नही है । और लाखो का किराया प्रत्येक माह आता है । आखिर ये किराये के पैसे जा कहाँ रहे है । जो जॉच का विषय है।●



# मुख्यमंत्री ने लोहिया पथ चक्र का किया निरीक्षण

● अमित कुमार/त्रिलोकी नाथ प्रसाद

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 12 जनवरी को लोहिया पथ चक्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री लोहिया पथचक्र पर रुककर पथचक्र के अगल-बगल बचे हुए भागों को देखा। मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत को निर्देश देते हुए कहा कि पथ के अगल-बगल के बचे हुए भागों में ठीक ढंग से पौधारोपण कराएं और इसे व्यवस्थित और साफ-सुथरा रखें ताकि यह क्षेत्र सुंदर दिखे। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के सामने रुककर नये बननेवाले ऑफिसर्स फ्लैटों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बताया कि पुराने ऑफिसर्स फ्लैटों की जगह पर नये 10 मंजिला भवन का निर्माण कराया जाएगा और और उसके आगे पार्क भी बनाया जायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर 10 मंजिला भवन बनाएं, ताकि इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को रहने की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि फ्लैट के आगे जब पार्क बन जाएगा तब इस क्षेत्र का दृश्य और सुंदर लगेगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बिहार संग्रहालय बनाया गया है इसके अगल-बगल में सबकुछ व्यवस्थित रहने से पूरा क्षेत्र आकर्षक दिखेगा। यहां पर ऊंचे फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराएं ताकि बिहार संग्रहालय आनेवाले लोग ऑफिसर्स फ्लैट की ओर पार्क में भी सुविधापूर्वक जा सकें और उधर से भी लोग बिहार संग्रहालय आसानी से आ सकें। उन्होंने कहा कि इनसब चीजों का निर्माण जल्द शुरू कराएं।



निरीक्षण के दौरान बिहार संग्रहालय के महानिदेशक श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑफिसर्स फ्लैट पुराना है जहां अभी कम लोग रह पाते हैं, इसकी जगह पर यहां बहुत सुंदर भवन बनेगा जिसमें ज्यादा लोग रह सकेंगे। अधिकारियों और कर्मचारियों को रहने की सुंदर जगह मिल जाएगी। यहां पर फुट ओवर ब्रिज बनेगा ताकि बिहार संग्रहालय आनेवाले लोग ऑफिसर्स फ्लैट की ओर पार्क में भी सुविधापूर्वक जा सकें और उधर से भी लोग बिहार संग्रहालय आसानी से आ सकें। इनसब चीजों का निर्माण कार्य 2-3 वर्ष के अंदर पूरा करने को हमने कहा है। पहले यह क्षेत्र कितना संकीर्ण था, अब यहां पर हमने चौड़ी सड़क बनवाई है जिससे आवागमन में सभी को सुविधा हो रही है। आपके विरोधी आपके बारे में कहते हैं कि आप काम नहीं कर रहे हैं, पत्रकारों के इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कौन क्या कहता है हम उसपर ध्यान नहीं देते हैं, हम अपने काम में लगे रहते हैं, आपलोग तो सब देख ही रहे हैं। ●





# मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग की डायरी एवं कैलेण्डर 2024 का किया लोकार्पण

● अमित कुमार

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 01 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में 11 जनवरी को बिहार सरकार के सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बिहार डायरी 2024 एवं कैलेण्डर 2024 का लोकार्पण कर राज्य की जनता को समर्पित किया। बिहार कैलेंडर-2024 'बिहार ने दिखाई राह' थीम पर केंद्रित है। इसमें उन योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है जिनमें बिहार अग्रणी राज्य रहा है तथा जिनकी सफलता को देखते हुए कई अन्य स्थानों पर इनका अनुसरण किया जा रहा है। जनवरी माह के पृष्ठ पर महिला सशक्तीकरण थीम को दर्शाया गया है। महिलाओं को सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से सबल बनाने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। इसी क्रम में वर्ष-2006 से पंचायती राज संस्थानों एवं वर्ष-2007 से नगर निकायों के निर्वाचन में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्राथमिक शिक्षक नियोजन में 50 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित है। इसके अतिरिक्त, पुलिस बल में सिपाही से अवर निरीक्षक तक के पदों पर सीधी नियुक्ति में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में बिहार में महिला पुलिस की संख्या देश भर में अव्वल है। 'आरक्षित रोजगार, महिलाओं का अधिकार' निश्चय के तहत सभी सरकारी सेवाओं में सभी प्रकार के पदों पर सीधी नियुक्ति में महिलाओं को 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। राज्य की मेडिकल तथा इंजीनियरिंग एवं स्पोर्टस यूनिवर्सिटी से संबद्ध शिक्षण संस्थानों के नामांकन में न्यूतम एक तिहाई स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किये गये हैं। महिला सशक्तीकरण का यह कदम पूरे देश में अभूतपूर्व है।

फरवरी माह के पृष्ठ पर बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना 'जीविका' को दर्शाया गया है। यह परियोजना बिहार में महिलाओं के विकास, सशक्तीकरण एवं ग्रामीण गरीबी के उन्मूलन के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्वयं सहायता समूहों का नामकरण ''जीविका'' किया। जीविका के अंतर्गत अब तक 10 लाख 47 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है जिसमें 1 करोड़ 30 लाख से भी अधिक महिलाएँ जुड़कर जीविका दीदियाँ बन गई हैं।

मार्च माह के पृष्ठ पर कृषि रोड मैप को दर्शाया गया है जो मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के विजन का परिणाम है। कृषि के समेकित विकास और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए राज्य में कृषि रोड मैप बनाकर



योजनाएँ चलाई जा रही हैं। कृषि रोड मैप जैसी योजना चलाने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। वर्ष 2008 में प्रथम कृषि रोड मैप की नींव रखी गयी थी। इसमें गुणवत्तापूर्ण बीज, नये कृषि यंत्र, हरी खाद, वर्मी कम्पोस्ट तथा कृषि की नये तकनीकों को प्राथमिकता दी गयी थी। वहीं दूसरे एवं तीसरे कृषि रोड मैप का व्यापक विजन रखा गया - प्रत्येक भारतीय के थाल में बिहार का एक व्यंजन। तीसरे कृषि रोड मैप के क्रियान्वयन के फलस्वरूप राज्य में धान, गेहूँ एवं मकई की उत्पादकता पहले के मुकाबले दोगुनी हो गई है। साथ ही दूध, अंडा, माँस एवं मछली उत्पादन में काफी वृद्धि हुई तथा बिहार इन क्षेत्रों में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। अब अगले पांच वर्षों (वर्ष 2023 से 2028) के लिए चतुर्थ कृषि रोड मैप की शुरूआत की गई है।

अप्रैल माह के पृष्ठ पर मुख्यमंत्री साइकिल योजना और मुख्यमंत्री पोशाक योजना को दर्शाया गया है। बिहार में महिलाओं की साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए तथा उनमें आत्मविश्वास पैदा करने के लिए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने वर्ष-2008 में बालिका साइकिल योजना की शुरूआत की। बाद में बालकों हेतु मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना की शुरूआत भी की गई। इस योजना के फलस्वरूप समाज में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहा है। जब इस योजना की शुरूआत की गई थी तब केवल 1.63 लाख छात्राएँ ही नौवीं कक्षा में पढ़ने जाया करती थी। वहीं वर्ष-2015 में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्राओं की संख्या बढ़कर 8.15 लाख हो गई। मुख्यमंत्री साइकिल योजना की वजह से राज्य में मैट्रिक की परीक्षा में छात्र-छात्राओं का अनुपात लगभग बराबर हो गया है।

मई माह के पृष्ठ पर लोक सेवा का अधिकार अधिनियम एवं बिहार लोक शिकायत

निवारण अधिकार अधिनियम योजना को दर्शाया गया है। बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, 2011 का उद्देश्य नागरिकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर राज्य सरकार और उसकी एजेंसियों से सेवाओं की प्राप्ति करने में सक्षम बनाना है। 15 अगस्त 2011 से लागू इस अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय सीमा के भीतर लोगों को 130 से अधिक सार्वजनिक जनोपयोगी सेवाएँ प्रदान की जाती हैं जिनमें जाति प्रमाणपत्र, आवासीय प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, आचरण प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, जमीन का दाखिल-खारिज, भू-स्वामित्व और सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि शामिल हैं। इसके लिए जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन करने की भी व्यवस्था है। 05 जून, 2016 को सम्पूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम लागू किया गया है। इसके तहत नागरिकों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर किसी परिवाद पर सुनवाई एवं उनके निवारण का अवसर और परिवाद पर सुनवाई में किये गये विनिश्चिय/निर्णय के बारे में सूचना प्राप्त करने का अधिकार है। लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए यह वन स्टॉप सोल्यूशन के रूप में कार्य कर रहा है।

जून माह के पृष्ठ पर समाज सुधार अभियान को दर्शाया गया है। समाज में प्रचलित एवं पारंपरिक रूप से चली आ रही दहेज-प्रथा एवं बाल-विवाह जैसी कुरीतियों को दूर करने एवं नशा मुक्ति के लिए सरकार ने समाज-सुधार अभियान चलाया। बाल-विवाह तथा दहेज प्रथा ऐसी कुरीतियाँ हैं, जो बच्चियों तथा महिलाओं को न सिर्फ समान अवसर प्रदान करने की दिशा में बाधक हैं बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास को भी प्रतिकूल ढंग से प्रभावित कर रही है। 21 जनवरी, 2018 को दहेज प्रथा और बाल विवाह के खिलाफ जन भावना के प्रकटीकरण के लिए मानव श्रृंखला बनी थी जिसमें 4.5 करोड़ से अधिक लोग शामिल हुए थे। महिलाओं की मांग पर राज्य सरकार ने पूरे बिहार में 5 अप्रैल, 2016 से शराब को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया, जिसके फलस्वरूप राज्य में आपराधिक विशेषकर महिला उत्पीड़न की घटनाओं में कमी आई तथा परिवारों में खुशहाली आई है इससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है तथा समाज में सद्भाव का वातावरण कायम हुआ है।

जुलाई माह के पृष्ठ पर हर घर तक नल का जल एवं हर घर तक पक्की गली-नाली



योजना को दर्शाया गया है। राज्य सरकार के सात निश्चय अन्तर्गत मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की प्रेरणा से वर्ष 2016 से राज्य भर में 'हर घर नल का जल' निश्चय का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बिहार के नागरिकों को पाइप के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। यह निश्चय राज्य के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लागू है। सात निश्चय-2 (सुशासन के कार्यक्रम 2020-25) के अंतर्गत जलापूर्ति योजनाओं के दीर्घकालिक अनुरक्षण का भी प्रावधान किया गया है, ताकि 'नल का जल' की सुविधा सतत् रूप से लोगों को मिलती रहे।

अगस्त माह के पृष्ठ पर स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति की नई इबारत लिख रही है। राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर 10वीं एवं 12वीं पास छात्र-छात्राओं को उच्चतर शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 02 अक्टूबर, 2016 से स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की गई। इस योजना के तहत छात्रों को 4 प्रतिशत साधारण ब्याज की दर से चार लाख रूपये की राशि ऋण स्वरूप उपलब्ध कराई जाती है। छात्राओं, दिव्यांगों और ट्रांसजेंडरों को केवल 1 प्रतिशत साधारण ब्याज की दर से यह ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के कारण बिहार के छात्र-छात्राएँ उच्च शिक्षा प्राप्त कर पाने में सक्षम हो रहे हैं।

सितंबर माह के पृष्ठ पर स्मार्ट प्री-पेड मीटर योजना के बारे में बताया गया है। ऊर्जा के क्षेत्र में बिहार दिन-प्रतिदिन प्रगति की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। बिहार देश का पहला राज्य है, जहाँ बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। अब तक 22 लाख 90 हजार से भी अधिक स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाकर बिहार देश में पहले स्थान पर है। बिहार में स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाने की योजना की सफलता से प्रभावित होकर देश के अन्य राज्य भी स्मार्ट प्री-पेड मीटर योजना का अनुसरण कर रहे हैं।

अक्टूबर माह के पृष्ठ पर जल-जीवन-हरियाली अभियान को दर्शाया गया है। बिहार को सुंदर, हरित और स्वच्छ बनाने, जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से कारगर ढंग से निपटने तथा पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के लिए बापू की 150वीं जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर, 2019 से राज्य में जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की गई। जल-जीवन-हरियाली अभियान की सराहना

आज देश ही नहीं बल्कि विश्व के कई मंचों से की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा 24 सितंबर, 2020 को संयुक्त राष्ट्र के उच्चस्तरीय जलवायु परिवर्तन राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में कई देशों के प्रधानमंत्री एवं प्रमुख नेताओं के समक्ष इस अभियान के महत्व को बताया गया। इस अभियान की प्रशंसा माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक श्री बिल गेट्स द्वारा भी की गयी है। नवम्बर-दिसम्बर 2023 में दुबई में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र संघ के सम्मेलन में भी इस अभियान की काफी प्रशंसा की गयी।

नवंबर माह के पृष्ठ पर गंगा जल आपूर्ति योजना को दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा परिकल्पित जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत 'गंगा जल आपूर्ति योजना' के माध्यम से राजगीर, गया, बोधगया एवं नवादा शहरों को वर्षभर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इस योजना के तहत गंगा नदी के मॉनसून अवधि के अधिशेष जल को शोधित कर पेयजल के रूप में लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के भगीरथ प्रयास से इस योजना के द्वारा चयनित शहरों में सालों भर शुद्ध पेय गंगाजल की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ-साथ इसका दूरगामी सकारात्मक असर क्षेत्र के पर्यावरण पर भी पड़ेगा। दिसंबर माह के पृष्ठ पर गयाजी डैम के बारे में बताया गया है। विश्व प्रसिद्ध गयाजी के विष्णुपद मंदिर के पास मोक्षदायिनी फल्गू नदी में पिंडदान के लिए बड़ी संख्या में हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुँचते हैं। पुराणों में पिंडदान और तर्पण के लिए गयाजी को सबसे पवित्र बताया गया है लेकिन फल्गू नदी में पानी नहीं रहने के कारण श्रद्धालुओं को तर्पण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की प्रेरणा से फल्गू नदी पर आई.आई.टी. रुड़की के विशेषज्ञों की देखरेख में 411 मीटर लंबे, 95 मीटर चौड़े और 03 मीटर ऊँचे रबर डैम का निर्माण करवाया गया। गयाजी डैम देश का सबसे बड़ा रबर डैम है। फल्गू नदी के ऊपर नवनिर्मित माँ सीतापुल तथा माँ सीता पथ से सीता कुंड आने-जाने के लिए श्रद्धालुओं को सुविधा हुई है। इसकी विशेषता के कारण 3 मार्च 2023 में गयाजी डैम को सर्वोत्तम कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस कैलेंडर में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना को दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना राज्य की बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है जो वर्ष 2018 में शुरू की गयी थी। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ राज्य की कन्याओं को जन्म से लेकर उसके स्नातक उत्तीर्ण कर लेने तक दिया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत पात्र बालिकाओं को पोशाक, सेनेटरी नैपकिन एवं परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सरकार द्वारा सहायता राशि प्रदान की जाती है। अविवाहित कन्याओं को इंटरमीडियट उत्तीर्ण करने पर 25,000 रूपये दिये जाते हैं। वहीं स्नातक उत्तीर्ण करने पर उन्हें 50,000 रूपये की राशि दी जाती है। इस योजना के अन्तर्गत कन्याओं को कुल 94,100 रूपये की राशि देने का प्रावधान है।

बिहार डायरी एवं कैलेण्डर के लोकार्पण के अवसर पर जल संसाधन सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव सह सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के निदेशक श्री अमित कुमार उपस्थित थे।●

# स्व. परमेश्वरी देवी को अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि

● **ललन कुमार**

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपनी माताश्री स्व0 परमेश्वरी देवी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर अपने पैतृक गॉव कल्याण बिगहा, हरनौत स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका जाकर स्व0 परमेश्वरी देवी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने पिता कविराज स्व0 रामलखन सिंह जी एवं अपनी धर्मपत्नी स्व0 मंजू सिन्हा जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के बड़े भाई श्री सतीश कुमार, पुत्र श्री निशान्त कुमार एवं निकट परिजनों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।



इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, सांसद श्री अनिल हेगड़े, विधायक श्री जितेन्द्र कुमार, विधायक श्री हरिनारायण सिंह, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदयकांत मिश्रा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री मनीष कुमार वर्मा, बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष श्री अफजल अब्बास, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मो0 इरशादुल्ला, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव रंजन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पटना श्री चन्द्रशेखर सिंह, नालंदा के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, आई0जी0 पटना प्रक्षेत्र श्री राकेश राठी, वरीय पुलिस अधीक्षक पटना श्री राजीव मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नालंदा श्री अशोक मिश्रा सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य व्यक्तियों, शुभचिन्तकों एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गॉव कल्याण बिगहा के भगवती मंदिर (देवी स्थान) में पूजा अर्चना की और राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कल्याण बिगहा एवं आसपास के लोग मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर अत्यधिक प्रफुल्लित थे। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्यायें सुनी और उसके समाधान के लिये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।●



# मुख्यमंत्री ने ई-वाहन एक्सपो कार्यक्रम का किया उद्घाटन

● अमित कुमार/त्रिलोकी नाथ प्रसाद

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 11 जनवरी को मौर्या होटल परिसर में आयोजित ई-वाहन एक्सपो कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया तथा विभिन्न ई-वाहन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। ई-एक्सपो में मुख्यमंत्री ने सभी स्टॉलों पर जाकर विभिन्न कंपनियों द्वारा लगायी गयी ई-वाहनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसकी कार्य पद्धति और उसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, राज्य परिवहन आयुक्त श्रीमती असीमा जैन, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा एवं विभिन्न ई-वाहन कंपनियों के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।



उल्लेखनीय है कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी देने वाले राज्यों में बिहार देश के एक महत्वपूर्ण अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ स्वच्छ ईंधन वाले वाहनों को अपनाने के उद्देश्य से राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2023 को मंजूरी दी गयी है। बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2023 के तहत विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए क्रय प्रोत्साहन तथा मोटरवाहन कर में छूट प्रदान की गयी है। दोपहिया वाहन, तिपहिया वाहन (मालवाहक एवं यात्री वाहन), हल्के मोटरवाहन (मालवाहक एवं यात्री वाहन) तथा भारी मोटरवाहन को प्रोत्साहित करने के लिए मोटरवाहन करों में 75 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आयोजित इस सेमिनार में देश एवं विदेश के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। इससे कार्बन उत्सर्जन को आगामी 2030 तक न्यूनतम स्तर पर लाये जाने की लक्ष्य प्राप्ति के लिए इलेक्ट्रिक वाहन एवं उनके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर हेतु चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की दिशा में आमजनों को उच्च तकनीक वाले इन वाहनों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सकेगी।●





# तीन दिवसीय बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो-2023 को सीएम ने किया उद्घाटन

● अमित कुमार/त्रिलोकी नाथ प्रसाद

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बीते 21 दिसम्बर को तीन दिवसीय बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो-2023 का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर 239.96 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित कॉम्फेड, पटना के पाँच डेयरी संयंत्रों, 172.76 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित कॉम्फेड, पटना के अन्य उपस्करों का उद्घाटन तथा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, किशनगंज का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कॉम्फेड, पटना के पांच नए उत्पादों मिठाईयाँ, नमकीन, कुकीज, ब्रेड एवं पेयजल (सुधा सलिल) का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार एवं दुग्ध संघों को 10.50 करोड रुपये के लाभांश वितरण से संबंधित चेक प्रदान किया जिसमें राज्य सरकार को 5.76 करोड़ रुपये एवं दुग्ध संघ को 4.74 करोड़ रुपये वितरित किये जायेगे। बिहार वेटनरी कॉलेज, पटना के निकट स्थित परिसर में 14.31 करोड़ रुपये की लागत से कॉम्फेड के कार्यालय परिसर में निर्मित होने वाले नए कार्यालय भवन एवं मत्स्य अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, मीठापुर, पटना में 54.35 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मत्स्य विकास भवन का शिलान्यास किया। कॉम्फेड के कार्यालय परिसर में 3.57 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होनेवाली सुधा के कैफेटेरिया का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का पशु पोषण ऐप लॉच किया।



मुख्यमंत्री ने बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो-2023 का भ्रमण किया। तीन दिनों तक चलने वाले बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो-2023 में कई राज्यों एवं बिहार के विभिन्न जिलों से लाये गये उन्नत नस्ल के दुधारू मवेशियों/साँढ़ों के विषय में मुख्यमंत्री को जानकारी दी गयी। इस दौरान बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो के प्रांगण में लगाई गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर मुख्यमंत्री ने शुभारंभ कर मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने बिहार एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, पटना कैम्पस के प्रस्तावित प्रारूप का अवलोकन किया। कार्यक्रम में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के प्रधान सचिव डॉ0 एन0 विजय लक्ष्मी ने मुख्यमंत्री को पुष्प-गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।



बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के खेल मैदान में तीन दिनों तक चलने वाले ''बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो'' 2023 का




आयोजन पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, कॉम्फेड तथा बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस एक्सपो में बिहार के विभिन्न जिलों से प्रगतिशील किसान अपने उन्नत नस्ल के पशुओं के साथ इसमें भाग ले रहे हैं जिससे अन्य किसानों को उन्नत नस्ल के पशुधन के बारे में जागरूकता व प्रोत्साहन मिलेगा। देशी एवं विदेशी/संकर नस्ल की गायों के लिए दुधारू गायों की प्रतियोगिता आयोजित की गई है जिसमें सर्वाधिक दूध देने वाले गायों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस एक्सपो में किसानों को गुणवत्तापूर्ण पशु आहार बनाने के विषय में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा देश में पशुधन की उचित देखभाल, फार्म प्रबंधन, उत्पाद निर्माण, पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन इत्यादि से संबंधित उपकरणों, दवाओं तथा अन्य सेवाओं की प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। इसमें लगभग 50 कंपनियाँ भाग ले रही है। किसान संगोष्ठी के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों, सरकारी उपक्रमों तथा इंडियन कौंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च एवं कॉम्फेड के विशेषज्ञों द्वारा पशुपालन में नई तकनीकों, संसाधनों व योजनाओं के बारे में वैज्ञानिक/अधिकरियों द्वारा किसानों को जानकारी दी जायेगी। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के चिकित्सक एक्स्पो में पशुओं के स्वास्थ्य की जाँच का कार्य करेंगे जिसमें पशुपालक अपने पशुओं के रक्त/पेशाब व मल के नमूनों की जाँच कराकर उचित उपचार/सलाह प्राप्त कर सकेंगे।

इस एक्सपो में पानीपत, हरियाणा से जाने माने मुर्रा नस्ल के भैंसा ''गोलू-2'' को लाया गया है जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है। इस भैंसे का सीमन (फॉर आर्टिफीसियल इन्सेमीनेशन) हर साल 15 लाख में बिकता है। पानीपत के पशु मेले में इसकी कीमत 10 करोड. रुपये लगाई गई थी। इस भैंसे के मालिक किसान पद्मश्री नरेंद्र सिंह हैं। ये किसान इस मेले में उन्नत पशुधन के बारे में जानकारी देकर बिहार के किसानों को प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के मंत्री मो0 आफाक आलम, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति डॉ0 रामेश्वर सिंह, कॉम्फेड बिहार के प्रबंध निदेशक श्री प्रभाकर, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी, पशु विशेषज्ञ एवं बड़ी संख्या में किसान-पशुपालक उपस्थित थे। ●








# दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वें प्रकाश पर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## राज्यपाल ने तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब जाकर मत्था टेका

● अमित कुमार/त्रिलोकी नाथ प्रसाद

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वें प्रकाश पर्व पर तख्त श्रीहरिमंदिर जी परिसर, पटना साहिब में 17 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों से आये जत्थेदारों, श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा बाल लीला मैणी संगत जाकर वहां भी मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन संपर्क मंत्री श्री संजय



कुमार झा, गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी, पटना साहिब के अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह, गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी, पटना साहिब के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह, बाबा कश्मीर सिंह भूरी वाले, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती गरिमा मलिक, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग, वरीय अधिकारीगण, सिख संगत, सेवादार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

वही महामहीम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सिखों के 10वें गुरू एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिन्द सिंह जी के 357वें प्रकाश पर्व के अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब जाकर मत्था टेका। उन्होंने गुरूद्वारा बाललीला मैनी संगत जाकर भी मत्था टेका। गुरूद्वारा श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी के सदस्यों द्वारा राज्यपाल को तलवार, सरोपा एवं प्रतीक चिह्न भेंट किया। ●



# महाबोधि मंदिर में मुख्यमंत्री ने की पूजा अर्चना

● सुमित कुमार मिश्र

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बीते माह 21 दिसम्बर को बोधगया के तिब्बतियन मोनेस्ट्री पहुंच कर बौद्ध धर्मगुरू परम पावन दलाई लामा जी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने परम पावन दलाई लामा जी को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया और उन्हें नमन कर उनका आशीर्वाद लिया। परम पावन दलाई लामा जी ने मुख्यमंत्री को दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने का आशीर्वाद दिया और मुख्यमंत्री ने भी परम पावन दलाई लामा जी के स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की। परम पावन दलाई लामा जी से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आप जब भी यहां आते हैं तो हम आपसे मिलने आते हैं और आपका आशीर्वाद लेते हैं। सभी धर्मों के प्रति हमलोगों का सम्मान है। बौद्ध धर्म के प्रति भी हमलोगों का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने परम पावन दलाई लामा जी को वैशाली में बनने वाले बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री के आग्रह को परम पावन दलाई लामा जी ने स्वीकार किया। इसके पश्चात् तिब्बतियन मोनेस्ट्री में ही मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय संघ मंच के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।



इसके पश्चात् महाबोधि मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने महाबोधि महाविहार एवं बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमिटी कार्यालय में 180 के0डब्ल्यू0पी0 सोलर पावर प्लांट का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही महाबोधि मंदिर के उत्तर दिशा में पीतल से निर्मित भव्य द्वार का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर के आउटर बाउंड्री रेलिंग का भी शिलान्यास किया। इसके पश्चात् महाबोधि मंदिर में मुख्यमंत्री ने भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने बोधि वृक्ष की भी पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री कुमार सर्वजीत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मगध प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक वरवड़े, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री क्षत्रनील सिंह, गया के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, गया के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री आशीष भारती, बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमिटी की सचिव श्रीमती महाश्वेता महारथी, बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमिटी के सदस्य श्री अरविंद सिंह, चीफ मौंक चालीन्दा भंते समेत वरीय पदाधिकारी, भंतेगण और बौद्ध श्रद्धालुगण मौजूद थे।●



# बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम को नये कलेवर देने पर सरकार कर रही विचार

● **अमित कुमार/त्रिलोकी नाथ प्रसाद**

बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम, 1914 के स्थान पर नया कानून बनाने की आवश्यकता को निरूपित करने एवं इस कानून में युक्तियुक्त प्रावधान हेतु आज दिनांक-11.01. 2024 को श्री विवेक कुमार सिंह, माननीय अध्यक्ष-सह-सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना की अध्यक्षता में होटल चाणक्या, पटना में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अपर मुख्य सचिव, सहकारिता, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, मगध, सारण, भागलपुर एवं मुंगेर, तिरहुत प्रमंडलों के प्रमंडलीय आयुक्त, सचिव, राजस्व पर्षद, अपर समाहर्त्ता, पटना, उप सचिव, राजस्व पर्षद, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, समस्तीपुर, संयोजक, स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी, पटना, अवर सचिव, राजस्व पर्षद एवं राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के प्रशाखा पदाधिकारीगण एवं सहायक प्रशाखा पदाधिकारीगण शामिल हुये। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के जिला पदाधिकारी तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी इस विचार-विमर्श में शामिल हुये तथा महत्वपूर्ण सुझाव दिया।

बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम, 1914 के अनुसार वर्तमान में सरकारी बकाये राशि की वसूली की जाती है। इस कानून के कई प्रावधान वर्तमान में अप्रासंगिक हो गया है। उदाहरण के लिये जमींदारी के उन्मूलन के बाद Tenure Holder से वसूलनीय राशि की आवश्यकता नहीं है। इसी प्रकार छोटा नागपुर टीनेन्सी एक्ट बिहार एक्ट के संदर्भ में अप्रासंगिक हो गया है। नई परिस्थितियों में सरकारी बकाये की राशि को नये तरीके से परिभाषित करने की जरूरत है। लोक मांग संबंधित मामलों में अत्यधिक वृद्धि के बाद अंचल, अनुमंडल तथा जिला स्तर पर सुने जाने वाले मामलो के संबंध में पदाधिकारियों के अधिकारिता को परिभाषित करना आवश्यक हो गया है।

माननीय अध्यक्ष-सह-सदस्य, राजस्व पर्षद द्वारा अधिनियम के संबंध में प्रारंभिक उद्बोधन के उपरान्त सचिव, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना द्वारा अधिनियम प्रारूप के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण में पुराने प्रावधानों के अप्रासंगिक प्रावधानों को विलोपित किये जाने, नये प्रावधानों को समाहित किये जाने एवं कतिपय प्रावधानों को नये रूप में प्रतिस्थापित किये जाने के संबंध में तर्क सहित प्रस्तुति दी गई।

बैठक में कई महत्वपूर्ण बिन्दु उभरकर आये जिसमें से कुछ निम्नलिखित है:-

☞ चूँकि जमींदारी प्रथा का पूर्ण रूपेण उन्मूलन हो चुका है, इस कारण उससे संबंधित प्रावधानों को विलोपित कर दिया जाना श्रेयष्कर है।

☞ सरकारी सेवकों द्वारा सरकारी कार्य में किये गये गबन की उगाही हेतु आवश्यक प्रावधान नये कानून में प्रावधानित किया जाना चाहिए।

☞ नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा निष्पादित किये जानेवाले नीलाम पत्रों से संबंधित वसूली की जानेवाली रकम का दायरा प्रशासनिक सुगमता के अनुरूप सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये जाने का प्रावधान समाहित किया जाना चाहिए।

☞ बिहार राज्य के सीमा के बाहर अवस्थित देनदारों से वसूली से संबंधित आवश्यक प्रावधान नये अधिनियम में समाहित किया जाना चाहिए।

☞ स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के मामले में वसूली हेतु स्टूडेंट के स्थान पर उनके गारंटर को बनाया जाय।

☞ Civil Prision को अधिनियम में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाय।

यह विचार किया गया कि नये कानून के संबंध में आम जनता से राय समय-सीमा के अंदर प्राप्त किया जाय तथा इस पर सक्षम स्तर पर स्वीकृति के लिये कार्रवाई की जाय। इस नये कानून के फलस्वरूप लंबित मांगो की समय पर वसूली होने से सरकारी राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इससे लोक-कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में मदद मिलेगी। ●




# राज्य की सभी केन्द्रीय काराओं में डेयरी फार्मिंग का शुभारंभ

● **अमित कुमार/त्रिलोकी नाथ प्रसाद**

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के सौजन्य से राज्य की सभी केन्द्रीय काराओं में Dairy Farming एवं Goat Farming के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 19 जनवरी को मुख्य अतिथि डा0 एन0 विजयलक्ष्मी, प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के द्वारा किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. सिद्धार्थ, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, श्री शीर्षत कपिल अशोक, महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के सौजन्य से प्रथम चरण में कुल-480 बंदियों को प्रशिक्षित किया जाना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया है कि उक्त प्रशिक्षण से कारा संसीमन के दौरान बंदी अपने समय का उपयोग कर सकेंगे एवं कारा मुक्ति के पश्चात् बंदियों को जीवकोपार्जन में सहायता मिलेगी। टब् के माध्यम से राज्य के सभी काराओं में बंदियों के बीच उक्त कार्यक्रम को Live प्रसाारित किया गया। ●

# ताबड़तोड़ फायरिंग कर भाग रहे अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● ओम प्रकाश

राजधानी रांची की तुपुदाना ओपी पुलिस ने 9 जनवरी मंगलवार की रात एक घर में जानलेवा हमला करते हुए, फायरिंग की घटना को अंजाम देने के मामले मे पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सौरव कुमार सिंह उर्फ सनी सिंह, अमन मिश्रा उर्फ अभिनव मिश्रा, प्रखर रंजन उर्फ रोशन, अश्विनी रजवार उर्फ जट्टू एवं सनी सिंह सभी निवासी जगन्नाथपुर रांची के शामिल है। इनके पास से पुलिस ने एक हुंडई क्रेटा कार , एक महिंद्र एक्सयूवी एवं एक महिंद्रा स्कार्पियो के साथ दो जिंदा कारतूस एवं घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि तुपुदाना ओपी थाना क्षेत्र के इंसलरी चौक के पास रहनेवाले आनंद कुमार सिंह उर्फ कालू के साथ हुए विवाद के बाद मंगलवार की देर रात करीब 10 बजे तीन चार वाहनों से पहुंचे अपराधियों ने आनंद कुमार सिंह के घर के पास ताबड़तोड़ फायरिंग की और फरार हो गए। इनके द्वारा भय लोगो पर कारीत करने का काम किया जा रहा था। अपराधी कई लग्जरियस गाड़ियों में आए थे और वाहनों का प्रयोग इस तरह से कर रहे थे, जैसे कि यह किसी बहुत बड़े गैंग के सदस्य हो। घटना की सूचना मिलने के बाद रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देश पर हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह और पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार के साथ मिलकर त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के अंदर सभी पांच नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तीन लग्जरी वाहन भी जब्त किये गये। पूरे मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि 9 जनवरी मंगलवार की रात करीब साढ़े दस बजे तुपुदाना ओपी क्षेत्र में रहनेवाले आनंद कुमार सिंह के घर के सामने लक्जरी वाहनों से करीब 10 से 15 की संख्या में लोग हथियार से लैस होकर पहुंचे थे। आनंद कुमार सिंह के विरुद्ध अमन मिश्रा का पुराना विवाद चल रहा है और इस विवाद के कारण ही इसके घर में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। बताया जाता है कि पकड़े गये युवकों को छुड़ाने के लिए रात से ही रसूखदार लोगों की पैरवी आने लगी थे। गिरफ्तार अपराधियों के पास से जप्त हुए वाहन इन्हीं लोगो के हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।●




**✯ छापामारी दल में शामिल सदस्य :-**

☞ श्री राजा कुमार मित्रा, पुलिस उपाधीक्षक, हटिया राँची।

☞पु0अ0नि0 मीरा सिंह, प्रभारी तुपुदाना ओ०पी०, राँची।

☞ पु0अ0नि0 विवेक कुमार, प्रभारी पुन्दाग ओ०पी०, राँची।

☞ पु०अ०नि० राहुल सिन्हा, तुपुदाना ओ0पी0, राँची।

☞ स०अ०नि० सुनील कुमार सिंह, तुपुदाना ओ०पी०, राँची।

☞ स०अ०नि० योगेन्द्र प्रसाद, तुपुदाना ओ०पी०, राँची।

☞ रिजर्व गार्ड एवं चालक ।

**✯ गिरफ्तार अपराधियों की सूची :-**

☞ सौरभ कुमार सिंह उर्फ सन्नी सिंह राजपूत उम्र 27 वर्ष पिता स्व० सतीश कुमार सिंह, ग्राम-रतनपुरा, थाना- बख्तियारपुर, जिला-पटना (बिहार), वर्तमान पता- न्यू कॉलोनी, जगरनाथपुर, थाना- जगरनाथपुर, जिला-राँची।

☞ अमन मिश्रा उर्फ अभिनव मिश्रा उम्र 24 वर्ष पिता अनील मिश्रा, ग्राम-कटौना, थाना-बरहट, जिला-जमुई (बिहार), वर्तमान पता क्वा०नं०-बी-32 सेक्टर-2, थाना- जगरनाथपुर, जिला-राँची।

☞ प्रखर रंजन उर्फ रौशन उम्र 20 वर्ष पिता राजू रंजन, ग्राम-आमा पोखर, जिला-रोहतास (बिहार), वर्तमान पता क्वा0नं0-ए टाईप 153 सेक्टर-2, थाना- जगरनाथपुर, जिला-राँची ।

☞ अवनी रजवार उर्फ जट्टू उम्र 28 वर्ष पिता स्व० सुनील रजवार, ग्राम+थाना- किस्को, जिला-लोहरदगा, वर्तमान पता क्वा0नं0-31, थाना-जगरनाथपुर, जिला-राँची।

☞ सन्नी सिंह उम्र 28 वर्श पिता गुरजीत सिंह, पता-हवाई नगर रोड न0-02 तपन रेसीडेंसी फ्लैट नं०-104, थाना-जगरनाथपुर, जिला राँची

**✯ बरामद सामग्री :-**

☞ एक हुंडई क्रेटा कार सं०- JH01FA-0002

☞ एक महिन्द्रा एक्सयूभी रजि०नं०-JH01ES-0024

☞ एक महिन्द्रा स्कॉर्पियों रजि०नं०-JH01EX-1596

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

## आरोपी बताते थे खुद को श्रीराम फाइनेंस को फाइनेंसर

● ओम प्रकाश




राजधानी रांची की अरगोड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए पांच लोगो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगो में सुभाष कुमार ,रवि लोहरा, राहुल उर्फ श्रीकेष, तबरेज अंसारी तथा सूरज केरकेट्ट शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से तीन स्कूटी, तीन बाइक और पांच मोबाइल फोन बरामद किया है। बता दे की राहुल उर्फ श्रीकेष सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारी का पुत्र है। इस गिरोह के लोग मास्टर की के सहारे बाइक को अनलॉक कर इसकी चोरी किया करते थे। गिरोह के लोग चोरी की बाइक बेचने के समय ग्राहकों को श्रीराम फाइनेंस का फाइनेंसर बताते थे। ग्राहकों से कहा जाता था कि यह उन लोगों की गाड़ी है जिन्होंने लोन नहीं चुकाया है। उन लोगों ने गाड़ी जब्त की है। इसके बाद ग्राहकों को भरोसे में लेकर सस्ते में बाइक की बिक्री कर दी जाती थी। ये ग्राहकों को बाइक और स्कूटी का फर्जी कागजात बना कर भी देते थे। जिस पर रांची पुलिस गहराई से जांच कर रही है। जानकारी के लिए आपको बता दे की, रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि,आनंदपूरी चौक में दो अपराधी चोरी की बाइक व स्कूटी बेचने के लिए घूम रहे है। इसी सूचना के आधार पर रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन में हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा और अरगोड़ा थाना प्रभारी ब्रिज कुमार के नेतृत्व में बनी टीम देर शाम करीब साढ़े सात बजे आनंदपुरी चौक पहुंची तो पुलिस को देखकर दो युवक भागने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद गठित टीम के द्वारा दोनो को बाइक एवं स्कूटी समेत पकड़ लिया गया।

☞ **पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद आरोपियों ने किया पूरा खुलासा :-** पकड़ाये युवक से नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम सुभाष कुमार निवासी वासेपुर धनबाद, वर्तमान अरगोड़ा चौक के पास एवं दूसरे ने रवि लोहरा बताया। दोनों ने यह भी बताया कि गाड़ी चोरी की है,जिसे हरमू हाउसिंग कॉलोनी एवं भारत माता चौक से चोरी किए हैं,जिसे बेचने के लिए घूम रहे थे। आगे बताया कि इनके साथ इमली चौक का सूरज केरकेट्टा,डीपाटोली का राहुल उर्फ श्रीकेश एवं इलाहीनगर का तबरेज अंसारी भी चोरी के काम में सहयोगी हैं। दोनों ने बताया कि अरगोड़ा थाना एवं सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में बाइक चोरी करते है। बाइक पुनदाग,डीपाटोली के राहुल को देते हैं। राहुल और तबरेज जो इलाहीनगर का है, मिलकर बाइक को बेचने का काम करते हैं। इनके बताये अनुसार राहुल, तबरेज एवं सूरज को गिरफ्तार किया गया एवं इनके निशानदेही पर और 04 बाइक बरामद किया गया।




☞ **नंबर बदल कर करते थे चोरी की बाइक की बिक्री :-** पुलिस पूछताछ गिरफ्तार अपराधी ने बताया कि राहुल उर्फ श्रीकेष और तबरेज मिलकर गाड़ी का रजिस्ट्रेशन न० बदलकर अपने को श्रीराम फाइनेंस का फाइनेंसर बताकर चोरी किये मोटरसाइकिल की बिक्री करते हैं। 10 हजार से लेकर 20 हजार में बाइक व स्कूटी बेच दिया जाता था। इस गिरोह के सदस्यों के निशानदेही पर अबतक कुल 06 मोटरसाइकिल/स्कूटी बरामद किया गया है। पुलिस अन्य बेचे हुए चोरी की बाइक/स्कूटी बरामद करने में जुटी है।अबतक इस गिरोह ने एक दर्जन से ज्यादा दोपहिया वाहन की चोरी कर बेच दिया है।वाहनों की बिक्री मुख्य रूप से चतरा, लातेहार, गढ़वा तथा कोलियरी इलाकेमें एजेंट के माध्यम से की जाती थी। छापेमारी दल में हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा,अरगोड़ा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर बृज कुमार,पुंदाग थाना प्रभारी विवेक कुमार,अरगोड़ा थाना के एसआई अनिमेश शान्तिकारी, कृष्णा कुमार,इंद्रदेव रजक,आकाश कुमार सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।●

# ड्रग तस्कर शिशुपाल समेत तीन गिरफ्तार

● **ओम प्रकाश**

राँची की अरगोड़ा पुलिस ने ड्रग तस्कर शिशुपाल लोहार समेत तीन लोगो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शिशुपाल के साथ दो अन्य ड्रग तस्करों को भी गिरफ्तार किया है और इन गिरफ्तार तस्करों के पास से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर भी बरामद किए है। गिरफ्तार तीनों तस्करों के पास से पुलिस ने 102 पुड़िया ब्राउन शुगर एवं तीन मोबाइल फोन बरामद किए है। जिसमे एक पुड़िया की कीमत 700 रुपये हैं। राजधानी में ड्रग्स की तस्करी पर रोक लगाने के लिए रांची पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नशे का कारोबार करने वाले गिरोहों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को सूचना मिली कि रांची के अरगोड़ा इलाके में अशोक नगर रोड नंबर 4 के पास अवैध रूप से ब्राउन शुगर की बिक्री की जा रही है। इस सूचना पर रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन में हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा एवं अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने शाम में 4:30 बजे अशोक नगर रोड नंबर 4 के पास से एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ






करने पर उसने अपना नाम रविकांत कुमार उम्र 30 वर्ष निवासी अशोक नगर रोड नंबर 4 अरगोड़ा जिला रांची बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से ब्राउन शुगर के पैकेट बरामद किये गये।



गिरफ्तार तस्कर रविकांत ने बताया कि रितिक तिग्गा नाम का एक अन्य युवक भी अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास ब्राउन शुगर बेच रहा है। इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने रितिक तिग्गा उम्र 21 वर्ष निवासी अशोक नगर जिला रांची को भी गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर इसके पास से भी ब्राउन शुगर के पैकेट मिले।

✯ **शिशुपाल लोहरा है गिरोह का सरगना :-** पुलिस ने गिरफ्तार दोनों तस्करों से जब पूछताछ की तो जानकारी मिली कि अरगोड़ा इलाके में नशे का पूरा कारोबार नया सराय नगड़ी का रहने वाला शिशुपाल लोहरा चलाता है।उसने बताया कि शिशुपाल लोहरा अपने घर के आस-पास ही ब्राउन शुगर की ब्रिकी करता है। जिसके बाद इस सूचना पर पुलिस की टीम ने शिशुपाल लोहार के घर पर अचानक छापेमारी की, इस दौरान पुलिस को देखकर शिशुपाल ने घर से भागने की कोशिश की, लेकिन उसे भी दौड़ा कर एवं घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके घर से भी भारी मात्रा में ब्राउन शुगर के पैकेट बरामद किये गये।

✯ **चतरा, जमशेदपुर और कोलकाता से लाता हैं ड्रग्स :-** गिरफ्तार शिशुपाल लोहार रांची का कुख्यात ड्रग्स तस्कर है। पूछताछ के दौरान शिशुपाल ने पुलिस को बताया कि वह झारखंड के चतरा, जमशेदपुर और कोलकाता से ड्रग्स लाता है और रांची में कुछ अन्य लड़कों के सहारे बेचता है। बता दे कि गिरफ्तार शिशुपाल लोहार का पूर्व का भी अपराधी की इतिहास है वह अलग-अलग मामलों में रांची के विभिन्न थानों से जेल जा चुका है।

✯ **शिशुपाल लोहरा का अपराधिक इतिहासः-**

☞ डोरंडा थाना कांड सं0-453/09, धारा-461/379/411 भा०द०वि०

☞ रातु थाना कांड सं0-121/09 धारा-457/380 भा0द0वि०

☞ अरगोडा थाना कांड सं0-171/17 धारा-395 भा०द०वि०

☞ जगरनाथपुर थाना कांड सं०-182/10 धारा-461/379/411 भा०द०वि०

☞ अरगोड़ा थाना कांड सं0-233/19 धारा- 25 (1-बी) ए आर्म्स एक्ट। ●




# लाखों की ठगी करने वाले साइबर अपराधी गिरफ्तार

● **ओम प्रकाश**

राजधानी राँची की साइबर पुलिस ने साइबर ठगी के आरोप में जामताड़ा और गिरिडीह जिले से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आंध्र प्रदेश के साइबर लूट के बाद इन दोनों को दबोचा गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 17 मोबाइल फोन्स,कई सिम कार्ड्स,एक एटीएम कार्ड और एक स्विफ्ट डिजायर कार भी जब्त किया है। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेस वार्ता कर बताया कि दिनांक-11/01/2024 को समय करीब 8 बजे वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली की गोन्दा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कांके डैम साईड फुचका चौक पर कुछ साईबर अपराधी करमाटांड़ जामताड़ा से आये हुए हैं और इनलोगों द्वारा फिसिंग लिंक लोगों को भेजकर बैंक के0वाई0सी0 अपडेट करने का झांसा देकर ठगी करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि दिनांक-21/12/2023 को आन्ध्रप्रदेश के एक व्यक्ति को भी फिसिंग लिंक भेजकर रू0-49999/- की ठगी की गयी है, और इनके द्वारा साईबर क्राईम पोर्टल नम्बर-1930 पर कम्पलेन किया गया था जिनका नंबर प्रतिबिंब पोर्टल से उपलब्ध करायी गयी थी। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक महोदया साईबर रांची के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया।वरीय पदाधिकारी के सूचना एंव निर्देशन में साईबर अपराधकर्मी की छापामारी एंव गिरफ्तारी हेतु पुलिस बल के साथ डैम साईड फुचका चौक के लिए प्रस्थान किये। छापामारी टीम को सूचना प्राप्त हुई की साईबर अपराधी एक सफेद रंग के कार से डैम साईड से जामताड़ा के लिए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर छापामारी टीम द्वारा मोनफोर्ड स्कूल झीरगा टोली रोड में एक सफेद रंग का कार आता हुआ देखकर उक्त गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया तो गाड़ी चालक ने पुलिस बल को देखकर तेजी से गाड़ी भगाने लगा। परंतु छापामारी टीम के द्वारा भाग रहे सफेद रंग की कार को पुलिस बल के सहयोग से रोका गया और गाड़ी में बैठे दो व्यक्ति को भागने का कारन पुछने पर उन्हे कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। तब पुलिस पदाधिकारी के द्वारा दोनों व्यक्ति का नाम पता पुछने पर पवन कुमार मंडल उम्र-25वर्ष एवं मन्टु कुमार मंडल उम्र- 26वर्ष दोनों पिता- रितलाल मंडल पता-महेशमुण्डा थाना-गाण्डेय जिला गिरिडीह बताया। जिसके बाद दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया। टीएसपी ने अपनी बातों को जारी रखते हुए आगे बताया कि सीआईडी के प्रतिबिंब ऐप के सहयोग से साइबर अपराधियों को पकड़ना आसान हुआ है। दोनों आरोपियों का साइबर क्षेत्र में आपराधिक इतिहास भी पाया गया है। बताते चले की रिश्ते में दोनों भाई है। दोनों भाई अपनी जिंदगी को आसान करने और लग्जरियस लाइफ बनाने के लिए साइबर अपराध की घटना को अंजाम दिया करते थे। नॉर्मल लिंक्स भेज कर लोगों के फोन से बैंक के डिटेल्स निकाल कर लाखों की ठगी किया करते थे।दोनों अपराधियों ने पुलिसिया पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया है। ●






**-: छापामारी दल के सदस्य :-**

- ☞ पुलिस उपाधीक्षक महोदया साईबर सेल रांची।
- ☞ श्री रवि ठाकुर पु०नि०सह थाना प्रभारी गोन्दा रांची।
- ☞ पु0अ0नि0 विवेक कुमार
- ☞ पु0अ0नि0 रंजन कुमार साह
- ☞ पु0अ0नि0 अजय कुमार दास (साईबर सेल रांची)
- ☞ पु0अ0नि0 शशि कुमार शर्मा (साईबर सेल रांची)
- ☞ स०अ०नि० प्रभा मरांडी
- ☞ थाना एंव साईबर के आरक्षी बल

# वर्ष 2023 में 327 नक्सली हुए गिरफ्तार : डीजीपी

● ओम प्रकाश

पुलिस ने अपराध को नियंत्रण करने के लिए लगातार अभियान चला रखा है। पुलिस ने दबाव बनाकर अपराधियों से सरेंडर ही नहीं करवाया बल्कि सैंकड़ों नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस मुख्यालय ने सालाना आंकड़े जारी किए हैं। डीजीपी अजय सिंह द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से लेकर दिसंबर 2023 तक पुलिस ने 327 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।वहीं 26 नक्सलियों ने पुलिस के सरेंडर कर दिया हैं। इसके अलावा भी अपराध और पुलिस की उपलब्धियों की लिस्ट जारी की गई है। पुलिस के वरीय अधिकारियों की मानें तो झारखण्ड पुलिस द्वारा राज्य में नक्सली संगठनों के विरुद्ध चौतरफा कार्रवाई की जा रही है। राज्य के एटीएस द्वारा संगठित आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई भी की जा रही है। साथ ही इन गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्रोतों, हवाला चौनल तथा इनके द्वारा अपराध से अर्जित किये हुए संपतियों का पता लगाकर जब्त करने का काम पुलिस कर रही है। इसके अतिरिक्त झारखण्ड पुलिस के द्वारा मादक पदार्थों एवं शराब के अवैध व्यापार पर प्रभावी रोकथाम हेतु लगातार छापामारी की रही है। साथ ही साईबर अपराधकर्मियों के विरुद्ध भी पुलिस को सफलता मिली है।

☞ **ये रही पुलिस की सफलता :-** जनवरी



2023 से 20 दिसम्बर-2023 तक कुल-397 नक्सली गिरफ्तार हुए। सैक सदस्य- 1, आरसीएम-1, जोनल कमान्डर-6, सब जोनल कमान्डर-11, एरिया कमान्डर-9 शामिल हैं। जिन पर राज्य सरकार ने एक करोड एक लाख रूपये का ईनाम रखा था। 26 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। जिसमें आरसी एम 3 जोनल कमान्डर-2। सब जोनल कमान्डर-9, एरिया कमान्डर-2 शामिल है। इन पर 80 लाख का ईनाम घोषित था। नक्सलियों से कुल 152 हथियार बरामद किये गये हैं, जिसमें पुलिस से लूटा गया 27 रेगुलर 16 एवं 109 देशी हथियार शामिल है। इसके अतिरिक्त 10350 गोली, विस्फोटक पदार्थ-243 किग्रा एवं 17.56 लाख रूपये लेवी की राशि की बरामदगी की गई है। 244 आईईडी को बरामद कर डिफ्यूज किया गया। संगठित अपराध से संबंधित कुल 132 काण्ड प्रतिवेदित हुए. जिसमें कुल-248 संगठित गिरोह के अपराधकर्मियों (पाण्डेय गिरोह-14, अमन साव गिरोह-20, प्रिंस खान गिरोह-62, फहीम खान गिरोह-3, अमन सिंह गिरोह-29 नेशनल आदिवासी डेमोक्रेटिक फोर्स-4, रोहित मुण्डा उर्फ बीडी गिरोह के 1, कैलू पासवान गिरोह के 4, अमन श्रीवास्तव गिरोह 1, विकास तिवारी गिरोह के 14, रंजित साव गिरोह-3 एवं अन्य) को गिरफ्तार किया गया है।इनके पास से 129 हथियार, 1677 गोली. 4 विस्फोटक पदार्थ, नगद 72.29.790/- रूपये एवं 65 दिरहम बरामद। राज्य में कुल 24325 विशेष काण्ड एवं 30678 अविशेष काण्ड प्रतिवेदित हुए और कुल-60049 काण्डों का निष्पादन किया गया। राज्य में कुल 88810 वारंट एवं 1886 कुर्की का निष्पादन किया गया, साथ ही काण्ड में 21162 एवं वारंट / कुर्की में 4271 कुल-25433 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वाहन चोरी के विभिन्न काण्डों में कुल-838 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है तथा काण्ड में चोरी गये 932 दो पहिया वाहन एवं 108 पहिया के साथ दो ऑटो बरामद किया गया।●

# स्लॉटर हाउस बनाने के लिए मुख्यमंत्री कर रहे विचार

● ओम प्रकाश

मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री संवाद का आयोजन किया गया था । जिसमें का कुछ पत्रकार उपस्थित हुए थे। पत्रकारों के सवालों के जवाब मुख्यमंत्री दे रहे थे। कई पत्रकारों ने पशु सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री से सवाल पूछे । इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने अपनी चार सालों की उपलब्धियों और किए गए कार्यों एवं जो कार्य बच गए हैं सभी कार्यों पर बात की। वहीं पत्रकारों ने स्लाटर हाउस पर भी सवाल उठाया गया। जिस पर कहा गया की झारखंड प्रदेश के जमीयतुल कुर के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने झारखंड में स्लाटर हाउस बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। इस अब तक क्या हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि



स्लाटर हाउस पर मेरा भी ध्यान है, लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जो इसका विरोध करते है। लेकिन इसकी चिंता नहीं करना है। बड़े जानवरों के लिए स्लाटर हाउस की आवश्यकता झारखंड में है। लेकिन तकनीकी कारणों से हम नहीं कर पा रहे हैं। वहीं पत्रकार प्रवेज कुरैशी ने इसी सवाल को जोड़ते हुए कहा कि आपके पास ज्ञापन सौंपा गया है। इस पर कितना कदम आगे चल सके। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में स्पष्ट कहा कि मुझे ज्ञात है कि ज्ञापन सौंपा गया है। इस पर बात चर्चा भी हुई है। इस पर हम लोग एक बार फिर से बैठक करेंगे। आपको बता दे की मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम में पशु संरक्षण को लेकर सवाल उठाया गया था। जिस पर मुख्यमंत्री जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा पशुओं की देखरेख के लिए पशुधन योजना भी चलाई गई है।●

# लोअर बाजार थाना क्षेत्र में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

● ओम प्रकाश

8 जनवरी को बरियातू थाना क्षेत्र स्थित एक धार्मिक स्थल में चोरी एवं प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने का मामला प्रकाश में आया और आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए। आरोपी के गिरफ्तारी की मांग करने लगे । हालांकि पुलिस प्रशासन पूरे व्यवस्था को शांत करने और आरोपी को पकड़ने का दिए आश्वासन के बाद मामला शांत हो गया.वही वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद रांची जिला के सभी थाना क्षेत्र को दिशा निर्देश दिया गया है कि वह अपने अपने थाना क्षेत्र में जितने भी धार्मिक स्थल हैं, वहां की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करें। सीसीटीवी वगैरह लगाई जाए और पुलिस की गतिविधियां बढ़ाई जाए।




☞ **लोअर बाजार थाना में हुई बैठक :-** इस घटना के बाद लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने अपने थाना क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थल के समितियां से जुड़े पदाधिकारी को तुरंत थाना में बुलाया और सभी के साथ बैठक की और उन्हे दिशा निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि अपने-अपने धार्मिक स्थलों के आसपास किसी भी मानसिक रोगी, नशा करने वाले या फिर असामाजिक तत्वों को भटकाने ना दें। यदि वह आसपास है तो उसे पर निगरानी रखें। साथ ही अगर आपके धार्मिक स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाए गए हैं , तो कैमरा लगाए, यदि कैमरा लगा हुआ है तो इसकी मॉनिटरिंग करें, ताकि वह खराब है तो उसे दुरुस्त कराया जाए। साथ ही किसी भी आपातकालीन में तुरंत पुलिस को सूचना दें , पुलिस आपकी सेवा में 24 घंटा हाजिर एवं तत्पर है।

☞ **इन क्षेत्रों में लगेगी सीसीटीवी कैमरे :-** लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने अपने थाना क्षेत्र के कुछ ऐसे संदिग्ध जगहों को चिन्हित किए हैं और वरीय पुलिस पदाधिकारी को वहां पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रस्ताव दिए हैं। खासकर लोअर बाजार थाना क्षेत्र के पत्थलकुदआ चौक से आरसीडीसी रोड, कांटा टोली चौक, कांटा टोली इदरीश कॉलोनी के पास और पुल के पास। इसके अलावा मौलाना आजाद कॉलोनी के मुख्य द्वार के आसपास एवं और भी कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रस्ताव दिए हैं।

☞ **एसएसपी ने कहा :-** इस पूरे मामले में एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि सभी थाना प्रभारी , डीएसपी को निर्देश दिया गया है कि वह अपने क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग करें।किसी भी धार्मिक स्थल पर किसी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाए । सीसीटीवी कैमरा आदि लगाई जाए। पुलिस की गतिविधियां बढ़ाई जाए।जहां पर संवेदनशील जगहें है या किसी तरह की परेशानी है तो वहां पर पुलिस फोर्स तैनात की जाए। जहां सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाए गए हैं,वहां की सूची बनाकर कुछ पुलिसकर्मी दिए हैं । जो नहीं दिए हैं उनसे भी मांगा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। धार्मिक स्थलों के पास को भी शरारती तत्व दिखे तो वे तत्काल हिरासत लिए जाएंगे।●

# प्रेस क्लब के अध्यक्ष, सचिव को किया गया सम्मानित

● ओम प्रकाश

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन झारखंड की ओर से रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन और सचिव अमरकांत सिंह का सम्मान समारोह श्रमजीवी पत्रकार यूनियन झारखंड के सभागार में किया गया। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष सह द रांची प्रेस क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत सिंह को बूके देकर एवं माला पहनाकर उन्हे शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने कहा कि आज पत्रकारों कि जो जिम्मेदारियां और चुनौतियां है उसको देखते हुए काम करता रहूंगा। पत्रकारों के हितों, अधिकारो और उनके बुनियादी सवालों को लेकर हमेशा संघर्षरत रहुंगा। श्रमजीवी पत्रकार



यूनियन के कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त किया। वहीं सचिव अमरकांत ने कहा कि द रांची प्रेस क्लब के प्रति जो भी जिम्मेदारियां होगी उसे पूरा करुंगा। आगे कहा कि अध्यक्ष सुरेंद्र और मैं दोनों किसी न किसी युनियन से जुड़े हुए हैं तो, पत्रकारों की हित में जो बेहतर होगा वह करेंगे। श्रमजीवी पत्रकार युनियन के उपाध्यक्ष परवेज कुरैशी ने कहा कि पत्रकारों के लिए श्रमजीवी पत्रकार युनियन हमेशा साथ खड़ा है। अब नये पदाधिकारी चुन कर आये हैं तो उम्मीद है कि पत्रकारों के हित में बेहतर होगा। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार युनियन के महासचिव सुनील सिंह, उपाध्यक्ष परवेज कुरैशी, सचिव संजीत, श्रमजीवी पत्रकार के संयुक्त सचिव विनय कुमार , सदस्य, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के कार्यालय सचिव अजय सिंह, जितेंद्र गुप्ता, योगेंद्र सिंह बेनी, संतोष, डा अविनाश, श्यामल , मनोज, अकबर कुरैशी, रिजवान, सुनील सिंह सहित कई पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्तागण उपस्थित थे।●

# पुलिसकर्मियों के लिए नया भवन 2024 में ही : संजय सेठ

● ओम प्रकाश

राँची के चडरी तालाब स्थित झारखंड पुलिस एसोसिएशन के कार्यालय परिसर में, नवनिर्मित भोजनालय भवन का उद्घाटन,मुख्य अतिथि भाजपा के, रांची सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि भाजपा के, रांची विधानसभा के विधायक सीपी सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के बाद नव प्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षकों के विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, फिर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें चुनाव से लेकर कई विषयों पर चर्चाएं हुई।

☞ **2024 में एंबुलेंस और नई इमारत :-** झारखंड पुलिस एसोसिएशन परिसर में भोजनालय उद्घाटन करने के बाद सभी पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन की जो 2024 में मांगे हैं, नए भवन और एक एंबुलेंस की, ये दोनों मांगे इसी साल पूरी कर दी जाएगी। संजय सेठ ने कहा कि पुलिसकर्मी हमारी सेवा में दिन-रात लगे रहते हैं। जिस परिस्थितियों से वह गुजर बसर कर रहे हैं, मैंने पुलिस लाइन में भी जाकर उनकी स्थिति को देखा है। इनकी जरूरतों को देखते हुए उनकी जो मांगे हैं उसे पूरा किया गया है और आगे भी पूरी की जाएगी। वहीं रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि 24 घंटा अपना सारा काम ,पर्वख़्त्योहार सबकुछ छोड़कर पुलिसकर्मी हम लोगों की सुरक्षा में लगे रहते हैं। ऐसे पुलिसकर्मियों की सुविधाओं के लिए हम सभी को सोचना चाहिए।अभी तो इनका भोजनालय के लिए जो भवन का उद्घाटन हुआ है और उन्होंने जो आगे भी मांग रखी है , उसे भी पूरा किया जाएगा। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि हमारा भवन ऐसा हो,जो देश भर के पुलिसकर्मियों को देखकर लगे कि अगर पुलिस कर्मियों के लिए कहीं भवन बनाया गया है, तो वह केवल रांची में ही हैं।उन्होंने कहा कि हमारी जो भी जरूरतें थी वह धीरे-धीरे पूरी हो रही है। पहले पुलिसकर्मियों के लिए भोजनालय भवन की जगह नहीं थी, वह भी सांसद संजय सेठ की मददत से बनकर तैयार हो गया है। बिजली की दिक्कतें होती थी इसके लिए भी नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है।



अब रांची विधायक सीपी सिंह और सांसद संजय सेठ से हमारी दो और मांगें है कि पुलिस कर्मियों के लिए एंबुलेंस और एक नया भवन का भी व्यवस्था किया जाए। इन दोनों मांगों पर उन्होंने स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिये हैं और 2024 में इसे बनाने व पूरा करने का आश्वासन भी दिये हैं। हमें न सिर्फ उम्मीद है बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यह काम भी जल्द और समय पर पूरा हो जाएगा। इस मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडेय, अरविंद प्रसाद यादव, महामंत्री अक्षय कुमार राम, संयुक्त सचिव महताब आलम, रंजन कुमार, संगठन सचिव अंजनी कुमार , प्रक्षेत्रीय मंत्री रांची प्रक्षेत्र धर्मेंद्र सिंह,अभिनव पाठक, चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश प्रसाद, सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, नामकुम थाना प्रभारी सुनील सिंह, जगरनाथपुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह, भीम सिंह , सहित नव प्रोन्नत डीएसपी व विभिन्न थानों के एवं एसआई एवं ट्रैफिक पुलिसकर्मी आदि शामिल थे।●

# कार में तहखाना बना ले जा रहा था विदेशी शराब

● ओम प्रकाश

राजधानी रांची की चुटिया थाना पुलिस ने कार में तहखाना बनाकर ,उसमें शराब भरकर, बिहार ले जा रहे एक व्यक्ति को एक होंडा सिटी कार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जब कार को पकड़ा और छानबीन की तो उसमे करीब 400 बोतल अवैध विदेशी शराब मिले। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार शराब तस्कर ने बताया कि नए साल में इस शराब को बिहार ले जाकर बेचने की तैयारी थी। इसलिए पुलिस से बचने के लिए उसने सीट के नीचे तहखाना बना रखा था,ताकि पुलिस को इस मामले की भनक न लगे। गिरफ्तार शराब तस्कर ने बताया कि बिहार में 400 बोतल शराब की बिक्री दो लाख रुपए में होती,जिसने एक लाख रुपए से अधिक की आमदनी होती। इसलिए पूरी योजना के साथ शराब लेकर बिहार जा रहे थे।

☞ **सिटी एसपी को मिली गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई :-** जानकारी के अनुसार राँची के सिटी एसपी राज कुमार मेहता को इसकी भनक लग गई। जिसके बाद उनके निर्देश पर सिटी डीएसपी दीपक कुमार और चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार ने लोअर चुटिया से सामलींग जाने वाले रोड में जांच अभियान चलाकर एक होंडा सिटी कार को शक के आधार पर रोका। पुलिस द्वारा कार को रोके जाने पर चालक हड़बड़ा कर तेजी के साथ गाड़ी लेकर भागने का प्रयास करने लगा। जिससे बाद चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए कार चालक को खदेड़कर कर दबोच लिया। इसके बाद कार की तलाशी ली गई पर अंदर कुछ नहीं मिला। फिर कुछ सोच कर थाना प्रभारी ने जब कार का सीट हटा कर देखा, तो सभी दंग रह गए। कार की डिक्की के नीचे एक तहखाना बना बना हुआ था, जिसमे आरोपी ने लगभग 400 बोतल अंग्रेजी शराब छिपा रखा था। कार में बिहार का रजिस्ट्रेशन नंबर लगा है। जब्त शराब की कुल कीमत लगभग दो लाख रुपये है। पूछताछ में गिरफ्तार शराब तस्कर ने अपना नाम सूरज वर्मा बताया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।●



# इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में मिला प्रमोशन

● ओम प्रकाश

झारखण्ड के 93 इंस्पेक्टर रेंक के पुलिस पदाधिकारी को डीएसपी रैंक में प्रमोशन मिला है। इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 28 दिसंबर गुरुवार की दोपहर अधिसूचना जारी कर दी है। रेल जमशेदपुर में पदस्थापित महिला बॉक्सर अरुणा मिश्रा व महिला तीरंदाज झानो हांसदा को डीएसपी में प्रोमोशन मिला है। सूची में डेविड सुनील कुमार मिंज (विशेष शाखा), अर्जुन पूर्ति, दिपाली नायक, संजय कुमार, आबिद खान, प्रभास नाथ मिश्रा, राधेश्याम दास, मंजू कुमारी कश्यप, सुमन कुमार सुमन, बिरजू गंझू, बुधराम उरांव, मणि भूषण प्रसाद, गंदरू भगत व जयप्रकाश टोप्पो (सभी विशेष शाखा), शिवपूजन बहेलिया, अटल शांडिल, राजेश कुमार सिन्हा, दयानंद आजाद, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, श्रीनिवास व सुलेखा इसाबेला टुडू (सभी सीआइडी रांची), भरत राम, सत्येंद्र नारायण सिंह व अजीत अरुण एक्का (तीनों एसीबी रांची), अरुणा मिश्रा, झानो हांसदा व यदु साव (तीनों रेल जमशेदपुर), सुजीत राय व अनिल एक्का (सीटीसी मुसाबनी), विजय रंजन कुमार व संजय कुमार (जेपीए हजारीबाग), अजय कुमार केसरी (विशेष शाखा), संतोष कुमार (एसटीएफ), राजेश कुमार (एटीएस), सतीश कुमार सिन्हा



(सीआइडी साइबर थाना), मनोज कुमार ठाकुर (टीटीएस जमशेदपुर), प्रकाश टोप्पो (रेल धनबाद), रमेश कुमार, राजीव रंजन लाल, वैकटेश कुमार, राजकुमार यादव, संजीव कुमार-1, नीरज कुमार, अरविंद कुमार सिंह व श्री नीरज (सभी रांची), राजेश प्रसाद रजक (खूंटी), रामजी महतो



(गढ़वा), बालकृष्ण भगत, दीपक कुमार व राजबल्लभ पासवान (तीनों पलामू), धर्मदेव पासवान (लातेहार), बैजू उरांव वअनूप बीपी केरकेट्टा (दोनों गुमला), चंद्र मोहन हांसदा व बनारसी प्रसाद (दोनों लोहरदगा), सुधीर कुमार चौधरी व शिव प्रकाश कुमार (दोनों चतरा), सावना खड़िया (कोडरमा), नलिन कुमार मरांडी व मनोज कुमार सिंह (दोनों हजारीबाग), विद्या शंकर (रामगढ़), नोएल भूषण मिंज, अशोक कुमार राम, राजेंद्र कुमार दास, कौशलेंद्र कुमार झा, अरविंद कुमार, इंद्रदेव राम, राइफल मुर्मू व गोवर्धन उरांव (सभी जमशेदपुर), निरंजन तिवारी व लक्ष्मण प्रसाद (दोनों चाईबासा), कृष्ण मुरारी व निवास सिंह (दोनों सरायकेला), सत्येंद्र प्रसाद (देवघर), प्रमोद कुमार सिंह (दुमका), अशोक पासवान (पाकुड़), बिनेश लाल व रमाकांत तिवारी (दोनों गोड्डा), विश्वनाथ सिंह व सुनील कुमार चौधरी ( दोनो जामताड़ा), रविंद्र कुमार सिंह, शंकर कामती, जय गोविंद प्रसाद गुप्ता, शैलेश कुमार चौहान, सुधीर सुरीन व मुनू टुडू (सभी बोकारो), नयन सुख दादेल, अलबिनुस इंदवार, किशोर तिकी व प्रभात कुमार सिंह (सभी धनबाद), वीरेंद्र टोप्पो, राम नारायण चौधरी व परमेश्वर लेयांगी (तीनों गिरिडीह) शामिल हैं। जिसके बाद नवप्रोन्नत डीएसपी का पिपिंग सेरेमनी आयोजित किया गया। बता दे कि राँची जिला बल के सात इंस्पेक्टर का डीएसपी रैंक में प्रोन्नति हुई है।इसे लेकर 7जनवरी दिन रविवार को राँची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने सभी नवप्रोन्नत डीएसपी को बैच लगाकर सम्मानित किया एवं उन्हे शुभकामनाएं दी।●

# मंदिर में चोरी करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

● ओम प्रकाश

राजधानी रांची की सदर थाना पुलिस ने न्यू नगर बांधगाड़ी दीपाटोली रोड नंबर 6 में स्तित शिव मंदिर का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में आशिष कुमार उर्फ आशिष कुमार राय उम्र 24 वर्ष, पता खटंगा, थाना खेलगॉव, जिला राँची एवं राहुल महतो उम्र 19 वर्ष, पता क्वाटर संख्या थ्स–21ए बी.आई.टी. कैम्पस मेसरा, सदर, राँची शामिल है। इनकी निशानदेही पर मंदिर में चोरी गये दान पेटी सहित सभी सामान बरामद कर लिए गए है। पुलिस ने इनके पास से मंदिर से चोरी किए गए पीतल का पांचदीप, पीतल का लोटा,पीतल का प्लेट,ग्लास,थाली,पीतल का घड़ीघंट, दो मᵒपकम बैटरी एवं दान पेटी से चोरी किए गए रुपए बरामद किए हैं और साथ ही मंदिर का ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे का छड़ को भी बरामद किया गया है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता में बताया कि मंदिर में चोरी की सूचना के बाद मामले का उद्वेदन हेतु उनके आदेश अनुसार रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन एवं सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा कांड का त्वरित अनुसंधान करते हुए तत्परतापूर्वक कांड का उद्भेदन करते हुए वो अभियुक्त .आशिष कुमार उर्फ आशिष कुमार राय एवं 2. राहुल महतो को गिरफ्तार किया गया।



तथा उनकी निशानदेही पर मंदिर में चोरी गये दान पेटी सहित सभी सामान बरामद किया गया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने अपनी बातों को जारी रखते हुए आगे कहा कि आशीष कुमार राय का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है, जो पूर्व में पंडरा थाना क्षेत्र में गोली फायरिंग के मामले में वर्ष 2021 में जेल जा चुका है। 11 जनवरी की सुबह सदर थाना क्षेत्र के कोकर में मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी थी। टेक्निकल टीम के सहयोग से सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के बाद दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े। जिन्होंने अपना गुनाह स्वीकारा और बताया की नशे की हालत में उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

☞ **छापामारी दल के सदस्य :-** लक्ष्मीकान्त, पुलिस निरीक्षक–सह–थाना प्रभारी, सदरराँची मनोज महतो, थाना प्रभारी, खेलगाँव थाना। राँची सुमित कुमार, प्रभारी, बी.आई.टी. मेसरा ओ.पी। संजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक, सदर थाना, राँचीगौतम वर्मा, पुलिस अवर निरीक्षक, सदर थाना, राँची त्रिपुरारी कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक, सदर थाना, राँची प्रकाश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक, सदर थाना, राँची सत्येन्द्र सिंह, सहायक अवर निरीक्षक, सदर थाना, रांची आरक्षी /3349 प्रभांषु कुमार, सदर थाना, राँची शामिल है।●

# ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

● ओम प्रकाश

राजधानी रांची की अरगोड़ा थाना पुलिस ने 25 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम वसीमुद्दीन निवासी पुंदाग रांची है। पुलिस ने इसके पास से 25 पुड़िया ब्राउन शुगर जिसका वजन 2 ग्राम है, एक काले रंग का होंडा शाइन एवं एक ब्लू रंग का ओप्पो कंपनी का स्मार्टफोन बरामद किया है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची द्वारा सूचना मिली कि अरगोड़ा थानान्तर्गत हरमू चौक के आस–पास ब्राउन शुगर की बिकी की जा रही है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, पुलिस उपाधीक्षक हटिया एवं अरगोड़ा थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम संध्या समय साढ़े नौ बजे जब हरमू चौक के पास पहुंची, तो वहां देखा कि एक व्यक्ति पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल से



भागने का प्रयास कर रहा है। जिसके बाद उस व्यक्ति को संदेह की स्थिति में बाइक समेत पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम वसीमुद्दीन निवासी पुनदाग, लवातु टोला का बताया। तलाशी के क्रम में इसके पास से 25 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वसीमुद्दीन ने बताया कि वो सभी तरह के नशीले पदार्थ की खरीद–बिकी घूम–घूम कर किया करता हैं। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने आगे कहा कि आगे भी नशे के सौदागरों के खिलाफ उनकी कार्रवाई जारी रहेगी।वे किसी भी हालत में बक्से नहीं जाएंगे।उन्हे चुन चुन कर गिरफ्तार किया जाएगा।

☞ **छापामारी दल का सदस्य :-** पुलिस उपाधीक्षक हटिया, राजा मित्रा, पुनि सह थाना प्रभारी बृजकुमार, पुअनि आसित लकड़ा, पुअनि पिन्टू कुमार, पुअनि कृष्णा कुमार, राकेश कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे।●

# माधुरी को देख एक्ट्रेस बनने का आया ख्याल

● ओम प्रकाश



राँची की सिमरन गुप्ता साउथ फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमा रही हैं। हाल ही में उनकी तेलगू में आई फिल्म 'अन्वेशी' सुपरहिट रही। बचपन से ही अपने काम को पहचान कर इसमें करियर बना रही सिमरन ने गुरुवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी एक्टिंग यात्रा के बारे में बताया। कहा कि शुरू से ही डांस करना, गाना गाना, कैमरे के सामने पोज देना अच्छा लगता था। माधुरी दीक्षित को एक्टिंग करते देख उनके एक्सप्रेशन को कॉपी किया करती थी। मम्मी ने हमेशा सपोर्ट किया, हर जगह मेरे साथ जाती थीं। अपनी साउथ की फिल्मों में काम करने को लेकर कहा कि भाषा बैरियर नहीं बनी। शूटिंग के एक दिन पहले ही डयलॉग लेकर याद कर लेती थी और उसके अगले दिन शूट होता था। इस दौरान सिमरन ने तेलुगू और तमिल में डायलॉग भी बोला। सिमरन ने एक्टिंग की ट्रेनिंग कहीं से नहीं ली। अबतक 450 से भी ज्यादा ऑडिशन दे चुकी हैं। पत्रकारों के सवाल के जवाब में सिमरन गुप्ता ने कहा कि नेपोटिस्म हर फील्ड में है, सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री की ही बात नहीं है। और आज के युवा जो इस फिल्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं वो लगे रहें। पूरी लगन से काम करें। सिमरन ने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के साथ काम करने की इच्छा भी जाहिर की। साथ ही बॉलीवुड के अक्षय कुमार भी उन्हें पसंद हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनकी मां सीमा और पिता लक्ष्मण प्रसाद भी मौजूद रहे। सिमरन ने रांची के जिन कोरियोग्राफर से डांस सीखा था, सभी वहां आए, जिनसे सिमरन ने आशीर्वाद लिया। इनमें नमिता, इंद्रजीत सिंह, सतीश शाहदेव, रवि तिग्गा, अनमोल व उज्ज्वल मौजूद थे। इससे पहले द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत व कोषाध्यक्ष कुबेर ने सिमरन को सम्मानित किया एवं मंच संचालन वरीष्ठ पत्रकार कुंदन चौधरी व परवेज कुरैशी ने किया।●

# मोबाइल छीनतई के आरोप में एक गिरफ्तार

● ओम प्रकाश

राँची की अरगोड़ा थाना पुलिस ने मोबाइल छीनताई करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम फरमान अंसारी उर्फ छोटू निवासी पुनदाग है। जानकारी के लिए आपको बता दे की इस कांड की वादिनी के द्वारा थाने में एक लिखित आवेदन दिया गया कि, जब ये पीपरटोली से पंचम नगर जा रही थी, तब संत फांसीस रोड में एक बाइक पर सवार दो लड़के पीछे से आकर जबर्दस्ती इनका मोबाइल छीनकर चापुटोली की ओर भाग गए। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता के दिशा-निर्देशन में इस घटना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई एवं इस काण्ड में शामिल अभियुक्त फरमान अंसारी को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से इस काण्ड में लूटा गया मोबाइल एवं इस घटना में प्रयुक्त एक यामाहा मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी ने इस घटना में शामिल अपने दूसरे साथी का नाम इरशाद अंसारी निवासी पुनदाग बताया।जिसके बाद पुलिस ने इरशाद अंसारी के घर पर भी छापामारी की , किन्तु, वह घर से भागा पाया गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। बता दे कि गिरफ्तार फरमान अंसारी पूर्व में भी जेल जा चुका है।



☞ **जप्त सामानों का विवरण :-** अभियुक्त के पास से 02 मोबाइल जिसमें से एक इस काण्ड में लूटा गया रियल मी मोबाइल एवं वन प्लस क० का एक मोबाइल, घटना में प्रयुक्त काला रंग का यामहा मोटरसाइकिल न०- जेएच 01 एवी 0226 ।

☞ **छापामारी दल का सदस्य :-** पुनि सह थाना प्रभारी बृजकुमार, पुअनि आकाश कुमार, पुअनि अनिमेष शांतिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।●

**अभी कलम उठाइये**

**आपके सामने हो रहे भ्रष्टाचार एवं अपराध की खबर की समीक्षा करें और सरकार सहित पुलिस-प्रशासन तक उसको पहुंचाने के लिए केवल सच पत्रिका के साथ जुड़े। खबर की जानकारी इस नम्बर पर दें**

**सम्पर्क करें:- 9431073769/9955077308**

**ई-मेल:- editor.kstimes@rediffmail.com पर भेजें।**




# नववर्ष पर शहरवासियों को मिला एरोबिक बायो टॉयलेट

● गुड्डी साव

राज्य सरकार के पहल से रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल तीन स्थलों पर निगम द्वारा लगभग 3 करोड़ की लागत से तीन एरोबिक बायो टॉयलेट्स का निर्माण कराया गया है दिनांक 09.01.2024 को माननीय लोकसभा सांसद श्री संजय सेठ माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी तथा माननीय विधायक रांची श्री सीपी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में मोराबादी स्थित निबंधन कार्यालय के समीप अटल स्मृति वेंडर मार्केट के समीप तथा आईटीआई बस स्टैंड में नवनिर्मित एरोबिक बायो टॉयलेट का उद्घाटन किया गया। बता दें मोराबादी स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के समीप एरोबिक बायो टॉयलेट में छह पुरुष और दो महिला टॉयलेट की सुविधा है इसी प्रकार आईटीआई बस स्टैंड और अटल वेंडर मार्केट के समीप निर्मित टॉयलेट में चार पुरुष और दो महिला टॉयलेट की सुविधा दी गई है जल्द ही चौथा एरोबिक बायो टॉयलेट का निर्माण बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा बस स्टैंड में शुरू किया जाएगा



एरोबिक बायो टॉयलेट दुर्गंध रहित व मीथेन गैस रहित है साथ ही साथ इसमें कुछ ही क्षणों में मल मूत्र पानी में तब्दील हो जाएगा इस प्रकार के गुणवत्तापूर्ण एवं पर्यावरण अनुकूल बायो टॉयलेट में सीवरेज लाइन या टंकी की भी आवश्यकता नहीं पड़ती है इस टॉयलेट की खासियत यह है कि इससे पॉल्यूशन नहीं होता टॉयलेट के नीचे बायो डाइजेस्टर कंटेनर लगा होता है जिसमें एनएरोबिक बैक्टीरिया होता है यह बैक्टीरिया मल को पानी और गैस में बदल देता है पूरी प्रक्रिया के बाद सिर्फ मीथेन गैस और पानी ही रह जाता है जिसे रीसाइकलिंग कर शौचालय या बागवानी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है इससे दुर्गंध भी नहीं आती और सदैव स्वच्छ भी रहता है बायो टॉयलेट में यूरिन को स्टोर करने के लिए टैंक लगाए गए हैं इसमें केमिकल डालकर यूरिन को पानी में कन्वर्ट कर दिया जाएगा इससे दुर्गंध की समस्या नहीं होगी और ड्रेनेज में बहाया जा सकेगा मौके उप प्रशासक श्री रजनीश कुमार मुख्य अभियंता श्री रमा शंकर राम सहायक अभियंता, कन्या अभियंता के साथ-साथ अन्य कर्मी उपस्थित थे।

✯ **इको फ्रेंडली ओडर फ्री एरोबिक बायो टॉयलेट :-** आधुनिकीकृत इको फ्रेंडली ऑर्डर फ्री एरोबिक बायो टॉयलेट कॉम्प्लेक्स समाज के विकास और बेहतर नागरिक सेवाओं के लिए नवाचार का एक मार्ग है और स्वच्छता और वैकल्पिक सिवरेज प्रणाली पर एक अनूठा समाधान है। एरोबिक बायो टॉयलेट एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा मानव अपशिष्ट को बायो डाइजेस्टर मल्टी चैंबर टैंक में मौजूद बायो मीडिया द्वारा पूरी तरह से पचाया जाता है और इसे गैर विषैला पानी और गैस के अंश में परिवर्तित किया जाता है ठोस अपशिष्ट को जमीन में बहाए जाने की कोई संभावना नहीं है।

✯ **बुनियादी विशेषताएं :-**

☞ पूरे कचरे को 24 घंटे के भीतर उपयोग योग्य गैर विषैले और गंध मुक्त पानी में बदल दिया जाएगा

☞ शौचालय कहीं भी चल सकने योग्य है

3. कोई भी मानव ठोस अपशिष्ट पीछे नहीं छोडा जाता है ( क्योंकि यह गंध रहित पानी में परिवर्तित हो जाता है )

☞ भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अनुमोदित

☞ स्वच्छ भारत मिशन द्वारा स्वीकृत

☞ इससे पर्यावरण और स्वच्छता की बेहतरीन के लिए आगे बढ़ने और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) और पर्यावरण अनुकूल बायो टॉयलेट का नेतृत्व करने में भी मदद मिलेगी

**सोसाइटी को लाभ :-**

☞ आम लोगों को सबसे पर्यावरण अनुकूल स्वच्छता प्रणाली प्रदान करना और जीवन की गुणवत्ता और शौच प्रबंधन को बढ़ाने में लोगों को सर्वोत्तम सहायता प्रदान करना।

☞ एरोबिक बायो प्रौद्योगिकियों के अभिनव अनुप्रयोग के माध्यम से लोगों को गुणवत्ता और आधुनिकीकरण से लेकर अंत तक स्वच्छता समाधान और सेवाएं प्रदान करना और स्वच्छ भारत मिशन का एक अभिन्न अंग बनना। ●

# गुलाम अहमद मीर का हुआ भव्य स्वागत

● गुड्डी साव



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने दो दिवसीय प्रवास में नए साल की शुरुआत में 02/01/2024 दिन मंगलवार को रांची पहुंचे रांची एयरपोर्ट में गुलाम अहमद मीर का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया अभिनंदन समारोह स्थल आने के क्रम में बिरसा चौक पर बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर झारखंड प्रभारी ने माल्यार्पण किया वहीं गुलाम अहमद मीर के पहली बार रांची आगमन पर यूथ कांग्रेस आउट रीच सेल के प्रदेश चौयरमैन इंद्रजीत सिंह ने भी बिरसा चौक पर स्वागत एवं अभिनंदन किया मोराबादी स्थित संगम गाडेन में प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शिरकत किया। सर्वप्रथम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नवनियुक्त प्रभारी को शाल एवं बिरसा का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अभिनंदन समारोह में मंत्री गण विधायक गण प्रदेश पदाधिकारी जिला अध्यक्ष सहित जिला से आए काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड के अभिवादन से हम भाव विभोर हैं।



झारखंड कांग्रेस में ऊर्जा की कमी नहीं है यह देखने को मिल रहा है उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे और राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि झारखंड जैसे गौरवमय प्रदेश का जिम्मा मुझे सोंपा गया है इसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं जिस झारखंड देश में सुई का निर्माण कभी नहीं हुआ आज वहां हवाई जहाज से लेकर सैटेलाइट का निर्माण हो रहा है जो कि कांग्रेस की वजह से पूरा हो पाया है इसलिए आप सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पूरे जोश उत्साह के साथ पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करना होगा आने वाले 2024 चुनाव के लिए आपके लिए बहुत खुशी की बात है कि यहां आपकी सरकार है इसलिए उसको साकार करना होगा और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना होगा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संबोधन किया और कहा कि पूर्व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के साथ जो मिलकर कार्य किए हैं उसे गुलाम अहमद मीर साहब के साथ आगे बढ़ाना है साथ ही इंडिया गठबंधन को मजबूत करते हुए 14 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए हमें दृढ़ संकल्प करना होगा हमें प्रभारी का जो भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा हम पूरी तरह से उसे जमीन पर उतारने का प्रयास करेंगे। हम पंचायत स्तर से लेकर बूथ स्तर तक की कमेटी का निर्माण कर चुके हैं हम उसे पूरी मजबूती के साथ 2024 के चुनाव में उतारेंगे साथ ही श्री ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी का मकसद है पूरे भारत में मोहब्बत की दुकान खोलना जिसे हम सभी कार्यकर्ताओं का प्रयास प्रभारी के मार्गदर्शन से पूरा करेंगे लोकतंत्र को बचाना है संविधान की रक्षा करनी है और इसका दायित्व कांग्रेस के कंधों पर जाता है।●

## अभी कलम उठाइये

**आपके सामने हो रहे भ्रष्टाचार एवं अपराध की खबर की समीक्षा करें और सरकार सहित पुलिस-प्रशासन तक उसको पहुंचाने के लिए केवल सच पत्रिका के साथ जुड़े। खबर की जानकारी इस नम्बर पर दें**

**सम्पर्क करें:- 9431073769/9955077308**

**ई-मेल:- editor.kstimes@rediffmail.com पर भेजें।**



# नये साल की शुरुआत में हुई राजनीतिक हलचल तेज

● गुड्डी साव

नए साल की शुरुआत में ही झारखंड में राजनीतिक हलचल हर घंटे तेज होती रही इन खबरों के साथ की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को वह अपनी राज्य का मुख्यमंत्री नियुक्त कर सकते हैं रांची में 3 जनवरी शाम 4:30 बजे मुख्यमंत्री आवास में हेमंत सोरेन ने अपनी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक दल की बैठक बुलाई इस बैठक में गठबंधन के करीब कुल 42 विधायक पहुंचे स्टीफन मरांडी, जोबा मांझी, दीपक बरुआ, बेबी देबी, मिथिलेश ठाकुर, भूषण बाड़ा, समीर मोहंती, राजेश कश्यप, अनूप सिंह के अलावा 15 विधायक और आरजेडी के विधायक इस बैठक में शामिल हुए वहीं झामुमो के चार और कांग्रेस के दो विधायक इस बैठक में नहीं शामिल हो सके। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता रूढ़ दल के मंत्री और विधायक गानों की अहम बैठक हुई इस बैठक में राज्य के ताजा राजनीतिक हालात पर विशेष रूप से चर्चा हुई मुख्यमंत्री ने पूरे घटनाक्रम पर अपनी बात रखते हुए सभी को इससे अवगत कराया कि वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं इस मौके पर सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री के प्रति अपना पूरा विश्वास जताया उन्होंने कहा कि वह हमेशा उनके साथ हैं और आगे भी बने रहेंगे किसी भी तरह की स्थिति में वे सभी पूरी तरह एक जुट है और मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के खिलाफ किसी भी तरह की साजिश सफल नहीं होने देंगे उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास और जनहित में लगातार कार्य कर रही है और यह निरंतर जारी रहेगा।●



# झारखण्ड सरकार के करीबियों के यहां ईडी का छापा

● गुड्डी साव

राँची में ईडी की टीम एक बार फिर छापेमारी कर रही है बताया गया है कि झारखंड सरकार के बेहद करीबी लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की गई। सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, होटवार जेल समेत कई ठिकानों पर छापा मारने का सिलसिला जारी रहा साथ ही यह छापेमारी रांची के अरगोड़ा और रातू रोड में भी की गई।




☞ **ईडी ने सर्च ऑपरेशन चलाया है :-** पीएमएलए के 2002, प्रावधानों के तहत, 03. 01.2024 को 12 परिसर में झारखंड राज्य में स्थित पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार परिसर के आवास शामिल हैं। अभिषेक प्रसाद पिंटू ( प्रेस सलाहकार ) जो कि झारखंड राज्य के माननीय मुख्यमंत्री के है, राम निवास यादव, (डीसी वा साहिबगंज जिला) और राजेंद्र दुबे, (डीएसपी) जो कि साहिबगंज के एक मामले के सिलसिले में अवैध पत्थर खनन का मामला सामने आया है तलाशी के दौरान संचालन विभिन्न आपत्तिजनक, दस्तावेज/अभिलेख, डिजिटल उपकरण और नगद राशि रुपए 36.99 लाख जिसमें शिविर से 7.25 लाख रुपए भी शामिल है।●

# देश की वर्तमान जनसंख्या : वरदान या अभिशाप!



● शैलेन्द्र कुमार

भारत लगभग 140 करोड़ की आबादी के साथ आज दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश बन चुका है। इस विशाल आबादी को देखने के दो नजरिए हैं। एक -अभिशाप और दूसरा -वरदान। एक - यह देश की सबसे बड़ी समस्या है और हमारी गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, पिछड़ेपन, स्वास्थ्य और संसाधनों की कमीं का मूल कारण है। दूसरा- विशाल आबादी हमारे लिए संसाधनों का भंडार है और पूरी दुनिया में सबसे तीव्र प्रगति करने का स्वर्णिम अवसर है। जितने हाथ उतने काम और उतने ही परिणाम। जितने दिमाग उतने विचार और उतने ही आविष्कार। जब एक इंसान पूरी दुनिया की दिशा बदल सकता है तब सोचिए 142 करोड़ भारतवासी मिलकर पूरे देश को कहाँ से कहाँ ले जा सकते हैं? यह वैसे ही है जैसे एक बीज को बोरे में बंद कर निष्क्रिय बना दिया जाय या उसे जमीन में रोपकर विशाल वृक्ष बनने का अवसर प्रदान किया जाय। यह आबादी भारत के लिए तभी वरदान बन सकती है जब हम देश के एक-एक नागरिक को कुशल और क्षमतावान बना दें। जब उन्हें किसी के सामने नौकरी ढूँढने और हाथ फैलाने की जगह उद्यम और व्यवसाय के कौशल से कुशल कर दें। जब उन्हें आलस्य, अकर्मण्यता और निराशा के जाल से बाहर निकालते हुए मेहनतकश और जुनूनी बना दें। देश को रटने वाली शिक्षा से कौशल आधारित और सक्षम बनाने वाली शिक्षा में परिवर्तित कर दें। कक्षाओं में पढ़ाये जा रहे पाठों को ज्ञान, समझ, उपयोग, विश्लेषण और सृजन के उच्चतम स्तर तक पहुँचा दें। बच्चों को संचार,सहयोग, तर्कसंगत रूप से सोचने तथा रचनात्मकता जैसे कौशल में दक्ष कर दें। उन्हें सामाजिकता, संवेदनशीलता, विनम्रता, उत्पादकता, पहल और नेतृत्व जैसे जीवन मूल्यों से भर दें।



यह कार्य पूर्णतः संभव है और यहाँ घर, विद्यालय और सरकार; तीनों को एक साथ मिशन मोड में काम करना होगा। खासकर विद्यालयों के आधारभूत संरचना में आमूल चूल परिवर्तन की आवश्यकता है ताकि बच्चों को अधिक से अधिक अनुभव एवं कौशल आधारित शिक्षा दी जा सके।नई शिक्षा नीति के तहत प्रस्तावित सभी कौशल आधारित पाठ्यक्रम को विद्यालय स्तर पर लागू किया जाना चाहिए तथा इसके लिए शिक्षकों को उचित प्रशिक्षण देकर तैयार की जानी चाहिए ताकि इन नए-नए कौशलों का पठन- पाठन सुचारू और नियमित रूप से किया जा सकेस इस दिशा में अभिभावकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगीस आज जिस तरह से अभिभावक बच्चों को अधिक से अधिक अंक और अच्छे ग्रेड लाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं यह जाने बगैर कि उन बच्चों की क्या अभिरुचि रुचि है? उनके क्या पसंद- नापसंद है, उसने खुद के लिए क्या लक्ष्य रखा है? किस क्षेत्र में वह बेहतर कर सकता है?अभिभावकों को अब अपनी सोच में बदलाव की जरूरत हैस उन्हें बच्चों को अपनी क्षमता एवं अभिरुचि के अनुसार खुद के लिए निर्णय देने की स्वतंत्रता देनी चाहिए तथा अंक और ग्रेड के पीछे दौड़ने की बजाय बच्चों के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ।इसके साथ साथ विद्यालय शिक्षा में करिकुलम, पेडेगॉजी और असेस्मेंट प्रैक्टिसेज में व्यापक बदलाव की जरूरत है। नई तकनीक जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑगमेंटेड रियलिटी एवं वर्चुअल रियलिटी से बच्चों को रूबरू कराने की जरूरत है ताकि वैश्विक स्तर पर उन्हें खुद को स्थापित करने मैं किसी चुनौती का सामना न करना पड़े।विद्यालय स्तर पर नए-नए प्रयोग एवं इनोवेशन को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बच्चों को इन नवाचारों के लिए अधिक से अधिक अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। सनई शिक्षा नीति के साथ इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है और इसे सफल बनाने में देश के एक-एक व्यक्ति का सहयोग अपेक्षित है। कुछ लोग देश की समस्याओं के लिये सिर्फ भाषण देते हैं और दिन-रात सरकार को कोसते रहते हैं। लेकिन उन समस्याओं के निदान के लिये एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाते । लेकिन कुछ लोग होते हैं जो दशरथ माँझी की तरह पहाड़ खोदकर सड़क बना लेते हैं। देश को दशरथ माँझी जैसे लोंगो की ही जरूरत है।



आइये! इस अभियान में अपना सर्वस्व समर्पित कर दें। जय हिंद! जय भारत! जय झारखंड! ●


**(लेखक परिचय :- प्राचार्य, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया कोडरमा सह राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी, जिला संयोजक, कोडरमा सह अध्यक्ष ,कोडरमा विद्यालय सहोदया परिसर।)**

# नए रूप में लौट आया है कोरोना

● रवि शंकर दुबे

भारत में साल 2020 से लेकर 2022 तक कोरोना की बदलती सूरत और देश के गंभीर हुए हालात को कौन भूल सकता है। जब किसी की मौत ऑक्सीजन न मिलने की वजह से हो रही थी, तो किसी की मौत अस्पताल में बेड की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण। मरने वालों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई थी, कि श्मशान घाटों पर कई-कई दिनों तक अंतिम संस्कार के लिए इंतजार करना पड़ रहा था। नदियों के किनारे लाशें जैसे कंकड़ के ढेर जैसी दिखाई पड़ रही थीं। मगर थोड़ा देर से ही सही स्थिति संभली और लोगों का वैक्सीनेशन हुई, तब कहीं जाकर स्थिति कंट्रोल में आ सकी थी। अब एक बार फिर कोरोना का नया वैरियंट बाहर आ गया है। हालांकि इसे पहले जितना खतरनाक तो नहीं कहा जा रहा है, मगर खुद को सुरक्षित रखने की सलाह जरूर दी जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के मुताबिक भारत में पिछले 7 दिनों यानी एक हफ्ते में कोरोना के 1761 मामले सामने आए हैं, जबकि 10 मौत हो चुकी हैं। जो नए वैरियंट COVID-19 New Jn-1 से संबंधित हो सकता है। हालांकि अभी सभी मामलों की पुख्ता पुष्टि नहीं की गई है। कोरोना के नए वैरिएंट JN-1 के कई मामले देश के अलग-अलग राज्यों से सामने आए हैं, केरल, गोवा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश में कोरोना के मामले सामने आने के बाद केंद्र और सभी राज्य सरकारों ने अलर्ट जारी किया है। डॉक्टर्स के अनुसार अगले 15 दिन बेहद अहम हैं, इस दौरान कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी देखने को मिल सकती है। डॉक्टरों ने नये वायरस से बुजुर्गों को सावधान रहने की नसीहत दी है। डॉक्टरों का कहना है कि नया वायरस पिछले वायरस से ज्यादा डेडली नहीं है, लेकिन फिर भी सावधानी जरूरी है। इस वैरियंट के बारे में जानने के लिए हमने दिल्ली साइंस फोरम और ऑल इंडिया पीपुल्स साइंस नेटवर्क से जुड़े डी. रघुनंदन से संपर्क किया, तो उनका कहना था कि ये समझना कि कोरोना खत्म हो चुका है, गलत होगा। हर वायरस का एक स्वभाव होता है, इसका भी है, जो धीरे-धीरे बदलता रहता है, और बदलता रहेगा। हालांकि इसमें ऐसी कोई बात नहीं है जो पिछले जैसा खतरनाक हो। कोई घबराने वाली बात इसलिए भी नहीं है। हम इस नए वैरियंट की दशा जानने के लिए उत्तर प्रदेश चलते हैं, तो पता चलता है, पिछले 7 महीने से सब कुछ ठीक था, मगर पिछले 4 दिनों के अंदर 7 से ज्यादा केस मिल चुके हैं।

पहले गाजियाबाद में एक मामला मिला, जहां शास्त्रीनगर से भाजपा पार्षद अमित त्यागी की आरटीपीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। इसके बाद दो और मामले संक्रमित पाए गए। नोएडा में भी नेपाल से भारत पहुंचा एक शख्स संक्रमित पाया गया। फिर राजधानी लखनऊ में भी कोरोना का एक मरीज मिला। 75 साल की महिला कोविड पॉजिटिव पाई गई हैं, उनका सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए केजीएमयू भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग महिला कुछ दिन पहले ही थाईलैंड से लौटी थीं। डब्ल्यूएचओ की पूर्व साइंटिस्ट डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मौसमी फ्लू जैसे इन्फ्लूएंजा ए(एचआईएन1 और एच3एन2), एडेनोवायरस, राइनोवायरस और रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस के कारण होने वाले श्वसन संक्रमण, मानसून से संबंधित बीमारियों का कारण बन सकते हैं क्योंकि इनके लक्षण भी कोविड-19 लक्षणों जैसे ही होते हैं। लक्षणों वाले हर व्यक्ति की टेस्टिंग करना संभव नहीं है इसलिए जिन्हें गंभीर लक्षण नजर आ रहे हैं, उनकी जांच करनी चाहिए। वहीं जो लोग हॉस्पिटल में एडमिट हैं और उन्हें गंभीर श्वसन संक्रमण या निमोनिया है, उनकी भी जांच करनी चाहिए।



ये COVID-19 New Jn-1 क्या है, इसके बारे में डब्ल्यूएचओ की ओर से यही कहा जा रहा है कि समझने के लिए अभी और अध्ययन की जरूरत है, मगर मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस सब-वैरिएंट की पहली बार पहचान इसी साल अगस्त में की गई थी। यह ओमिक्रॉन का सब-वैरिएंट BA.2.86 से बना है, 2022 की शुरुआत में BA.2.86 ही कोरोना के मामलों में वृद्धि का कारण था। BA.2.86 व्यापक रूप से नहीं फैला था, लेकिन इसने विशेषज्ञों को चिंतित कर दिया था क्योंकि BA.2.86 के स्पाइक प्रोटीन पर अतिरिक्त म्यूटेशन हुए थे और उसी तरह JN-1 के स्पाइक प्रोटीन में भी एक अतिरिक्त म्यूटेशन है। वहीं विशेषज्ञों की माने तो विश्व स्तर पर मामलों में बढ़ोतरी से पता चलता है कि JN-1 एक ओमिक्रॉन का सब-वैरिएंट है जो मजबूत इम्यूनिटी वालों को भी आसानी से संक्रमित कर सकता है, यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल यानी सीडीसी ने इसे यूएस में सबसे तेजी से बढ़ने वाला वैरिएंट बताया है। अगर इस वैरियंट के हो जाने की पहचान या लक्षण की बात करें तो वहीं पुरानी बीमारियां बताई जा रही हैं। जैसे बुखार, ठंड लगना, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, सांस लेने में कठिनाई, थकान, मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, स्वाद या गंध की हानि, गले में खराश, नाक बहना, मतली, उल्टी और दस्त जैसी चीजें हो सकती हैं। उधर उत्तर प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामले देख प्रोटोकॉल जारी कर दिया गया है। सर्दी, खांसी, जुकाम और सांस के रोगियों की विशेष निगरानी की जाएगी। ऐसे मरीजों के कोरोना टेस्ट कराए जाएंगे। अगर उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो सैंपल्स जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जाएगा। लक्षण वाले मरीजों को टेस्ट रिपोर्ट आने तक आइसोलेशन में रखने का निर्देश दिया गया है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों के लिए प्रोटोकॉल के पालन जरूरी होगा। भीड़ वाले स्थानों पर जाने वाले लोगों को सर्दी-जुकाम होने की स्थिति में कोरोना टेस्ट कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी सरकारी एवं प्राइवेट हॉस्पिटल्स और जिलों के चीफ मेडिकल ऑफिसर्स को सर्दी-खांसी वाले मरीजों पर खास निगरानी के निर्देश दिए गए है।

खैर, ये प्रशासन के प्रोटोकॉल हैं, मगर भूलना नहीं चाहिए कि अभी कुछ दिनों पहले जब प्रदेश में शीतकालीन सत्र चल रहा था, तब नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ये आरोप लगाए थे कि स्वास्थ्य के लिए बजट का 65 फिसदी अब भी खर्च नहीं किया गया है। इसके अलावा पिछले कुछ दिनों की उदाहरण लें तो लखनऊ के पीजीआई में आग लगने से 3 लोगों की मौत हो गई थी, एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने का दावा करने वाली सरकार की राज्य में एंबुलेंस धक्का लगाकर स्टार्ट की जा ही है, जिसकी तस्वीर पिछले दिनों कानपुर से आई ही थी। फिर बची-खुची कसर राजनीतिक ईर्ष्या से पूरी हो जाती है। इसका उदाहरण आप अमेठी के संजय गांधी अस्पताल से ले सकते हैं। जिसे कई महीनों तक बंद रखने के बाद फिर चालू किया गया है। खैर, कोरोना के आंकड़ों पर लौटते हैं और आपको बताते हैं कि जबसे देश में कोविड-19 की एंट्री हुई है, डब्ल्यूएचओ के मुताबिक तब से अबतक 4 करोड़ 50 लाख, 4 हजार 816 लोग इससे संक्रमित हो चुके हैं। जबकि 5 लाख 33 हजार 316 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा वक्त में देश में 3420 कोरोना के एक्टिव मामले हैं। जबकि अभी तक कोरोना से संक्रमित पाए गए 4 करोड़ 44 लाख 71 हजार 212 मरीज इलाज कराकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं। वहीं कोरोना काल की शुरुआत से लेकर अभी तक कोरोना के कारण 5 लाख 33 हजार 332 लोगों की मौत हो चुकी है। (साभार)

# आपका राशिफल

**पंडित तरुण झा**
**ज्योतिषचार्य**
**( ज्योतिष, वास्तु एवं रत्न विशेषज्ञ )**
**ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान**
**प्रताप चौक, सहरसा-852201,**
**( बिहार )**
**मो० :- 9470480168**




**मेष राशि :-** आपके लिए माह का प्रारंभ भले ही अधिक अच्छा न हो लेकिन अंत बहुत अच्छा होगा, हालांकि आपको संयम से काम लेना होगा, मध्य में यात्रा का योग रहेगा, थोड़ी बहुत आर्थिक परेशानी हो सकती है।


**वृषभ राशि :-** इस माह आपको अटका या पुराना पैसा मिल सकता है,वाणी में यदि मिठास रखेंगे तो लाभ होगा और मान सम्मान भी बढ़ेगा, समय को देखकर ही कोई निर्णय लें,कड़ी मेहनत करें।


**मिथुन राशि :-** पेट संबंधी कोई तकलीफ हो सकती है। दोस्तों से सहयोग मिल सकता है। इस माह प्रसन्नता के अधिक मौके मिलेंगे। धन की बचत करने की जरूरत है।


**कर्क राशि :-** किसी भी कार्य को लेकर या निर्णय लेते समय सावधानी रखें। क्रोध और खानपान पर नियंत्रण रखें। परिवार में यदि कोई घटना घटती है तो संयम से काम लें अपना आप न खोएं।


**सिंह राशि :-** इस माह कोई खुशखबरी मिल सकती है। कड़ी मेहनत करने से बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। संतान पर किसी भी प्रकार का खर्चा हो सकता है। अपनी सेहत का भी ध्यान रखें।


**कन्या राशि :-** इस माह किसी से परिचय होगा, जिससे लाभ की संभावना है। शिक्षा व लेखन कार्यों में रुचि का विस्तार होगा। यदि खेतीबाढ़ी है तो खर्च होगा। नौकरी पर ध्यान दें।


**तुला राशि :-** इस माह मान सम्मान बढ़ेगा। व्यापारी हैं या कृषि कार्य करते हैं तो इस माह लाभ होगा। छात्र हैं तो शिक्षा परीक्षा में सफलता मिलेगी। आपको वाणी पर नियंत्रण रखने की जरूरत है।


**वृश्चिक राशि :-** किसी भी प्रकार का वाद विवाद हो सकता है उसे टालने का प्रयास करें। यात्रा के योग बनेंगे।


**धनु राशि :-** परिवार में मतभेद के चलते वाद विवाद हो सकता है। संयम से काम लेंगे तो लाभ होगा। कुसंग से बचकर रहें अन्यथा नुकसान उठाना पड़ेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।


**मकर राशि :-** कृषि कार्यों में खर्चा होगा। व्यापारी है तो मीठी जुबान से काम लेंगे तो लाभ होगा। अपनी हैसियत के अनुसार ही लोगों के साथ व्यवहार करें। नौकरी में समय अनुकुल है।


**कुंभ राशि :-** कार्यक्षेत्र में इस माह व्यस्तता रहेगी। आर्थिक परेशानी खड़ी हो सकती है। अपनों का व्यवहार आपको दुखी कर सकता है। कृषक हैं तो समय का लाभ उठाएं। कड़ी मेहनत करें।


**मीन राशि :-** नौकरी में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, मेहनत का लाभ मिलेगा। शिक्षण कार्यों में खर्च करना होगा। व्यापार में मिलाजुला समय रहेगा। अपने व्यवहार को सुधारें।

# 14 फरवरी को होगी माँ सरस्वती की पूजा

● **निलेन्दु झा**

भारत के प्रसिद्ध ज्योतिष संस्थानों मे एक ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान सहरसा,बिहार के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी ने बतलाया है की माघ महीने शुक्ल पक्ष की पंचमी को सरस्वती पूजा के रूप में मनाया जाता है, इस दिन को वसंत पंचमी के तौर पर मनाने की भी परंपरा है, ऐसा माना जाता है कि माघ शुक्ल पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा विशेष फलदायी होती है और इस दिन माँ शारदा के पूजन का बहुत महत्व है, 14 फरवरी बुधवार को माँ शारदे की पूजा हो सकेगी! इस दिन भगवान श्री गणेश की पूजा के उपरान्त कलश स्थापना कर देवी सरस्वती का पूजन आरंभ करने का विधान है,सरस्वती स्तोत्र का पाठ देवी की प्रसन्नता और आशीर्वाद प्राप्ति के लिए किया जाना



चाहिए। विद्या-दात्री माँ शारदा का निम्न मंत्र से ध्यान करना चाहिए :-

**या कुंदेंदु-तुषार-हार-धवला, या शुभ्रा - वस्त्रावृता,**
**या वीणा - वार - दण्ड - मंडित - करा, या श्वेत - पद्मासना।**
**या ब्रह्माच्युत - शङ्कर - प्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दित,**
**सा मां पातु सरस्वती भगवती निः शेष - जाड्यापहा॥**

☞ **सरस्वती पूजा मंत्र का 108 बार जाप करें :-**

**या देवी सर्वभूतेषु बुद्धि-रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥**

शास्त्रों के अनुसार वे भगवान ब्रह्मा की अर्धांगिनी हैं और इसीलिए ब्रह्मा को वागीश (वाक् या वाणी का स्वामी) भी कहा जाता है।●

शिवानंद गिरि
( अधिवक्ता )
Ph.- 9308454485
7004408851
E-mail :-shivanandgiri5@gmail.com



### ✯ पैरोल क्या है?

पैरोल आपराधिक न्याय प्रणाली का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इसका अर्थ होता है किसी सजायाफ्ता कैदी को सजा पूरी होने से पहले कुछ वक्त के लिए या पूरी तरह रिहा कर दिया जाना। हालांकि पैरोल देते वक्त कैदी के अच्छे व्यवहार को ध्यान में रखा जाता है। साल 1894 के जेल अधिनियम और 1900 के कैदी अधिनियम के तहत पैरोल की प्रक्रिया निर्देशित होती है। इसी के मुताबिक हर राज्य में पैरोल दिशा-निर्देशों का अपना सेट होता है, जो एक-दूसरे से थोड़ा भिन्न होता है। पैरोल सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका मकसद कैदियों को समाज से फिर से जोड़ना होता है। ये दो प्रकार का होता है- कस्टडी पैरोल और रेगुलर पैरोल । कस्टडी पैरोल के अंतर्गत दोषी अथवा अपराधी को किसी विशेष स्थिति में जेल से बाहर लाया जाता है, और उस समय वह पुलिस कस्टडी में ही रहता है। पुलिस का सुरक्षा घेरा उसके साथ होता है, जिससे कि वह फरार ना हो सके। इस प्रकार की पैरोल अपराधी को तब दी जाती है, जब उसके परिवार में किसी खास रिश्तेदार की मौत हो जाती है, या फिर उसके परिवार में किसी विशेष व्यक्ति की शादी होती है। उसके परिवार में यदि कोई बीमार होता है, या फिर कोई भी ऐसी परिस्थिति जो कि अपराधी के लिए बहुत आवश्यक है, तो उस अपराधी को पैरोल पर कुछ घंटों के लिए बाहर लाया जाता है।

रेगुलर पैरोल की स्थिति में वह अपराधी जिसे सजा सुनाई जा चुकी होती है, तो वह रेगुलर पैरोल के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए आवश्यक है, कि वह अपराधी कम से कम एक साल की सजा जेल में काट चुका हो, और जेल में उस अपराधी का व्यवहार अच्छा हो। इसके अलावा यदि वह पहले भी जमानत पर रिहा हो चुका है तो उसका ऐसा रिकॉर्ड होना चाहिए कि उस जमानत के दौरान अपराधी ने कोई अन्य अपराध ना किया हो। रेगुलर पैरोल एक साल में कम से कम एक महीने के लिए दी जा सकती है। रेगुलर पैरोल भी कुछ खास परिस्थितियों में ही दी जा सकती है। उदाहरण के तौर पर सजायाफ्ता के परिवार में कोई बीमार हो, किसी विशेष व्यक्ति का परिवार में विवाह हो या फिर किसी परिस्थिति में मकान की मरम्मत करानी बहुत जरुरी हो, यदि परिवार में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गयी हो, यदि पत्नी गर्भवती हो और डिलीवरी होनी हो और घर में कोई और व्यक्ति देख रेख के लिए ना हो और इसके अलावा किसी और प्रकार का ऐसा काम हो जिसे पूरा किया जाना अपराधी के लिए जरुरी हो जैसे कि अपना वसीयत तय करना। इसके अलावा भी रेगुलर पैरोल मिलने के लिए कई कानूनी नियम एवं शर्तें होती हैं। उदाहरण के लिए राम रहीम को रेगुलर पैरोल पर ही छोड़ा गया था। कुछ ऐसी भी परिस्थितियां होती हैं जब पैरोल के आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है उदाहरण के तौर पर :-

1. अगर अपराधी का व्यवहार जेल में संतोषजनक ना हो
2. यदि अपराधी पहले कभी पैरोल पर बाहर आया हो और उसने पैरोल की शर्तों का का उल्लंघन किया हो
3. बेहद ही गंभीर अपराध किया हो जैसे कि बलात्कार के बाद हत्या, देशद्रोह और आतंकवादी गतिविधि में शामिल होना आदि

पैरोल के जैसा ही एक फरलॉ होता है इसमें भी कैदियों को कुछ समय के लिए रिहा किया जाता है। लेकिन पैरोल और फरलों में कुछ मूलभूत अंतर होता है जैसे कि पैरोल किसी भी कैदी का अधिकार नहीं होता जबकि फरलॉ कैदी का अधिकार माना जाता है। पैरोल मिलने की कुछ उचित वजह होती हैं और रिहाई के बाद दोषी को तय वक्त में अधिकारियों के आगे हाजिरी लगानी होती है। वहीं फरलॉ लंबे वक्त के लिए सजा काट रहे कैदियों को एक तय समय में दी जाने वाली छुट्टी होती है। इसका मकसद लंबे वक्त तक सजा काटने से पड़ने वाले बुरे असर को दूर करना और सामाजिक रिश्ते बनाए रखना होता है। फरलॉ को सजा में माफी के तौर पर भी देखा जाता है।

### ✯ पैरोल और फरलो के बीच क्या होता है अंतर?

फरलो और पैरोल के बीच मुख्य अंतर इस प्रकार हैं:-

☞ फरलो और पैरोल के बीच मुख्य अंतर यह होता है कि फरलो जेल से एक निर्दिष्ट समय अवधि के लिए दी गई छुट्टी होती है। दूसरी ओर, पैरोल शर्तों पर जेल की सजा का निलंबन है।

☞ फरलो एक कैदी का अधिकार होता है और उसे समय-समय पर प्रदान किया जाता है। कभी-कभी यह बिना किसी कारण के उसके परिवार के साथ संपर्क बनाए रखने के आधार पर भी प्रदान किया जाता है। पैरोल कैदी का अधिकार नहीं होता है और विशिष्ट आधार पर दिया जाता है। कभी-कभी सभी आधारों पर संतुष्ट होने पर भी सक्षम प्राधिकारी उसे पैरोल नहीं दे सकता है, क्योंकि उसे समाज में छोड़ना समाज के हित के विरुद्ध हो सकता है।

☞ अल्पावधि कारावास से संबंधित मामलों में पैरोल दी जाती है, जबकि फरलो लंबी अवधि के कारावास के मामलों में दी जाती है।

☞ फरलो उप महानिरीक्षक कारागार द्वारा प्रदान किया जाता है, जबकि पैरोल की ग्रांटिंग डिवीजनल कमिश्नर द्वारा की जाती है।

☞ पैरोल देना कारणों पर आधारित होता है, जबकि फरलो बिना किसी कारण के भी दी जा सकती है।

☞ एक अपराधी को कितनी बार पैरोल मिल सकती है, इसकी कोई सीमा निर्धारित नहीं होती है। वहीं फरलो के मामले में एक समय सीमा निर्धारित होती है और यह प्रत्येक राज्य के नियमों में निर्धारित प्रक्रिया पर आधारित होती है।

☞ दोषी की सजा फरलो अवधि के साथ चलती है। पैरोल के मामले में छुट्टी के दिनों को सजा की अवधि में शामिल नहीं किया जाता है।

☞ पैरोल की अवधि अधिकतम एक महीने तक होती है, जबकि फरलो की अवधि 14 दिनों तक होती है।

☞ पैरोल के लिए प्राधिकरण संभागीय आयुक्त होता है और फरलो के मामलों में यह जेलों का उप महानिरीक्षक होता है।

☞ पैरोल देने का एक आवश्यक कारण होता है। वहीं फरलो के मामले में यह आवश्यक नहीं होता है, क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य कारावास की एकरसता को तोड़ना और बाहरी दुनिया से संपर्क बनाए रखना है।

☞ पैरोल कई बार दी जा सकती है लेकिन फरलो की एक सीमा होती है। समाज के हित में फरलो से इनकार भी किया जा सकता है।

☞ फरलो की अनुमति नियम 3 और नियम 4 द्वारा विनियमित होती है, जहाँ नियम 3 कारावास की विभिन्न अवधियों वाले कैदियों के लिए फरलो प्रदान करने के लिए पात्रता मानदंड प्रदान करता है, वहीँ नियम 4 सीमाएं लगाता है। नियम 3 में 'रिलीज किया जा सकता है' की अभिव्यक्ति का उपयोग पूर्ण अधिकार की अनुपस्थिति को इंगित करता है। नियम 17 में इस पर और जोर दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि उक्त नियम कैदी को छुट्टी पर रिहाई का दावा करने का कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करते हैं।

☞ पैरोल और फरलो दोनों की रिहाई शर्तों पर होती हैं। छोटी अवधि के कारावास के मामले में पैरोल दी जा सकती है जबकि फरलो लंबी अवधि के कारावास के मामले में दी जाती है। पैरोल की अवधि एक महीने तक होती है जबकि फरलो के मामले में यह अधिकतम चौदह दिनों तक ही होती है।



गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त भारतवासियों को हार्दिक बधाई।
METHODIST HOSPITAL
PRATAPSAGAR BUXAR
मेथोडिस्ट हॉस्पीटल
प्रताप सागर,
बक्सर-802101 (बिहार)
-: सुविधाएँ :-
सभी सुविधाओं से लैश। मुफ्त रेलवे पास। गरीब रोगियों को विशेष छूट।
डॉ0 आर.के. सिंह




Ashirwad
आशीर्वाद
स्व-तंत्र अलौकिक चिकित्सालय
Badauan, Gaya (Bihar)
डायबिटीज, गठिया, चर्मरोग, पथरी, एक्जिमा, गैस्ट्रिक, माइग्रेन, बांझपन, ल्यूकोरीया, थायराइड, मोटापा, श्वास, बवासीर, इत्यादि जटिल रोगों का उपचार करा कर थक चुके हैं, तो सम्पर्क कर सकते हैं :-
Dr. Mantu Mishra
फोन नंबर :- 9939978397
समय :- सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक




GSTIN : 10KEPD0123PIZP
उत्तर भारत का COOKIE MAKER, सीवान में पहली बार
आपके लिए लेकर आया है
Cookie का बेहतर श्रृंखला
PRATIK ENTERPRISES
राजपुर (रघुनाथपुर) में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा रस्क, बिस्कुट, बर्गर, मीठा ब्रेड, वंद, क्रीम रोल, पेटीज और बर्ड डे केक, पार्टी केक ग्राहकों के मनपसंद तैयार किया जाता है।
शुद्धता एवं स्वाद की 100% गारंटी
किसी भी अवसर पर
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।
प्रतीक फुड कंपनी
प्रतीक इंटरप्राइजेज, प्रतीक पतंजलि
राजपुर, रघुनाथपुर, सीवान (बिहार)
-: सौजन्य से :-
ब्रजेश कुमार दुबे
Mob.-9065583882, 9801380138

# WESTERLIN DRUGS PVT. LTD.
## (Serving nation since 1990)




WESTOCITRON
WESTOCLAV
WESTOFERON
WESTOPLEX
QNEMIC

AOJ
AZIWEST
DAULER
MUCULENT
AOJ-D
BESTARYL-M
GAS-40
MUCULENT-D













SEVIPROT
WESTOMOL
WESTO ENZYME
ZEBRIL

WESTERLIN DRUGS PVT. LTD.
WD
Dispersing Happiness

## WESTERLIN DRUGS PVT. LTD.

Industrial area, Fatuha-803201
E-mail- westerlindrugsprivatelimited@gmail.com
Phone No.:0162-3500233/2950008